www.anantgyaan.in

सूर्योदय 7:12 सूर्यास्त 5:54

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 2.03 न्यू | 13.02 अधि |
| धर्मशाला | 5.02 न्यू | 16.05 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 71060.31 |
| निफ्टी | 21454.00 |
| सोना 63,150 | चांदी 75,300 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



धर्मशाला | वीरवार, 25 जनवरी 2024 | 12 माघ, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 38 कुल पृष्ठ 16 मूल्य : 5 रुपए | 'स्पिनबॉल' वर्सेस 'बैजबॉल', भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट आज से ...पेज 15

## न्यूज शॉर्ट्स

### ज्ञानवापी एएसआई सर्वे की सार्वजनिक होगी रिपोर्ट

**वाराणसी।** ज्ञानवापी मामले में वाराणसी कोर्ट की ओर से एएसआई सर्वे की रिपोर्ट सभी पक्षकारों को हार्ड कॉपी दी जाएगी। कोर्ट ने यह आदेश दिया है। इससे पहले रिपोर्ट को ई-मेल पर दिए जाने पर भी बातचीत की गई थी, लेकिन कोर्ट ने इससे इनकार कर दिया। अब पक्षकारों को रिपोर्ट के लिए आवेदन करना होगा और उसके बाद रिपोर्ट की हार्ड कॉपी की प्रतिलिपि बनाकर पक्षकारों को सौंपी जाएगी। ज्ञानवापी मामलों के सभी केसों की अगली सुनवाई छह फरवरी को होगी।

### एयर इंडिया पर लगा 1.10 करोड़ रुपए का जुर्माना

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया पर 1.10 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। डीजीसीए ने एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया पर यह जुर्माना सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के आरोप में लगाया है। विमान नियामक के मुताबिक, एक एयरलाइन कर्मचारी से स्वैच्छिक सुरक्षा रिपोर्ट मिली थी। इस रिपोर्ट में एयर इंडिया एयरलाइन पर कुछ लंबी दूरी के महत्वपूर्ण मार्गों पर उड़ानों में सुरक्षा उल्लंघन का आरोप लगाया था।

### पाकिस्तान में 4.3 तीव्रता के भूकंप से फिर कांपी धरती



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बुधवार शाम चार बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.3 दर्ज की गई थी। जानमाल के नुकसान की अभी कोई जानकारी नहीं है।

## टॉप स्टोरीज

58 प्रतिशत स्टाफ के सहारे काम चला रही मंडी एचआरटीसी ...पेज 2

आयरलैंड की आजादी के महानायक की मौत का गवाह है सोलन ...पेज 3

असम के सीएम को पीएम मोदी रिमोट से कंट्रोल करते हैं: राहुल गांधी ...पेज 16

**अनुभवी स्टाफ चाहिए**

प्रदेश के उभरते मीडिया ग्रुप 'अनंत ज्ञान' को हिमाचल में संपादकीय, डिजिटल मीडिया, मार्केटिंग और सर्कुलेशन विभाग में अनुभवी स्टाफ चाहिए। वेतन योग्यतानुसार।

'अनंत ज्ञान' को प्रदेश में 100 जुझारू और ऊर्जावान युवाओं की जरूरत है। न्यूनतम योग्यता आठवीं पास हो। आवेदन जल्द से जल्द करें।

अपने सीवी भेजें

मोबाइल नंबर: 8894521702

ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

**एजेंसी लेने एवं अनंत ज्ञान की प्रति न मिलने पर**

निम्न नंबरों पर संपर्क करें :

मंडी-कुल्लू : 88949-01670

कांगड़ा-चंबा : 98166-45634, 98052-49634

ऊना-हमीरपुर-बिलासपुर : 82192-07770

सोलन-शिमला, सिरमौर 98160-10065



**अपार श्रद्धा :** सुबह सात बजे से रात 11 बजे तक भक्त कर सकेंगे दर्शन, सीएम योगी की अपील : अयोध्या आने से सात दिन पहले बताएं वीवीआईपी

# उम्मीद से पांच गुना ज्यादा भीड़, 200-200 के जत्थे में करवाए जा रहे दर्शन

एजेंसी, अयोध्या

**अयोध्या** में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन बुधवार को भी भारी संख्या में श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए पहुंचे। आज प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा। सिर्फ 200-200 के जत्थे में श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए भेजा गया। इतना ही नहीं राम जन्मभूमि पथ पर जाने वाले सभी अन्य मार्गों को पूर्ण रूप से बंद कर दिया है। रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब देखने को मिला। होटल, पंडाल, धर्मशाला और आश्रम पूरी तरह भर गए हैं। बस अड्डे और रेलवे स्टेशन पर भी कहीं पैर रखने की जगह नहीं बची है।

भक्तों की भारी भीड़ देखते हुए मंदिर प्रशासन ने भक्तों से अनुरोध किया है कि वे हड़बड़ी में तुरंत दर्शन के लिए न आएं, बल्कि वे बाद में दर्शन के लिए पहुंचें, जिससे व्यवस्था बनाने में सहूलियत हो।

**मंदिर प्रशासन का अनुरोध, हड़बड़ी में दर्शन के लिए न आएं**



### मुख्यमंत्री योगी ने की इंतजामों की समीक्षा

**सीएम** योगी ने अयोध्या में दर्शन के इंतजाम की समीक्षा की। उन्होंने वीवीआईपी से अपील करते हुए कहा कि अयोध्या आने से एक सप्ताह पहले राज्य सरकार, मंदिर ट्रस्ट और स्थानीय प्रशासन को बताएं, तो अच्छा रहेगा।

इसके अलावा, मंदिर के आसपास पब्लिक ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था भी बेहतर करने के निर्देश दिए। वहीं, मंदिर प्रशासन ने दर्शन का समय बढ़ा दिया है। अब श्रद्धालु सुबह सात बजे से रात 11 बजे तक रामलला के दर्शन कर सकेंगे।

### पुरुषों और महिलाओं के लिए बनाए तीन-तीन द्वार

**मंदिर** में दर्शन के लिए प्रवेश करने के लिए अभी तक एक द्वार पुरुषों के लिए और एक द्वार महिलाओं के लिए बनाया गया था। इसे बढ़ाकर अब तीन द्वार पुरुषों के लिए और तीन द्वार महिलाओं के लिए बनाए गए हैं। अनुमान है कि अब अयोध्या पहुंचने वाले सभी भक्तों को दर्शन आसानी से हो सकेंगे। प्रतिदिन आने वाले भक्तों के लिए बेहतर व्यवस्था बनाई जा रही है।

# प्रदेश में खुलेंगे तीन नए नर्सिंग कॉलेज, केंद्र की मिली मंजूरी

## अब सरकारी क्षेत्र में 300 और नई छात्राएं कर सकेंगी नर्सिंग

अरविंद शर्मा, शिमला

**हिमाचल** में जल्द ही तीन नए नर्सिंग कॉलेज खुलने जा रहे हैं। चंबा, हमीरपुर और नाहन में खुलने वाले इन कॉलेजों के लिए मार्ग प्रशस्त हो गया है।

कॉलेज खोलने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 27 करोड़ रुपए जारी कर दिए हैं। लंबे समय से प्रदेश में इन तीन नए नर्सिंग कॉलेज खोलने की राज्य सरकार की ओर से तैयारी की जा रही थी।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के स्वास्थ्य विभाग ने डीपीआर बनाकर भेजी थी। इसके बाद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बीते दिनों केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात की थी और इन कॉलेजों को खोलने के लिए जरूरी आवश्यकताओं से केंद्रीय मंत्री को भी अवगत करवाया था। (अनंत ज्ञान)

- **केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी किए 27 करोड़**
- **चंबा, हमीरपुर और नाहन में खोले जाएंगे ये कालेज**

### जल्द शुरू होगी प्रक्रिया

**अब** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से राशि को मंजूरी मिलने के बाद इन कॉलेजों को जल्द खोलने की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। मंजूरी के बाद सबसे पहले तीनों नर्सिंग कॉलेजों में आधारभूत ढांचा विकसित किया जाएगा। प्रत्येक कॉलेज को नौ-नौ करोड़ रुपए की राशि वितरित होगी, जिससे नर्सिंग कॉलेज का ढांचा बनेगा।

हिमाचल में 12वीं की परीक्षा पास करने के बाद बड़ी संख्या में छात्राएं नर्सिंग और मिडवाइफ के कोर्स कर रही हैं। निजी संस्थानों में नर्सिंग का कोर्स करने के लिए चार लाख रुपए से ज्यादा खर्च आता है। इसमें हॉस्टल, वर्दी व अन्य खर्चे भी शामिल हैं। हजारों छात्राएं ये कोर्स कर रही हैं। हालांकि, सरकारी कॉलेजों में फीस कम है। इसमें एक साल का खर्च करीब 70 हजार के पास रहता है। हिमाचल में नए नर्सिंग कॉलेज खुलने से अब सरकारी क्षेत्र में 300 और नई छात्राएं कोर्स कर सकेंगी।

### प्रत्येक कॉलेज में होंगी 100-100 सीटें

**प्रदेश** को मिले तीन नए कॉलेजों में 300 नर्सिंग की छात्राओं को पढ़ने का मौका मिलेगा। प्रत्येक कॉलेज में 100 नर्सिंग की छात्राएं अध्ययन कर सकेंगी। वर्तमान में हिमाचल में इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) और मंडी में दो ही सरकारी नर्सिंग कॉलेज हैं, जबकि नर्सिंग स्कूलों की संख्या 15 से ज्यादा है। इसके साथ ही राज्य में आठ मल्टीपर्पज इंस्टीट्यूट हैं, जबकि 48 नर्सिंग कॉलेज निजी क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं।

> राज्य में तीन नए नर्सिंग कॉलेज खोलने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से 27 करोड़ की मंजूरी दी गई है। हाल ही में दिल्ली दौरे के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया के समक्ष यह मामला उठाया था। इससे पहले मंत्रालय को विभाग की ओर से प्रपोजल भेजी गई थी। इस संबंध में बजट की चिट्ठी विभाग को भेजी गई है।
>
> **-सुखविंद्र सिंह सुक्खू, मुख्यमंत्री।**

### सीएम सुक्खू ने किए चार हेलिपोर्ट के लिए 13 करोड़ स्वीकृत



**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा जिले के रक्कड़, पालमपुर व किन्नौर जिले के रिकांगपिओ और चंबा में हेलिपोर्ट के निर्माण के लिए 13 करोड़ रुपए की धनराशि जारी करने को स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर एयर कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान करने के दृष्टिगत राज्य सरकार प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में हेलिपोर्ट के निर्माण को प्राथमिकता प्रदान कर रही है। हिमाचल की विशिष्ट भौगोलिक परिस्थितियों के दृष्टिगत राज्य में हेलिपोर्ट के निर्माण से जहां पर्यटकों के आवागमन में सुविधा होगी, वहीं स्थानीय निवासियों को अपातकालीन स्थितियों में शीघ्र सहायता उपलब्ध करवाई जा सकेगी। पर्यटन अधोसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

14 से 29 फरवरी तक विधानसभा बजट सत्र

## मुख्यमंत्री सुक्खू 17 को पेश करेंगे आम बजट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



**हिमाचल** प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 14 फरवरी से होगा। बजट सत्र 29 फरवरी तक चलेगा। बजट सत्र के दौरान कुल 13 बैठकें होंगी। दो दिन गैर सरकारी कार्य दिवस होगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 17 फरवरी को अपने मौजूदा कार्यकाल का दूसरा बजट पेश करेंगे। बजट सत्र का आगाज राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के अभिभाषण के साथ होगा।

15 फरवरी को सत्र के दूसरे दिन मुख्यमंत्री सुक्खू अनुपूरक बजट सदन में पेश करेंगे। इसके बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू होगी। 16 फरवरी को सदन में अनुपूरक बजट का पारण होगा। साथ ही राज्यपाल के अभिभाषण पर सत्ता पक्ष की तरफ से लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के बाद इसे पारित किया जाएगा।

- **कुल 13 बैठकें होंगी**
- **दो गैर सरकारी कार्य दिवस**

### 19 फरवरी से बजट अनुमानों पर चर्चा

19 फरवरी से बजट अनुमानों पर चर्चा शुरू होगी। 20 और 21 फरवरी को बजट पर सदन में चर्चा जारी रहेगी। 22 फरवरी को गैर सरकारी सदस्य दिवस होगा। 23 फरवरी को बजट पर चर्चा का समापन मुख्यमंत्री के जवाब के साथ होगा। 24 व 25 फरवरी को अवकाश होगा। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि 26 फरवरी को सदन में बजट मांगों पर मतदान होगा। 27 फरवरी से सदन में मांगों अर्थात कटौती प्रस्तावों पर चर्चा का आगाज होगा। 28 को गैर सरकारी सदस्य दिवस होगा। बजट सत्र के अंतिम दिन 29 फरवरी को मांगों पर चर्चा के बाद इन्हें पारित किया जाएगा।

समूचा प्रदेश ठंड की चपेट में, 24 घंटे में सक्रिय होगा पश्चिम विक्षोम

## हिमाचल के नौ शहरों का माइनस में पारा, मैदानों में घना कोहरा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश में ठंड कहर बरपा रही है। समूचा प्रदेश भीषण सर्दी की जद में आ गया है। पहाड़ों से लेकर मैदानी भागों में पारा जमाव बिंदु के नीचे चला गया है। मैदानी क्षेत्रों में घना कोहरा छा रहा है। राज्य के कुछ क्षेत्रों में 25 से 30 जनवरी तक बारिश और बर्फबारी होने की संभावना जताई है।

वहीं, दो दिन तक मंडी, बिलासपुर, ऊना, कांगड़ा, सिरमौर और सोलन जिले में घना कोहरा छाए रहने का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक, राज्य के नौ शहरों का न्यूनतम तापमान माइनस और चार अन्य शहरों का शून्य डिग्री के करीब दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा।

### इन जिलों में तापमान माइनस में

**लाहौल-स्पीति,** किन्नौर, शिमला, बिलासपुर, ऊना और मंडी जिले का तापमान माइनस में है। लाहौल-स्पीति जिले का कुकुमसेरी सबसे ठंडा स्थल रहा, जहां न्यूनतम तापमान -10.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा समदो में -5.3 डिग्री, कल्पा में -3.5 डिग्री, नारकंडा में -1.4 डिग्री, ऊना में -1.2 डिग्री, बरठीं में -0.6 डिग्री, रिकांगपिओ व सुंदरनगर में -0.5, सियोबाग में -0.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। मंडी में शून्य, सोलन में 0.3, कुफरी में 0.5 और सराहन में एक डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## रूस का प्लेन क्रैश, यूक्रेन के युद्धबंदियों समेत 74 की मौत

### रूस ने कहा- यूक्रेन ने एयरक्राफ्ट पर मिसाइल दागी

एजेंसी, मॉस्को



रूस का एक सैन्य विमान बुधवार को यूक्रेन की सीमा के नजदीक बेलगोरोड इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में 74 लोग मारे गए। मारे गए लोगों में 65 यूक्रेनी कैदी और नौ रूसी क्रू मेंबर शामिल हैं।

प्लेन क्रैश होने के बाद रूस की डिफेंस मिनिस्ट्री ने बयान में कहा कि यूक्रेन की तरफ से दागी गई मिसाइल एयरक्राफ्ट से टकराई। यूक्रेन ने अपने ही नागरिकों को मौत के घाट उतार दिया। इन्हें कैदियों की अदला-बदली के समझौते के तहत बेलगोरोद ले जाया जा रहा था।

यह आतंकी हमला है। दूसरी तरफ, यूक्रेन ने कहा कि यह रूस की साजिश हो सकती है। हमने अपनी मिलिट्री टीम मौके पर भेजी है। जांच के बाद पूरी जानकारी देंगे। हादसा पश्चिमी बेलगोरोद क्षेत्र में रूसी समय के मुताबिक, बुधवार सुबह करीब 11 बजे हुआ। गवर्नर वाएशेलव ग्लाडकोव ने हादसे की पुष्टि की। यह रूस का आईएल-76 मिलिट्री ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट है। एक वीडियो में रूसी मिलिट्री का एक ट्रांसपोर्ट प्लेन अचानक तेजी से नीचे आते हुए और एक छोटी रिफाइनरी से कुछ दूरी पर क्रैश होते हुए देखा जा सकता है।

### रिहाई के बदले छोड़ने थे 65 यूक्रेनी सैनिक

**आआईए** नोवोस्ती न्यूज एजेंसी ने रूस के रक्षा मंत्रालय के हवाले से बताया कि विमान में यूक्रेन के 65 सैनिक थे, जिन्हें पहले बंदी बनाया गया था। इन्हें करार के तहत रूसी सैनिकों की रिहाई के बदले छोड़ा जा रहा था। यह एक्सचेंज यूक्रेन बॉर्डर पर होना था। विमान में छह क्रू मेंबर्स और तीन एस्कॉर्ट्स भी सवार थे।

### खड़गे ने शाह को लिखी चिट्ठी, असम में राहुल को खतरा



**गुवाहाटी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने असम में राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। पत्र में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के 18 जनवरी को असम में एंट्री के बाद 22 जनवरी तक राहुल की सुरक्षा में चूक की पांच घटनाओं का जिक्र है। खड़गे ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री और वहां के डीजीपी को आप निर्देश दें ताकि कोई अनहोनी की स्थिति न बने।

यात्रा के विरोध में भाजपा समर्थक राहुल के काफिले के बिलकुल नजदीक पहुंच जा रहे हैं। ऐसे में राहुल को भी मजबूरन अपनी सुरक्षा को दरकिनार कर बाहर आना पड़ता है। राहुल को जेएड प्लस सिक्योरिटी मिलनी चाहिए।

**प्रमाण** टांकरी लिपि पढ़ी जाने से इतिहास संजोने में मिलेगी मदद, छोटी काशी के मंदिरों की शिलाओं में अंकित है टांकरी लिपि

# पंचवक्त्र मंदिर में मिला वर्षों पुराना टांकरी लेख

अनिल शर्मा, मंडी

**भीषण** आपदा में हिमालय की तरह अडिग रहे ऐतिहासिक पंचवक्त्र मंदिर मंडी में वर्षों पुराना टांकरी का शिलालेख देखने को मिला। यह शिलालेख मंदिर के बाहर लगा हुआ है और इस पर श्री सदा शिवा रे आदि लिखा हुआ है।

गौर हो कि ब्यास नदी की दूसरी ओर त्रिलोकीनाथ मंदिर में शारदा लिपि का भी एक लेख प्राप्त हुआ है। दोनों ही मंदिरों में दुर्लभ लिपियां मौजूद हैं। हालांकि, पंचवक्त्र मंदिर के अंदर विशाल स्तंभ पर शारदा लिपि से भी पुरानी लिपि मिली है, जिसे अभी तक पढ़ा नहीं गया है। मंदिर के अंदर एक मूर्ति के ऊपर भी प्राचीन लिपि में इबारत अंकित है, जिसके स्पष्ट न होने के कारण पढ़ने में कठिनाई आ रही है। (अनंत ज्ञान)



### बदले हैं मंडयाली के कुछ शब्द

**टांकरी** के अध्ययन से इस बात का भी खुलासा हुआ है कि मंडयाली भाषा जो वर्तमान में बोली जाती है, उस जमाने में उसके कुछ शब्द आदि अलग तरीके से बोले जाते थे और उसी बोली में टांकरी लिखी गई है। वर्तमान में मंडयाली बहुत ही सरल हो गई है, जबकि टांकरी दस्तावेजों में मिली मंडयाली के कुछ शब्दों को बोलने में अध्ययन की आवश्यकता पड़ रही है।

### प्राचीन तक्षशिला विश्वविद्यालय और छोटी काशी मंडी का गहरा नाता

**800** वर्ष से अधिक पुरानी टांकरी लिपि के प्राचीन तक्षशिला विश्वविद्यालय के अवशेषों में भी प्रमाण मिले। बता दें कि छोटी काशी मंडी में टांकरी के बहुत से लेख, शिलालेख और ताम्रपत्र प्राप्त हुए हैं। करीब 800 वर्ष से अधिक पुरानी टांकरी लिपि के प्राचीन तक्षशिला विश्वविद्यालय के अवशेषों में भी प्रमाण मिले हैं। सिंधु-सरस्वती सभ्यता और पाक अधिकृत कश्मीर में मिले कुछ अवशेषों में भी टांकरी लिपि को अंश प्राप्त हुए हैं। शोधार्थियों का मानना है कि प्राचीन तक्षशिला विश्वविद्यालय और छोटी काशी मंडी का गहरा नाता रहा है। मंडी में टांकरी के साथ-साथ खरोष्ठी, शारदा और ब्रह्मी लिपि के कुछ अंश प्राचीन मंदिरों के अवशेषों पर मिले हैं। शोधार्थी नौबाही की सातलखी धार, संग्रोह गांव, जुकैण मठ और ठैर में लिपियों को ढूंढने का अपना शोध कार्य आरंभ कर चुके हैं।

**अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव**

### बरसेला पर प्राचीन टांकरी लिपि में 400 वर्ष पुराना रिकॉर्ड

**बरसेला** मंडी मंगवाई में टांकरी लिपि में 400 वर्ष पुराना रिकॉर्ड मिला है, जिसे पढ़ लिया गया है। टांकरी लिपि के अनुवाद से यह बात सामने आई कि राजा सिद्ध सेन का बरसेले पर श्री संवत तीन कतक प्रविष्टे आठ श्री देवाण श्री सीध सैन सरगलोका जो गयाष लिखा गया है और यह 10 फुट ऊंचा, दो फुट, दो इंच चौड़ा और आठ इंच मोटा है। इस बरसेला में राजा सिद्ध सेन की प्रतिमा के साथ दो रानियां और 26 दासियों की प्रतिमाएं बनी हुई हैं।

> **पंचवक्त्र** मंदिर में टांकरी में शिलालेख मिला है, जिस पर श्री सदाशिवा रे लिखा है, आधा समय के कालचक्र में घिस चुका है।
>
> त्रिलोकीनाथ मंदिर में शारदा लिपि में लेख प्राप्त हुआ है। टांकरी लिपि को सहेजने के लिए टांकरी में डिप्लोमा शुरू होना चाहिए, ताकि इस पर शोध किया जा सके। एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत भी इस पर कार्य होना चाहिए।
>
> **-पारुल आरोड़ा, टांकरी लिपि प्रशिक्षण केंद्र संचालक मंडी।**

### पश्चिम बंगाल में अकेले चुनाव लड़ेगी ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 2024 लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा की है। ममता ने कहा कि पश्चिम बंगाल में सीट शेयरिंग को लेकर कांग्रेस ने मेरा प्रस्ताव ठुकराया दिया। हम बंगाल में अकेले चुनाव लड़ेंगे।

### पंजाब में 'आप' भी अकेले उतरेगी मैदान में

चंडीगढ़। पंजाब में विपक्षी गठबंधन को झटका लगा है। सीएम भगवंत मान ने कांग्रेस से गठबंधन की अटकलों को दरकिनार कर पंजाब में सभी 13 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। यहां लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ने पर सहमति नहीं बनी है।

## मंडी रीजन से हर रोज 30160 किमी पर 160 गाड़ियां 156 रूटों से उठाती हैं सवारियां, 30 प्रतिशत ड्राइवरों और 33 प्रतिशत कंडक्टरों की कमी

# 58 प्रतिशत स्टाफ के सहारे काम चला रही मंडी एचआरटीसी

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

हिमाचल पथ परिवहन निगम मंडी इन दिनों लगभग 58 प्रतिशत स्टाफ के सहारे ही अपना गुजारा कर रहा है। सर्वाधिक आवश्यक स्टाफ ड्राइवरों और कंडक्टरों की भी भारी कमी चल रही है। आलम यह है कि लगभग मंडी रीजन से 30160 किलोमीटर पर 160 गाड़ियां 156 रूटों पर अपनी सेवाएं देती हैं।

उल्लेखनीय है कि हिमाचल पथ परिवहन निगम से पहले यहां पर हिमाचल गवर्नमेंट ट्रांसपोर्ट के नाम से परिवहन की सुविधा सरकार की ओर से मुहैया करवाई जाती थी। दो अक्तूबर 1974 को हिमाचल पथ परिवहन निगम के अस्तित्व में आने के पश्चात दिनों दिन सड़कों की लंबाई, परिवहन के रूट, गाड़ियों का जमावड़ा और सब कुछ संसाधनों में बढ़ोतरी हुई। इसके चलते हजारों यात्री हर रोज परिवहन की गाड़ियों में सफर करते हैं। जानकारी के अनुसार परिवहन के मंडी क्षेत्र के अंतर्गत 30160 किलोमीटर सड़क कवर होती हैं। इन सड़कों पर परिवहन की ओर से 156 रूट स्वीकृत किए गए हैं। इन रूटों पर पांच विद्युत चलित बसें, 53 जीएनएमआर नीली बसें और 96 सामान्य बसें हर रोज यात्रियों को आवागमन की सुविधा प्रदान कर रही हैं। इन गाड़ियों के अलावा छह टैक्सियां राइड विद प्राइड भी चलती हैं। कुल मिलाकर 160 गाड़ियां यात्रियों के आवागमन में अपनी विशेष भूमिका निभा रही हैं। गाड़ियों की संख्या के हिसाब से यहां के लिए जो स्टाफ निश्चित है, उसमें से केवल 57.50 प्रतिशत स्टाफ ही वर्तमान में कार्यरत है। सबसे महत्वपूर्ण स्टाफ 30 प्रतिशत ड्राइवर और 33 प्रतिशत कंडक्टर कम चल रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

> स्टाफ की कमी के बारे में सरकार को अवगत करवा दिया गया है। अभी उपलब्ध स्टाफ पर काम का ज्यादा बोझ है।
>
> **नरेंद्र शर्मा**
> **क्षेत्रीय प्रबंधक एचआरटीसी मंडी।**

अनंत ज्ञान स्पैशल


मंडी बस स्टैंड (फाइल फोटो)

### हर श्रेणी में स्टाफ की कमी

**प्रशासनिक** स्टाफ की संख्या 64 होनी चाहिए, जबकि केवल 14 अधिकारी व कर्मचारी ही सेवाएं दे रहे हैं। यानी 50 स्टाफ सदस्य कम हैं। वहीं, चेकिंग स्टाफ की संख्या 25 होनी चाहिए, जबकि वर्तमान में यह केवल 11 हैं। यानी 14 स्टाफ सदस्य कम हैं। हर रोज बसें फील्ड में जाती हैं और वापस आती हैं। उनकी मरम्मत व रखरखाव के लिए वर्कशॉप में 144 कर्मचारियों की संख्या निर्धारित है, जबकि मात्र 52 ही तकनीकी स्टाफ यहां पर कार्यरत है। यानी 92 कर्मचारी यहां भी कम हैं। सबसे महत्वपूर्ण स्टाफ ड्राइवर हैं, जो 264 होने चाहिए, लेकिन वह भी केवल 184 ड्राइवर ही हर रोज परिवहन की गाड़ियों को खींचते हैं। इस कैटेगरी में भी 80 ड्राइवरों की कमी चल रही है। यही नहीं, हर गाड़ी के साथ कंडक्टर आवश्यक हैं। निश्चित संख्या के मुताबिक यहां 256 कंडक्टर होने चाहिए, जबकि केवल 172 ही कंडक्टर कार्यरत हैं। मतलब 84 कंडक्टरों की कमी चल रही है।

# सीमेंट से लदा ट्रक 100 मीटर खाई में पलटा, चार जख्मी

**अनंत ज्ञान, अर्की**

बागा से लोड होकर चौरटूं में अनलोड किया जाने वाला सीमेंट से लदा एक ट्रक अपने गंतव्य से कुछ पहले ही खाई में पलट गया।



इस हादसे में चार लोगों को चोटें आई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बिलासपुर के बंदला गांव निवासी 20 वर्षीय नितिन ने पुलिस को दी शिकायत बताया कि वह ट्रक संख्या (एचपी14ए-8532) में क्लीनर का काम करता है। उसके ट्रक का चालक सुशील कुमार है। 24 जनवरी को उन्होंने ट्रक में बागा से सीमेंट लोड करवाया था, जिसे चौरटूं से थोड़ा आगे जाकर अनलोड किया जाना था। बागा से वे वाहन को लोड करके रात तकरीबन दो बजे चौरटूं के लिए रवाना हुए। सुबह छह बजे वे चौरटूं पहुंच गए थे। चौरटू में दो व्यक्ति इनके ट्रक के पास आए, इन दोनों व्यक्तियों ने इस गाड़ी से सीमेंट उतारना था। ये दोनों व्यक्ति इनके साथ ट्रक में ही चौरटूं से आगे घड़याच की तरफ गए। घड़याच स्कूल से थोड़ा आगे सुशील कुमार ट्रक को नियंत्रित न कर सका और ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे करीब 100 मीटर पलटे खाते हुए चला गया। इस दौरान यह चारों ट्रक में ही मौजूद थे। ट्रक के गिरने से इन चारों को चोटें आई हैं। पुलिस ने नितिन की शिकायत पर ट्रक चालक सुशील कुमार के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक से 20.65 ग्राम चिट्टा पकड़ा

**नगरोटा।** नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत नगरोटा पुलिस को मंगलवार रात एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी, जब मझेटली गांव में एक युवक के कब्जे से 20.65 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। नगरोटा पुलिस से मिली जानकारी अनुसार पुलिस को एक गुप्त सूचना मिली थी, जिस आधार पर पुलिस ने आरोपी की कार से तलाशी लेने पर 20.65 ग्राम चिट्टा बरामद किया। जानकारी अनुसार आरोपी अविनाश सुल्याली नूरपुर में रहता है तथा वह अपने ताया के घर लाखामंडल धोवखाल आया हुआ है। नगरोटा बगवां पुलिस थाना प्रभारी रमेश ठाकुर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले की जांच ए एस आई सुरिंदर कुमार कर रहे हैं।

### कनेड में युवक से चिट्टा बरामद

**गग्गल।** गगल पुलिस ने एक 26 वर्षीय युवक से 3.45 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। गगल थाना प्रभारी प्यारे लाल ने बताया कि गगल थाना के अंतर्गत धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के गांव कनेड में घुरकड़ी के 26 वर्षीय युवक से गस्त के दौरान 3.45 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस की गस्त में पुलिस को देख कर यह युवक घबरा गया। पुलिस द्वारा इस युवक की तलाशी लेने पर चिट्टा बरामद किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस ने इस युवक के विरुद्ध मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगामी मामले की जांच की जा रही है।

### चार दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे चरस के साथ पकड़े आरोपी

**धर्मशाला।** जिला के पुलिस थाना मैकलोडगंज के तहत चरस समेत पकड़े गए दोनों युवकों को बुधवार को अदालत में पेश किया गया। जहां अदालत ने दोनों आरोपियों को चार दिन के ज्यूडिशियल रिमांड पर भेज दिया है। बताते चलें कि मैक्लोडगंज पुलिस ने एएसपी वीर बहादुर की अगुआई में नड्डी में दो युवकों से 115 ग्राम चरस समेत गिरफ्तार किया था। डल झील क्षेत्र के निवासी ये दोनों युवक टैक्सी और होमस्टे चलाते हैं। इस मामले में पकड़े गए दोनों आरोपियों को बुधवार कों अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें चार दिन के ज्यूडिशियल रिमांड पर भेज दिया गया है। उधर, एसएचओ मैक्लोडगंज विनोद शर्मा ने खबर की पुष्टि की है।

### पिकअप में भरी देसी शराब की 52 पेटियां बरामद, चालक गिरफ्तार

**सोलन।** सोलन के सदर पुलिस थाने के तहत आने वाली सपरून पुलिस चौकी की टीम ने मंगलवार देर रात शमलेच की ओर से जा रही पिकअप से देसी शराब की 52 पेटियां बरामद करते हुए वाहन चालक को गिरफ्तार किया। सोलन के एसपी गौरव सिंह के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार सपरून पुलिस चौकी की टीम मंगलवार रात्रि शमलेच फ्लाई ओवर के पास वाहनों की जांच पड़ताल कर रही थी। इसी दौरान आंजी से शमलेच की ओर जा रही एक पिकअप (एचपी 71ए-2801) को रात साढ़े 11 बजे तलाशी के लिए रूकवाया तो उसमें देसी शराब की 52 पेटियां बरामद हुईं। खोलने पर इन पेटियों में पैराडाइज संतरा ब्रांड की 624 बोतलें बरामद हुईं। वाहन चालक कंडाघाट के शापड़ गांव निवासी जीतराम इस शराब को ढोने का कोई आधिकारिक लाइसेंस पुलसि को नहीं दिखा सका। पुलिस ने वाहन व शराब की पेटियों को जब्त कर लिया है। आरोपी जीतराम को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी गौरव सिंह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### डंगे से गिरा श्रमिक, गंभीर

**सोलन।** सोलन के बाइपास स्थित नए बस स्टैंड पर बुधवार की सुबह एक नेपाली श्रमिक कई फुट ऊंचे डंगे से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके साथी उसे एंबुलेंस के माध्यम से चिकित्सालय ले गए जहां उसका उपचार किया जा रहा है। घटना बुधवार की सुबह सात बजे के आसपास की है। नेपाली मूल का एक श्रमिक आईएसबीटी के परसर में लगे एक डंगे से नीचे जा गिरा। बताया जा रहा है कि जमीन पर गिरने से उसके सिर में एक पत्थर जा धंसा। इस बीच उसके साथी नेपाली श्रमिकों ने किसी तरह उसे संभाला और एंबुलेंस को बुलाया। इसके बाद उसे चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उसे भर्ती कराया गया। श्रमिक का नाम पता नहीं चल सका है।



### लावारिस बैल ने मार डाला व्यक्ति सीसीटीवी फुटेज से खुला राज

**धर्मशाला।** पुलिस थाना शाहपुर के तहत एक व्यक्ति को लावारिस बैल द्वारा मार डालने का मामला सामने आया है। इस बारे में ललेटा गांव की नीशा देवी पत्नी जगदीप सिंह की शिकायत के बाद पाया गया कि उसके पति की मौत लावारिस बैल के मारने के कारण हुई है। पुलिस में दर्ज शिकायतकर्ता नीशा देवी ने बताया कि वह एक गृहिणी है। उसका पति 23 जनवरी को शाम करीब 5:30 बजे घर से गाय लेने के लिए धनोटू कोलाड़ी गया था। उसके बाद उसका पती फोन नहीं उठा रहा था। फोन करने पर मोबाइल की घंटी बजती रही, लेकिन फोन किसी ने नहीं उठाया। खोज के दौरान उसका पति आश्रम द्वारा अपने क्षेत्र में लगाए गए लोहे के जाल के अंदर पड़ा हुआ पाया गया। उसके पति के मुंह से खून निकल रहा था। इस दौरान शिकायतकर्ता ने प्रधान को बुलाया और लोग भी इकट्ठे हो गए। सभी ने उसके पति को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस टीम भी मौके पर जांच के लिए पहुंच गई। इस मामले में, जांच के दौरान एक सीसीटीवी फुटेज मिली, जिसमें दिख रहा है कि मृतक को एक आवारा बैल (सांड) ने मार डाला है, जबकि मृतक अपनी गायों को पकड़ने की कोशिश कर रहा था और बैल पर पत्थर फेंक रहा था। उधर, धर्मशाला स्थित एएसपी वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को दस साल की सजा, 50 हजार जुर्माना

**बिलासपुर।** बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायधीश जिला बिलासपुर चिराग आबू सिंह की अदालत में पीड़िता नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी सागर वर्मा पुत्र अवतार सिंह गांव झीड़ीयां तहसील श्रीनयना देवी जी जिला बिलासपुर को दस साल का कठोर कारावास व 50,000 रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई तथा जुर्माना न अदा करने की सूरत पर एक वर्ष के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई। पीड़िता को बतौर मुआवजा 50,000 रुपए देने के आदेश भी पारित किए। बता दें कि 20-10-2018 को पीड़िता की माता के बयान पर दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया था, जिस पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। मामले में अन्वेषण पूर्ण होने पर चालान को पेश अदालत किया गया तथा मामले की पैरवी जिला न्यायवादी चंद्रशेखर भाटिया द्वारा की गई। 18 गवाह अदालत में पेश किए गए तथा अभियोजन पक्ष की मजबूत दलीलों को सुनने के उपरांत अदालत ने आरोपी को सजा सुनाई।



## 12 हजार रुपए रिश्वत लेता रंगे हाथ दबोचा आउटसोर्स कर्मचारी



**फतेहपुर।** विजिलेंस विभाग ने बुधवार को उपमंडल मुख्यालय फतेहपुर में भू-सरक्षंण विभाग में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारी को फतेहपुर स्थित कार्यालय में 12 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों दबोच लिया है। विजिलेंस विभाग के एएसपी बद्री सिंह ने बताया विभाग को कांगड़ा निवासी कॉन्ट्रैक्टर अनिल कुमार ने शिकायत की थी कि फतेहपुर के बड़ूखर सैक्शन में कार्यरत आउटसोर्स जूनियर ड्रॉफ्ट्स मैन विवेक कुमार ने एक लाख दस हजार रुपए सब्सिडी के बिल के बदले 12 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी, जिस पर बुधवार को टीम ने बड़े ही सुनियोजित ढंग से उक्त आरोपी को 12 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों दबोच मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है ।

# मनाली में दो जगह लगी आग, लाखों का नुकसान

## हिडिंबा मंदिर के पास सात अस्थायी खोखे जलकर राख

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

मनाली में माता हिडिंबा मंदिर के समीप आग लगने से अस्थायी दस खोखे जलकर राख हो गए हैं। बुधवार सुबह तीन बजे आग लगने से ढूंगरी गांव में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर पहुंचते ही अग्निशमन विभाग ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक खोखे सामान के साथ जलकर राख हो गए थे।



आग लगने से दस लोगों राजेश कुमार, आशा, कला देवी पत्नी पूर्ण चंद, मीतू, यशपाल, राजा, बबली, ववािता देवी, विशाल ढूंगरी निवासी को लगभग सात लाख का नुकसान हुआ है। सभी प्रभावित लोग ढूंगरी गांव के ग्रामीण हैं। अग्निशमन केंद्र मनाली के प्रभारी प्रीतम सिंह ने बताया कि उन्हें सुबह तीन बजकर दस मिनट में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही टीम दस मिनट के भीतर मौके पर जा पहुंची और आग बुझाई। हालांकि लोगों को भारी नुकसान हुआ है, लेकिन अग्निशमन की टीम ने लगभग दस लाख की संपत्ति बचा ली है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि आग लगने से दस लोगों को लगभग सात लाख का नुकसान हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

उधर, दूसरी घटना में सियाली महादेव मंदिर के नजदीक फुटपाथ किनारे दो मोटरसाइकिल भी जलकर खाक हो गए हैं। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि हिडिंबा मंदिर के नजदीक आग लगने से दस लोगों को लगभग सात लाख का नुकसान हुआ है, जबकि सियाली महादेव मंदिर के पास जले मोटरसाइकिलों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्जकर लिया है, जो भी लोग आगजनी में प्रभावित हुए हैं, उनमें राजेश कुमार पुत्र टेक चंद, आशा पुत्री धर्म चंद, कला देवी पत्नी पूर्ण चंद, मीतू पुत्र उत्तम चंद, यशपाल पुत्र उत्तम चंद, राजा पुत्र देवी सिंह, बबली पुत्री उत्तम चंद, मनोहर लाल पुत्र नेत राम, बबिता देवी पत्नी जीतू, विशाल पुत्र राजू सभी ढूंगरी निवासी शामिल हैं।

## राष्ट्रीय कुराश संघ में हिमाचल से 55 खिलाड़ी लेंगे भाग

**रोहडू।** हिमाचल प्रदेश कुराश संघ 55 सदस्यों की टीम, जिसमें 49 खिलाड़ी और पांच अधिकारी हैं, जूनियर और सीनियर राष्ट्रीय कुराश चैंपियनशिप में भाग लेने जा रहे हैं। यह चैंपियनशिप 26 से 28 जनवरी को राजस्थान में होगी। कोचिंग की जिम्मेदारी आजय खेता, जतिन कौशिक, आशीष कुमार और सुनील द्वारा संभाली जाएगी, जबकि सीमा जैम्याल टीम प्रबंधक के रूप में कार्य करेंगी।

हिमाचल प्रदेश कुराश के सदस्य सुरेंद्र कुल्ला ने बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए सात दिन का कोचिंग कैंप को सोलन और चंबा में संगठित किया गया। इन कैंप की प्रबंधन हिमाचल प्रदेश कुराश संघ के सचिव, वीरेंद्र धौलटा ने किया है। यह महत्वपूर्ण सूचना हिमाचल प्रदेश कुराश संघ के अध्यक्ष, सुरेंद्र कुल्ला द्वारा साझा की गई थी। उन्होंने टीम के सभी सदस्यों के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के समर्पण और मेहनत, कोचों के मार्गदर्शन के साथ निश्चित है कि हिमाचल प्रदेश का गौरव बढ़ेगा।

# भारत की ताकत इसकी विविधता और एकता : राज्यपाल

## राजभवन में मनाया उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस, बोले- देश की सांस्कृतिक राजधानी है उत्तर प्रदेश

**अनंत ज्ञान, शिमला**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि भारत की ताकत इसकी विविधता और एकता में है। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों की संस्कृतियों, परंपराओं और प्रथाओं के संपर्क से राज्यों के बीच समझ और जुड़ाव बढ़ेगा। इसप्रकार ''एक भारत, श्रेष्ठ भारत'' की परिकल्पना से भारत की एकता और अखंडता और मजबूत होगी। राज्यपाल बुधवार को यहां उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर राजभवन में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में बोल रहे थे।

हिमाचल में रह रहे उत्तरप्रदेश के नागरिकों को राज्य के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि 22 जनवरी का दिन ऐतिहासिक ही नहीं, बल्कि एक ऐसा दिवस है, जब अयोध्यावासी माता सीता के श्राप से मुक्त हुए हैं। उन्होंने कहा, ''अयोध्या भगावान राम की जन्मस्थली है। यह सांस्कृतिक राजधानी रही है, जन कल्याण की राजधानी कही जाती रही है, लेकिन अयोध्यावासियों ने मां सीता के अस्तित्व को जो चुनौती दी थी वे माता सीता के न रहने से अधूरी हो गई थी।'' उन्होंने कहा कि 22 जनवरी का दिन हिंदुस्तान के इतिहास में नहीं, बल्कि विश्व के इतिहास में अमर हो गया है, जब प्रभु श्रीराम अयोध्या में पुनः मंदिर में स्थापित हुए और अयोध्या माता सीता के श्राप से मुक्त हुई। राज्यपाल ने कहा कि दिल्ली भले ही राजनीतिक राजधानी हो, लेकिन भारत की सांस्कृतिक राजधानी उत्तर प्रदेश ही है। उन्होंने काशी के कॉरीडोर की भव्यता और अयोध्या के राम मंदिर की दिव्यता दुनिया ने देखी है। यह कार्य बहुत पहले हो जाना चाहिए था। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने हिंदुस्थान की अस्मिता को उभार कर नई ऊंचाइयां देने का काम किया। जिनकी वजह से आज हम गौरवान्वित हुए हैं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर का उत्सव पूरी दुनिया ने मनाया जहां भारतवंशी रहते हैं।

उन्होंने इस अवसर पर गुरु कुंदन लाल गंगानी फाउंडेशन द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए फाउंडेशन को 40 हजार रुपए देने की घोषणा भी की।

इससे पूर्व, उन्होंने उत्तरप्रदेश के हिमाचल में रहे रहे नागरिकों को हिमाचली टोपी, शाल, राममंदिर का चित्र और गमला भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर, उत्तर प्रदेश के धरोहर नगरो, स्मारकों और संस्कृति को लेकर एक लघु फिल्म भी दिखाई गई। राज्यपाल के सचिव राजेश शर्मा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।


राजभवन में उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान राज्यपाल उत्तर प्रदेश के निवासियों को सम्मातिन करते हुए।

## एबीवीपी ने यूजी छात्रों को री-अपीयर एग्जाम देने की उठाई मांग

**शिमला।** यूजी में जो छात्र तीन सब्जेक्ट में फेल हुए हैं। उन्हें एग्जाम का एक और मौका देने के लिए एबीवीपी ने एचपीयू प्रशासन से ज्ञापन सौंपा छात्र संगठन का कहना है कि जिस तरह सरदार पटेल विश्वविद्यालय द्वारा फेल छात्रों के लिए दोबारा से एग्जाम देने की नोटिफिकेशन जारी की गई है। उसी की तर्ज पर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय को भी यह सुविधा देनी चाहिए। कार्यकर्ताओं ने प्रति कुलपति को ज्ञापन सौंपते हुए तीन सब्जेक्ट में रहे छात्रों को री-अपीयर एग्जाम की अनुमति देने का आग्रह किया। एबीवीपी इकाई मंत्री अविनाश शर्मा का कहना है कि विश्वविद्यालय के अंदर आने वाले कई छात्र ऐसे हैं, जो कि तीन पेपरों मे फैल थे, उस वजह से उनका पूरा एक साल खराब हो रहा है। अगर एचपीयू नियमों में बदलाव कर उन्हें गोल्डन चांस देता है, तो इससे स्टूडेंट्स का एक साल बर्बाद होने से बच जाएगा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की चेकिंग प्रक्रिया भी सदैव शक के दायरे में रहती है।

# मंडी के कर्ण सिंह को मिला हिम आइकन अवार्ड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जिला मंडी के तुंगल घाटी चलोह निवासी कर्ण सिंह को हिम आइकन अवार्ड मिला मिला है। यह अवार्ड उन्हें देसी गाय के गोबर के उत्पादों पर मिला है। कर्ण सिंह को यह अवार्ड बिटिया फाउंडेशन और हिम जागृति मंच ने प्रदान किया है।

करण सिंह ने श्री कामधेनु पंचगव्य उद्योग स्थापित कर स्टार्टअप के तहत इस कार्य को शुरू किया और इसकी पहचान ऑल इंडिया स्तर पर बनाई। इस शोध पर करण को विभिन्न यूनिवर्सिटी द्वारा अवार्ड भी मिल चुके हैं। करण सिंह अपने उत्पादों में गाय के गोबर से बनी इंट, नाम पाटिका, गणेश, मां दुर्गा, भगवान शिव, विष्णु के अलावा अनेक देवी-देवताओं की प्रतिमाएं और घर में इस्तेमाल होने वाले अनेक उत्पाद बनाकर एक नई शुरुआत की है। उनके इस कार्य को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी प्रशंसा कर चुके हैं। बिटिया फाउंडेशन की एमडी ज्योत्सना जैन ने यह पुरस्कार वितरित किए। इस समारोह में कर्ण के अलावा हिमाचल प्रदेश के प्रख्यात गायक संजीव दीक्षित, कुमार साहित, पूनम भारद्वाज, श्रुति शर्मा, पोलाराम बंग वाला, पीयूष राज, करनेत राणा, सुरेश वर्मा व सौरभ शर्मा, अंकुश बरजाता, आर बीज, अमृतलाल शर्मा, प्रिंस गर्ग, ममता भारद्वाज, त्रिभिन वर्मा, अजय कुमार, विनायक ठाकुर, जैरी नेहा मनालिका अमनदीप विशाल, हिंदी अध्यापक डॉ. राजीव डोगरा, रवि अरोड़ा, नरेंद्र बेहन, गरिमा खकुर, पवन शर्मा, पूजन भंडारी, शैल ठाकुर, मीरा आचार्य, रमा कांडा, दीप्ति शर्मा, शैल भारती पाराशर, सुमना, सुपमा को हिम आइकन प्रशंसा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

**उपलब्धि** महिलाओं के लिए तैयार किया गया कृषि ड्रोन अनुप्रयोगों पर है केंद्रित

# आईआईटी मंडी ने राष्ट्रपति को बताया ड्रोन दीदी कार्यक्रम

**अनिल शर्मा, मंडी**

आईआईटी मंडी आईहब मानव कंप्यूटर इंटरेक्शन में विशेषज्ञता वाला एक अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब ने अपने ड्रोन दीदी कौशल विकास कार्यक्रम के लिए भारत के राष्ट्रीय कौशल विकास निगम से प्रतिष्ठित मान्यता प्राप्त की है।

24 जनवरी को आईआईटी मंडी आईहब के सीईओ सोमजीत अमृत और ड्रोन दीदी कार्यक्रम की लाभार्थी शशि बाला सहित आईआईटी मंडी आईहब के प्रतिनिधियों ने भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार के कौशल भवन के उद्घाटन समारोह में इस पहल की सफलता प्रस्तुत की। समारोह में केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और माननीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री, राजीव चंद्रशेखर की उपस्थिति रही। ड्रोन ऑटोमेशन के माध्यम से कृषि में महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि ड्रोन स्वचालन के कार्यान्वयन के माध्यम से कृषि के महत्वपूर्ण क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाना एक परिवर्तनकारी पहल है। यह न केवल प्रौद्योगिकी की शक्ति का उपयोग करता है, बल्कि अधिक समावेशी और न्यायसंगत कृषि परिदृश्य को भी बढ़ावा देता है। इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में महिलाओं का एकीकरण एक विविध और कुशल कार्यबल सुनिश्चित करता है, जो हमारी कृषि पद्धतियों के विकास और स्थिरता में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

ड्रोन दीदी कृषि ड्रोन अनुप्रयोगों पर विशेष ध्यान देते हुए हिमाचल प्रदेश और अन्य राज्यों की महिलाओं के लिए तैयार किया गया एक उद्यमिता विकास कार्यक्रम है। यह परियोजना न केवल कौशल विकास प्रयास के रूप में, बल्कि महिलाओं के लिए ड्रोन प्रौद्योगिकी के उभरते क्षेत्र में व्यवसाय स्थापित करने के लिए एक मजबूत मंच के रूप में भी कार्य कर रहा है। (अनंत ज्ञान)


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ड्रोन दीदी कार्यक्रम के बारे में बताते आईआईटी मंडी के शोधार्थी।

## बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें

**बर्थडे** हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

### हैप्पी बर्थडे



लडभड़ोल की काशवी शर्मा को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

### न्यूज ब्रीफ

## विधायक प्राथमिकता बैठकों की समयसारिणी में परिवर्तन



**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में वार्षिक बजट 2024-25 के लिए विधायक प्राथमिकताओं के निर्धारण के लिए प्रस्तावित जिला सोलन एवं सिरमौर की पूर्व निर्धारित बैठकों के समय में आंशिक परिवर्तन किया गया है। जिला सिरमौर की बैठक 29 जनवरी, 2024 को अब पूर्वाह्न दस से 1:30 बजे तथा जिला सोलन की बैठक 29 जनवरी, 2024 को अब अपराह्न दो से पांच बजे तक हिमाचल प्रदेश सचिवालय शिमला में आयोजित की जाएगी। शेष जिलों की समयसारिणी में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया है। ये बैठकें अपने पूर्व निर्धारित समय व तिथि पर आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों में वार्षिक बजट 2024-25 की विधायक प्राथमिकताओं के निर्धारण के लिए विचार-विमर्श किया जाएगा।

## कांग्रेस सेवादल ने नियुक्त किए संसदीय प्रभारी



**शिमला।** प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक अनुराग शर्मा ने आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत संगठनात्मक गतिविधियों के प्रभावी संचालन व चुनावी प्रबंधन के लिए प्रदेश के चारों संसदीय क्षेत्रों में कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारियों को प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश कांग्रेस सेवादल के महासचिव प्रशासन संदीप बत्रा ने बताया कि शिमला संसदीय क्षेत्र के लिए संतराम धीमान, मंडी संसदीय क्षेत्र के लिए सुशील ठाकुर, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लिए इंजीनियर एमएल कौंडल व कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के लिए राजेश शर्मा को प्रभार सौंपा गया है। बत्रा ने बताया है कि इन संसदीय क्षेत्रों में नियुक्त प्रभारी आगामी लोकसभा चुनाव में संगठन की गतिविधियों व चुनावी प्रबंधन के संदर्भ में जिला व ब्लॉक प्रभारियों एवं कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारियों व प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बना कर चुनावी गतिविधियों में सहयोग करेंगे। उनकी यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से प्रभावी मानी गई हैं।

### दीवार से बांध कर अंग्रेज सैनिकों ने कर दिया था गोलियों से छलनी, मौत के 50 साल बाद डाली को नसीब हुई थी अपनी जन्मभूमि में दो गज जमीन

# आयरलैंड की आजादी के महानायक की मौत का गवाह है सोलन

अनंत ज्ञान स्पैशल

**तेजपाल नेगी, सोलन**

भारत को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त कराने में हिमाचल के सोलन जिले के कई स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अपनी आहूतियां दीं, लेकिन शायद नई पीढ़ी नहीं जानती है कि आयरलैंड की आजादी की लड़ाई को भी सोलन से ही चिंगारी मिली। आयरिश स्वतंत्रता के सबसे बड़े सेनानी माने जाने वाले जेम्स जोसेफ डाली को सोलन में ही गोलियों से भून कर अंग्रेजी सैनिकों ने मार डाला था।

आयरलैंड की आजादी के बाद डाली की समाधि को खोद कर उनकी अस्थियां आयरलैंड में बनी नई समाधि में रखी गईं, ताकि देशवासी अपने अमर सपूत को याद कर सकें। दरअसल 1919 से 1921 तक आयरलैंड में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ गुरिल्ला युद्ध चला, जिसे आयरिश वार ऑफ इंडिपेंडेंस नाम दिया गया।

उस वक्त भारत के जालंधर और सोलन में आयरिश सैन्य जवानों की कंपनियां तैनात थीं। देश में उस वक्त अंग्रेजों ने आयरलैंड के अलावा, स्काटलैंड, वेल्ज और इंग्लैंड के जवानों की कंपनियां भी तैनात की गई थीं। आयरिश जवानों की कंपनी को आयरलैंड कनाट रेंजर्स कहा जाता था। सर्व प्रथम जालंधर में आयरिश जवानों की कंपनी में बगावत का बिगुल बजा। यहां के आयरिश सैनिकों ने गांधी जी के असहयोग आंदोलन की तर्ज पर यह विरोध दर्ज कराया। उन्होंने अंग्रेजी अधिकारियों के आदेशों को मानने से इनकार कर दिया। अपना झंडा लहराया और अपनी वर्दी पर आयरिश रिपब्लिकन पार्टी की चिन्ह लगाना शुरू कर दिया। जालंधर से दो क्रांतिकारी जवानों को आंदोलन का संदेश लेकर सोलन छावनी भेजा गया। इससे सोलन छावनी में भी आयरिश जवानों ने आंदोलन का झंडा बुलंद कर दिया।

पहली जुलाई, 1920 की शाम 30 आयरिश सैनिकों ने सोलन छावनी के शास्त्रागार से बंदूकें और अन्य असला लूटने का प्रयास किया। बदले में अंग्रेजी सैनिकों ने उन पर गोली चला दी। इस घटना में दो आयरिश सैनिक मारे गए और कई अन्य घायल हुए। इसके बाद बल पूर्वक अंग्रेजी हुकूमत ने आयरिश विद्रोह को दबा दिया। बाद में जांच हुई और कोर्ट मार्शल में 61 जवानों को सैन्य नियम न मानने का दोषी पाते हुए सजा दी सुनाई गई। इनमें से 15 को मौत की सजा सुनाई गई। इनमें से एक सैनिक प्राइवेट जैम्स जोसफ डाली को इस विद्रोह का नेता माना गया था। डाली व उनके अन्य साथियों को सोलन छावनी के अंतर्गर आने वाली डगशायी जेल में डाल दिया गया। उन्हें तरह तरह से प्रताड़ित किया जाता। दो नवंबर, 1920 को अंग्रेजी सैनिकों ने डाली को दीवार से बांध कर गोलियों से छलनी करके मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद बाकी जवानों को इंग्लैंड की जेलों में भेज दिया गया।

11 जून, 1921 को आयरलैंड में गुरिल्ला युद्ध समाप्त हुआ और 1923 में जेलों में बंद आयरिश सैनिकों को रिहा करके उनके देश भेजा गया। आज आयरलैंड आजाद है, लेकिन उसकी आजादी के महानायक का सोलन कनेक्शन आयरिश लोगों को आज भी याद है।

(अनंत ज्ञान)

### गांधी जी भी आकर मिले थे आयरिश सैनिकों से

**भारत** में आजादी की लड़ाई के प्रणेता महात्मा गांधी ने जब आयरिश कैदियों के साथ सोलन की डगशायी जेल में हो रहे अत्याचारों के बारे में सुना तो वे दो दिन के लिए इस जेल में आए थे। 1920 दो दिन जेल में ही रुक कर उन्होंने सैन्य कैदियों से मुलाकात की और उनके बलिदान को सलाम किया। अंग्रेजों ने उन्हें जेल की कोठरी में ही ठहराया था।



डगशाई जेल की इसी कोठरी में ठहरे थे महात्मा गांधी।

### 50 साल बाद खोदी कब्र

**डाली** अंग्रेजी सेना का अंतिम अधिकारी था जिसे विद्रोह के आरोप में मौत की सजा सुनाई गई थी। 1970 में भारत सरकार की सहमति से डाली की कब्र को खोदा गया और आयरिश सरकार अपनी आजादी के महानायक के पार्थिव शरीर को अपने देश ले गई, जहां अपनी मातृभूमि पर डाली की नई कब्र खोदकर उनकी पार्थिव देह को दफनाया गया।

### जुल्म की हदें पार

**डाली** को डगशायी जेल में मौत की सजा देने के बाद जेल में बंद आयरिश जवानों के भीतर खौफ भरने के लिए उनसे ही उस दीवार को साफ कराया गया, जिससे बांध कर डाली को मारा गया था। आयरिश जवानों ने अपने उस 22 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी के दीवार से चिपके खून से सने चीथड़ों को माचिस की डिब्बियों में भरकर अंतिम संस्कार के लिए पादरी फादर बेकर को सौंपा था। डाली की समाधी बनाकर उनका अंतिम संस्कार किया गया।



इन कोठरियों में कैद किए गए थे आयरिश सैन्य कैदी।

## पेंशन बहाली की वर्षगांठ के जश्न पर असमंजस

**मंडी।** प्रदेश में वर्तमान सरकार द्वारा ओपीएस बहाल करने की पहली वर्षगांठ के जश्न पर असमंजस की छाया मंडरा गई है। एनपीएसईए के क्रांतिकारी आंदोलन के गवाह रहे मंडी में जिला स्तरीय जश्न पहले यह कार्यक्रम 13 जनवरी को आयोजित किया जाना तय हुआ था। इसके लिए राज्याध्यक्ष प्रदीप ठाकुर व महासचिव भरत शर्मा की उपस्थिति में मंडी में तैयारी बैठक भी की गई। हालांकि उस दिन त्योहार का दिन था। ऐसे में क्योंकि एक साल पहले 13 जनवरी को ही प्रदेश में कांग्रेस सरकार की पहली कैबिनेट मीटिंग में ओपीएस लागू करने का निर्णय लिया गया था, इसके चलते एनपीएसईए के राज्य पदाधिकारियों ने यह दिन तय करवा लिया था। बताया जाता है कि पहले तो मुख्यमंत्री ने त्योहार का दिन होने के कारण किसी और दिन यह कार्यक्रम रखने का सुझाव दिया था, जब उन्हें बिलकुल एक साल पूरा होने की बात बताई गई तो उन्होंने हामी भरी थी, लेकिन उनके मणिपुर दौरे के चलते यह तिथि 21 जनवरी को खिसका दी गई। अब धीरे-धीरे यह 28 जनवरी या दस फरवरी को लुढ़कती नजर आ रही है।

### सीएम की भाजपाइयों को दो-टूक; हम पर टिप्पणी करने की बजाय राम के आदर्शों को अपनाएं

# हिमाचल में सब ठीक है: सीएम सुक्खू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भाजपा नेताओं पर जोरदार प्रहार किया है। सीएम ने कहा कि भाजपा राम मंदिर के नाम पर राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम कर रही है। भाजपायी हम पर टिप्पणी करने की बजाय राम के आदर्शों को अपनाएं, इसी में गनीमत है।

उन्होंने कहा कि वे खुद सुबह राम की पूजा करते हैं और जब शाम को समय मिलता है तो भी राम का नाम लेते हैं। इसमें भाजपा नेताओं को बताने की जरूरत नहीं है।

बुधवार को हमीरपुर जिले के बिझड़ी में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में सीएम ने कहा कि प्रदेश में सरकार और संगठन दोनों अपना-अपना काम कर रहे हैं। लोकसभा चुनावों के लिए सभी एकजुट हैं, और इसमें कोई किसी को बताने की जरूरत नहीं है। संगठन के मुद्दे पर पूछे गए इस सवाल पर उन्होंने कहा कि हिमाचल में सब ठीक है। मुख्यमंत्री ने आउटसोर्स कर्मचारियों को सैलरी नहीं मिलने के मामले पर कहा कि मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली है, उन्हें सैलरी दी जाएगी। किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि हिमाचल में 1200 एमबीबीएस डॉक्टर्स घर बैठे हुए हैं। डॉक्टरों को रोजगार चाहिए, लेकिन उन्हें सरकार की बात भी सुननी होगी। इन दिनों वे कैसी हड़ताल पर हैं? इसका तो उन्हें पता नहीं है, लेकिन जो भी होगा न्याय संगत होगा उनकी मांगों पर सरकार गौर करेगी।

### जांच के बाद होगा एक्शन

**सरकार** गांव के द्वार कार्यक्रम में भाजपाइयों की उस टिप्पणी की कि केवल कागज इकट्ठे हो रहे हैं, समस्या हल नहीं हो रही। मुख्यमंत्री ने उन्हें जवाब दिया और कहा कि यह केवल कागज इकट्ठे करने की प्रक्रिया नहीं है। आवेदनों को इकट्ठा करके ही उन्हें जांचा-परखा जाएगा। उसी के बाद एक्शन होगा और लोगों को राहत मिलेगी। इसीलिए सरकार गांव के द्वार पहुंची है। भाजपा ने इस प्रदेश का जो बेड़ा गर्क किया है, लोगों को ठगा है। वह भी जनता को बताना जरूरी है। उसी की वजह से इस प्रदेश की वित्तीय हालत बेहद खराब हुई है, लेकिन अब हम उसे पटरी पर लाने में लगातार कामयाब हो रहे हैं।



सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के दौरान जनता की समस्याएं जानते सीएम सुक्खू।

**बोले- कागज इकट्ठे करके ही 'एक्शन' होता है, जनमंच की तरह सरकारी धन का दुरुपयोग करके नहीं**

## दवाइयों के सैंपल फेल होने पर कंपनी पर करेंगे कड़ी कार्रवाई: शांडिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल प्रदेश में बीते दिनों 25 दवा उद्योग में बने 40 दवाइयां के सैंपल फेल हो गए हैं। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन के मनको पर इन दवाइयों के सैंपल फेल हुए। प्रदेश के अंदर फार्मा उद्योगों के दवाइयों के सैंपल फेल होने का यह पहला मामला नहीं है।

ऐसे में सरकार भी इसको लेकर गंभीर नजर आ रही है। बुधवार को शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि दवाइयों के सैंपल फेल होने से प्रदेश की छवि पर बुरा असर पड़ता है। इस तरह के मामलों पर कड़ा संज्ञान लेते हुए उद्योगों पर एक्शन लिया जाएगा। शांडिल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के बद्दी फार्मा क्षेत्र की कुछ कंपनियों के दवाइयां के सैंपल फेल हुए हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी कंपनियों को नोटिस भेज दिए गए हैं। इस पर विभाग कड़ी कार्रवाई करेगा।

शांडिल ने कहा की हिमाचल प्रदेश दवाइयां का निर्यात भी करता है, लेकिन इस तरह के प्रकरणों से प्रदेश के फार्मा उद्योग पर बुरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि ऐसे में दवाइयां के सैंपल फेल वाली कंपनी को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। पहले भी विभाग की ओर से सैंपल फेल होने पर लाइसेंस रद्द करने के कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी दवाइयों की जांच होगी, जिसमें कोई भी कमी पाई जाती है या सभी मानकों को पूरा नहीं करती है तो उसे भी तुरंत प्रभाव से खारिज कर दिया जाएगा।

# बड़सर विस को 150 करोड़ के तोहफे

### सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने किए विभिन्न योजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास

**विक्रम ढटवालिया/एसके ठाकुर, हमीरपुर**

मुख्यमंत्री ने बिझड़ी में जल शक्ति विभाग और पीडब्ल्यूडी का सब-डिविजन खोलने, बड़सर सिविल अस्पताल को 100 बिस्तर क्षमता का करने तथा स्वास्थ्य उपकेंद्र सलौणी का दर्जा बढ़ाकर दस बिस्तर का करने की भी घोषणा की।

उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बड़सर, सोहारी, दांदड़ू में वाणिज्य व साइंस कक्षाएं शुरू करने, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घंगोट व समताणा में वाणिज्य संकाय की कक्षाएं तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुल्हेड़ा, धबीरी तथा लोहारली में साइंस कक्षाएं शुरू करने की घोषणा की।

उन्होंने बड़सर में आधुनिक बस अड्डा बनाने के साथ-साथ ताल स्टेडियम बिझड़ी के जीर्णोद्धार के लिए 50 लाख देने की घोषणा भी की। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने बड़सर विधानसभा क्षेत्र के लिए 150 करोड़ रुपए की चार विकास परियोजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन भी किए। उन्होंने सतलुज नदी से बड़सर क्षेत्र के लिए विभिन्न उठाऊ पेयजल आपूर्ति योजनाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए 138 करोड़ रुपए के कार्यों की आधारशिला रखी। इसके साथ ही सात करोड़ रुपए की लागत से सुक्कर खड्ड पर बने पुल, 3.32 करोड़ रुपए की लागत से बड़सर में स्वास्थ्य विभाग के आवासीय भवन तथा 1.36 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित एडीए कार्यालय भवन का लोकार्पण भी किया।

स्थानीय विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने मुख्यमंत्री का बड़सर विधानसभा क्षेत्र में आने पर स्वागत किया और क्षेत्र के लिए 150 करोड़ रुपए की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के लिए उनका आभार भी जताया। इस अवसर पर पूर्व विधायक बीडी लखनपाल, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा, कांग्रेस नेता राजेंद्र जार, राजीव राणा, कृष्ण चौधरी, उपायुक्त हेमराज बैरवा, पुलिस अधीक्षक डॉ. आकृति शर्मा, बड़सर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष केवल धीमान भी मौजूद थे।



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का स्वागत फूल मालाओं के साथ करते पदाधिकारी।

### धर्मपुर पहुंचे सीएम

**मंडी।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बुधवार देर शाम धर्मपुर पहुंच गए हैं। मुख्यमंत्री का धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर, उपायुक्त मंडी अरिंदम चौधरी, एडीएम मंडी डॉ. मदन कुमार, एसडीएम धर्मपुर राजेंद्र गौतम तथा स्थानीय लोगों ने ध्वाली हेलिपैड पर स्वागत किया। मुख्यमंत्री 25 जनवरी को आयोजित किए जा रहे 54वें पूर्ण राज्यत्व दिवस के अवसर पर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित होंगे।

### सीएम सर! आप ही हमारे अभिभावक

**हमीरपुर।** जिला के बिझड़ी में आयोजित 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम में संवाद के दौरान मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का इस कल्याणकारी योजना के लिए आभार जताया। लाभार्थी रजीना बेगम ने कहा था कि देश के इतिहास में किसी ने भी इस तरह की योजना के बारे में नहीं सोचा। आज आपके आशीर्वाद से बीएड कर रही हूं, जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का धन्यवाद भी किया और कहा कि अनाथ बच्चों की कोई जिम्मेदारी नहीं लेना चाहता, लेकिन आप ही हमारे अभिभावक हैं। मुख्यमंत्री के पूछने पर रजीना ने बताया कि पढ़ाई की पूरी फीस और 4000 रुपए पॉकेट मनी मिल रही है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि साल में एक बार टुअर भी करवाया जाएगा। विकास ने भी इस योजना के लिए कहा कि सुख-आश्रय योजना से लाभ लेकर आज वह अपना मकान बना रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पक्का मकान बना रहे हैं न, तो विकास ने कहा कि हां सर, आपकी मदद से अच्छा मकान बन रहा है।

## आज देश भर में मनाया जाएगा नवमतदाता सम्मेलन: तिलक राज

**शिमला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 जनवरी, 2024 को होने वाले राष्ट्रव्यापी नव मतदाता सम्मेलन में भारत के करोड़ों नवमतदाताओं से सीधा संवाद करेंगे। भारतीय जनता युवा मोर्चा पूरे देश भर में नवमतदाता सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। यह मतदाता सम्मेलन पहली बार के मतदाताओं को उज्ज्वल भारत के लिए एक अच्छा विकल्प चुनने के लिए प्रेरित करेगा। इस नवमतदाता सम्मेलन का उद्देश्य हमारे जीवंत लोकतंत्र में उनकी सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देना है। भारतीय जनता युवा मोर्चा देश की सभी विधानसभा क्षेत्रों में 5000 सम्मेलन आयोजित करेगा, जिसमें की हर सम्मेलन में लगभग 1000 से ऊपर नवमतदाताओं को शामिल किया जाएगा। सम्मेलन में नवमतदाता को पंजीकृत करने के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा ने व्यापक पंजीकरण अभियान पूरे देश भर में चलाया हुआ है। इन सम्मेलनों में स्थानीय सांसद और विधायक भी देश भर में भाग लेंगे। भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज शर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में हर विधानसभा क्षेत्र में यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहे हैं, जिसमें प्रतेक सम्मेलन में लगभग 1000 से ऊपर नवमतदाता भाग लेंगे। इसमें भारतीय जनता युवा मोर्चा ने सम्मेलनों के लिए नवमतदाता को पंजीकृत करने के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाया है, जिसमें नवमतदाता को पूरे प्रदेश में पंजीकृत किया जा रहा है। भाजयुमो सभी नवमतदाता सम्मेलनों में प्रदर्शनियां भी लगाएगा, जिसमें कांग्रेस शासन के तहत 2014 से पहले के युग का चित्रण किया जाएगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए परिवर्तनकारी परिवर्तनों और प्रगति पर प्रकाश डाला जाएगा। इस पहल का उद्देश्य नए मतदाताओं को भारत की समृद्धि की यात्रा पर स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ सशक्त बनाना है।

## राम मंदिर के बाद अब देश की एकता को बचाने का हो प्रयास: शांता



**पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बन गया। अब पूरे देश में एकता बनाने के प्रयास करने के लिए चिंतन मनन और निश्चय होना चाहिए। शांता कुमार ने बुधवार को एक बयान में कहा कि राम के भारत में राम मंदिर बनाने के लिए पांच सौ साल क्यों लगे। राम मंदिर बनाने वाले राम भक्तों पर गोलियां किसने और क्यों बरसाईं। हजारों शहीद क्यों हुए। सोचें, उत्तर मिलेगा। क्योंकि हम हजारों साल तक गुलाम रहे, फिर सोचें, राम-कृष्ण का देश, गीता उपनिषद का देश गुलाम हुआ तो क्यों हुआ। उन्होंने कहा कि कभी विश्व गुरु कहलाने वाला देश इसलिए गुलाम हुआ, क्योंकि समाज छोटे संप्रदाय और देश छोटे राज्यों में बंट गया। एक देश की भावना समाप्त हो गई। हिंदू समाज में कुरीतियां आ गईं।

अपने ही समाज के लाखों लोगों को दलित अछूत कह कर दुत्कारा गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अब देश को एक नई सौगंध 'कसम राम की खाते हैं, देश की एकता बचाएंगे' देकर काम करना चाहिए।

**सुरक्षा** | सड़क सुरक्षा अभियान के तहत कई महिलाएं सीख रहीं ड्राइविंग के गुर, अनुभव भी कर रहीं साझा

# प्रदेश में एक लाख दस हजार से ज्यादा महिला ड्राइवर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में एक लाख दस हजार से अधिक महिला वाहन चालक मौजूद हैं, जो वर्तमान में प्रदेश भर की टेढ़ी-मेढ़ी सड़कों पर सरपट छोटे बड़े वाहनों को दौड़ा रही हैं। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत इन महिलाओं को बुधवार को शिमला में सड़क सुरक्षा के संबंधित गुर सिखाए जा रहे हैं।

महिलाओं द्वारा सुरक्षित तरीके से सड़कों पर वाहन चलाने के साथ ही कई महिलाओं के लिए वाहन चलाना रोजगार से भी जुड़ा हुआ है। प्रदेश के कई क्षेत्रों में महिलाएं वाहन चलाकर न केवल अपने परिवार का बेहतर तरीके से भरण-पोषण कर रही हैं, बल्कि बेरोजगार युवाओं को भी मेहनत करने के लिए प्रेरणा बनी हुई हैं। परिवहन विभाग के जागरूकता अभियान में कई महिला चालकों ने भाग लिया और इस दौरान चालक के रूप में कई महिलाओं ने अपने अनुभव भी साझा किए। चौपाल के नेरवा की महिला चालक काजल मोक्टा ने बताया कि वह लगभग सभी प्रकार के वाहन चला लेती हैं। इसमें छोटे वाहन, बाइसाइकिल और यहां तक की मशीन भी शामिल है। मोक्टा कहती हैं कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में बेहतर काम कर रही हैं। उन्होंने बताया कि विदेशों में भी महिलाएं कई ऐसे क्षेत्रों में काम कर रही हैं, जिसमें वे कुछ अलग कर अपनी योग्यता को साबित कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि आज सुरक्षित तरीके से वाहन चलाने में महिलाएं भी अपनी सहभागिता निभा सकती हैं और उन्हें इस क्षेत्र में भी आगे आना चाहिए। इसके अलावा शिमला में टैक्सी चलाने वाली भावना का कहना है कि वह पिछले 16 वर्षों से वाहन चला रही हैं। इसमें पहले उन्होंने प्राइवेट व्हीकल से शुरुआत की, जिसके बाद उन्होंने कमर्शियल व्हीकल पर टैक्सी चलाना शुरू किया। इसके अलावा इस मौके पर अन्य महिला चालकों ने भी अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान इन महिला चालकों ने प्रदेश की युवतियों और महिलाओं से इस क्षेत्र में भी अपने हिस्सेदारी बढ़ाने और आगे आने की भी अपील की।



सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के दौरान उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के साथ संयुक्त चित्र में अधिकारी व सम्मानित की गई महिला चालक।

### सड़क सुरक्षा अभियान के तहत करवाई जा रही कार्यशाला

**हिमाचल** परिवहन विभाग की ओर से प्रदेश में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। परिवहन विभाग के निदेशक अनुपम कश्यप ने बताया कि महिलाएं आज स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ रही हैं। कश्यप ने कहा कि कार्यशाला में महिलाओं के अनुभव सुने गए, ताकि व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके। इस कार्यशाला में हर सेगमेंट पर काम करने वाली महिलाओं को शामिल किया गया था।

## डॉक्टर राजेश शर्मा ने रेलवे विस्तार पर घेरी भाजपा



**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस पार्टी के कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता डॉक्टर राजेश शर्मा ने केंद्र की सत्ता में आसीन भाजपा पर बड़ा हमला किया है। डॉ. शर्मा ने कहा कि अंग्रेजों के समय से बने पठानकोट जोगिंद्रनगर रेल लाइन को भाजपा एक इंच भी आगे नहीं बढ़ा पाई है। केंद्र और राज्य में डबल इंजन सरकार के दावे करने वाली भाजपा रेल लाइन को आगे बढ़ाना तो दूर पुरानी रेलवे लाइन की मरम्मत भी नहीं करवा पाई है, जिसके चलते कनेक्टिविटी की दृष्टि से कांगड़ा चंबा और मंडी सहित आसपास के जिले पिछड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे कनेक्टिविटी होती तो प्रदेश में आसानी से खाद्य पदार्थ व अन्य सामग्री पहुंच पाती और महंगाई भी कम होती।

लोगों को सस्ती दरों पर सामग्री मिल पाती। राजेश शर्मा ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनावों में जनता भाजपा को जमीन दिखाएगी। भाजपा के नेता दावे तो बड़े-बड़े करते हैं, पर धरातल पर कुछ नहीं दिखाई देता है। कांगड़ा से लोकसभा व राज्यसभा में दो-दो सांसद होने के बावजूद केंद्र से कांगड़ा चंबा को कुछ नहीं मिल पाया है। डॉ. शर्मा ने प्रदेश सरकार की सरकार गांव की और योजना की सराहना करते हुए कहा कि सरकार गांव-गांव में जाकर लोगों की समस्याओं का निवारण रही है, जिससे लोगों को घर द्वार पर न्याय मिल पाए। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा को पर्यटन राजधानी बनाने का ऐलान कर काम शुरू कर दिया है, जिसके जल्द ही धरातल पर परिणाम नजर आएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा राम मंदिर पर भी राजनीति कर रही है, जबकि प्रभु राम तो सबके हैं और कांग्रेस सभी देवी-देवताओं का सम्मान करती है। शिमला के जाखू मंदिर में हनुमान जी के साथ प्रभु राम की प्रतिमा लगाने के मुख्यमंत्री के निर्णय का भी शर्मा ने स्वागत किया है।

# गणतंत्र दिवस पर एयर बोर्न वीडियो व ड्रोन कैमरा निषेध

## रिज मैदान नो फ्लाई जोन घोषित, डीसी शिमला ने जारी किए निर्देश, 26 को रिज पर केवल आधिकारिक कैमरों को स्वीकृति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

रिज मैदान पर गणतंत्र दिवस के दिन एयर बोर्न वीडियो व ड्रोन कैमरा निषेध होंगे। इसको लेकर जिलाधीश शिमला ने दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

जिला दंडाधिकारी एवं जिलाधीश शिमला आदित्य नेगी ने कहा कि राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह 2024 जो कि रिज मैदान में मनाया जा रहा है, सुरक्षा के दृष्टिगत रिज को नो फ्लाई जोन घोषित किया गया है। 26 जनवरी 2024 को रिज मैदान पर केवल आधिकारिक कैमरों को स्वीकृति प्रदान की गई है। उपायुक्त ने बताया कि यह निर्णय जिला प्रशासन ने सुरक्षा को मद्देनजर रखकर लिया है।



रिज मैदान पर गणतंत्र दिवस परेड के लिए फुल ड्रेस रिहर्सल में भाग लेते सेना के जवान।

### 23 टुकड़ियों ने की फुल ड्रेस रिहर्सल

**शिमला।** राजधानी शिमला गणतंत्र दिवस समारोह के लिए पूरी तरह से तैयार है। रिज पर आयोजित राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस के लिए परेड रिहर्सल पूरी हो चुकी है। इसमें सेना समेत 22 टुकड़ियों ने फुल ड्रेस में परेड की। इस परेड की सलामी एडीजीपी अभिषेक त्रिवेदी द्वारा ली गई। इसके बाद विभिन्न टुकड़ियों ने लाइन में लगकर स्कैंडल प्वाइंट से रिज तक मार्च पास्ट किया। परेड में हिमाचल पुलिस के अलावा हरियाणा पुलिस, जेएंडके राइफल्स, आईटीबीपी, पुलिस महिला व पुरुष टुकड़ियां, सेना पाइप बैंड, ट्रैफिक पुलिस, पुलिस बैंड, होमगार्ड, अग्निशमन सेवा, डाक सेवा, होम गार्ड बैंड, पूर्व सैनिक दल, एनसीसी, एनएसएस, भारत स्काउट एंड गाइड्स, आपदा प्रबंधन समूह तथा पुलिस का श्वान दल आदि भाग ले रहे हैं। रिज पर मंच सजाने का काम भी शुरू हो गया है।

### छात्राएं सांस्कृतिक कार्यक्रम करेंगी पेश

राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस पर पहली बार बालिका आश्रम टूटीकंडी की छात्राएं भी स्टेज पर प्रस्तुति देंगी। इसके अलावा विभिन्न जिलों के सांस्कृतिक दल, एनजेडसीसी पटियाला के दल और शहर के स्कूली के छात्र देशभक्ति के कार्यक्रम पेश करेंगे। एडीएम प्रोटोकॉल सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए नोडल अधिकारी होंगे।

### मौसम बिगड़ने पर गेयटी में होगा कार्यक्रम

गणतंत्र दिवस के दिन अगर बारिश या बर्फबारी होती है, तो सांस्कृतिक कार्यक्रम को गेयटी थियेटर में किया जाएगा। इसके लिए पहले से कार्यक्रम के लिए सजाया जा रहा है। जिला प्रशासन की ओर से इसकी तैयारियां की जा रही है, जो कलाकार कार्यक्रम में भाग लेंगे उनकी ऑडिशन प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। चयनित कलाकार अपनी प्रस्तुति के लिए तैयारी कर रहे हैं।



### सुरक्षा की पूरी तैयारी

इस दौरान रिज और आस-पास के एरिया में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। जगह-जगह पुलिस बल के अलावा क्यूआरटी और ड्रोन कैमरे की पैनी नजर रहेगी। साथ ही रिज आने के लिए तीन गेट लगेंगे, जिसमें एक में वीआईपी एंट्री होगी और बाकी दो में आम जनता चेकिंग के बाद आ सकेगी। महिलाओं और पुरुषों के लिए एंट्री गेट अलग से तैयार होने हैं।

## सचिवालय से रिज मैदान तक चलाया सड़क सुरक्षा ड्राइव

**शिमला।** परिवहन विभाग की ओर से प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बुधवार को राज्य सचिवालय से रिज मैदान तक 'वॉक फॉर सेफ्टी' का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि राज्य सचिवालय से सड़क सुरक्षा अभियान का यह संदेश पूरे प्रदेश में जाएगा। आने वाले वक्त में इस मुहिम को और भी ज्यादा तेज किया जाएगा। प्रदेश में 90 फीसदी मामले सड़क दुर्घटनाएं मानवीय चूक की वजह से होती हैं। ऐसे में सावधानीपूर्वक ड्राइव करना बेहद जरूरी है। प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में 13 फीसदी तक की कमी आई है। राज्य सरकार इसे और कम करने का लक्ष्य लेकर आगे चल रही है। उन्होंने प्रदेश के सभी लोगों से नियमों का पालन करते हुए ड्राइव करने की अपील की है। इस सेफ्टी वॉक में राज्य सचिवालय के कर्मचारियों का भी साथ मिला।

# गेयटी में बुनकर मेले की धूम, कुल्लवी शॉल, टोपी की ओर आकर्षित हुए लोग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में बुधवार से बुनकर मेला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी 10 दिन तक चलने वाली है।

इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य हिमाचली संस्कृति को बढ़ावा देना और लोगों को रोजगार देना है। कुल्लू और किन्नौर के लोगों की ओर से यह प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रदर्शनी में लाई गई सभी वस्तुओं को हाथों द्वारा बनाया गया है। थियेटर में प्रदर्शनी 24 जनवरी से दो फरवरी तक चलेगी। सुबह 10 बजे से शाम सात बजे तक यह प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसमें सभी वस्तुओं को हाथों द्वारा बनाया गया है। यहां कुल्लू और किन्नौरी शॉल, वूलन सूट, गर्म जुराबें, कुल्लू-किन्नौरी टोपी, जैकेट्स और मफलर, पश्मीना और अंगोरा शॉल, वूलन स्टॉल और कोटकी ऊनी पट्टी लगाई गई है। यहां पर सर्दियों वाले कपड़े रखे गए हैं। इनके शुरुआती दाम 1500 हैं और 25000 तक अंतिम दाम हैं। यहां अधिकतर लोग कुल्लवी शॉल और टोपी की ओर आकर्षित हो रहे हैं। यह प्रदर्शनी हर साल लगाई जाती है।



गेयटी थियेटर में आयोजित बुनकर मेला प्रदर्शनी एवं बिक्री में खरीददारी करते लोग।

# बागवानी विकास के उद्देश्य से बागवान किए जागरूक



बागवानी शिविर में भाग लेते स्थानीय बागवान।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, रोहड़ू**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत एनसीटीसी विभाग की ओर से संपोषित की जा रही परियोजना आनंद ज्योति संस्था की ओर से समुदाय के लिए एक दिवसीय विज्ञान मीडिया संवाद का आयोजन चिड़गांव तहसील के चिलाला व पुजारली गांव मे किया गया।

इस शिविर के दौरान सेवानिवृत्त एचडीओ डॉ. आगर दास ठाकुर ने बतौर विशेषज्ञ किसानों व बागवानो कों स्थानीय बोली में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस शिविर के दौरान समूहों और बागवानी में विज्ञान मीडिया से समुदाय और युवाओं के वैज्ञानिक सोच कों विकसित करना, जैविक और प्राकृतिक बागवानी के बारे मे जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर भम्फड पंचायत की उपप्रधान अनिल भेथवान सहित 100 उपस्थित रहे।

## भाजपा प्रवक्ता चेतन और संदीपनी भारद्वाज ने कांग्रेस पर उठाए सवाल

# पर्यटन संकट में, सरकार असमंजस में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा प्रवक्ता चेतन बरागटा और संदीपनी भारद्वाज ने कांग्रेस सरकार पर सवाल उठाए हैं कि पर्यटन विभाग प्रदेश को 15000 करोड़ का रेवेन्यू जरनेट करता है।

प्रदेश में पर्यटन विभाग बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन प्रदेश की कांग्रेस सरकार पूरी तरह कन्फ्यूज है। जहां प्रदेश के मुख्यमंत्री को इस विभाग के माध्यम से प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने का प्रयास व इस विभाग को अधिक सुदृढ़ करने के लिए सहयोग करना चाहिए। प्रदेश सरकार ने छोटे यात्री वाहनों पर टैक्स में छह गुना बढ़ोतरी लागू की है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने 20 जनवरी को राजपत्र में अधिसूचना जारी कर इसे लागू कर दिया है। प्रदेश में पंजीकृत पांच सीटों से कम क्षमता वाले व्यावसायिक वाहनों को सालाना 1,350 के स्थान पर 8,000 रुपए, पांच सीटर से अधिक और 10 सीटर से कम क्षमता वाले वाहनों को 800 के स्थान पर 2,000 रुपए प्रति सीट प्रति साल, 10 सीटर से अधिक और 23 सीटर से कम वाले वाहनों पर 1,000 के स्थान पर 3,000 रुपए प्रति सीट प्रति साल और 23 सीटर से अधिक क्षमता वाले वाहनों को 1,500 के स्थान पर 5,000 रुपए प्रति सीट किराया चुकाना होगा।

### बढ़ी हुई दरों को प्रदेश सरकार ले वापस



चेतन बरागटा ने कहा कि बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों के लिए सरकार ने एक सितंबर 2023 से विशेष पथकर की दरें 3,000 से 6,000 रुपए रोजाना लागू कर दी थी, जिसके बाद बाहरी राज्यों के ट्रेवल एजेंटों ने प्रदेश का बहिष्कार करना शुरू कर दिया था। चेतन बरागटा ने कहा बढ़े हुए दरों के कारण प्रदेश में बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों की संख्या में कमी आई है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि बढ़ी हुई दरों को प्रदेश सरकार वापस ले और प्रदेश पर्यटन विभाग को सुदृढ़ करने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाएं।

# कारीगरों ने तैयार की 70 प्रतिशत झांकियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में गणतंत्र दिवस को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। गणतंत्र दिवस पर सभी विभागों की ओर से ऐतिहासिक रिज पर झांकियां निकाली जाएंगी। इन झांकियों के माध्यम से लोगों को सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। झांकियों को इस तरह से तैयार किया जा रहा है कि लोगों को इन योजनाओं की जानकारी मिल सके। इस समारोह में हिम ऊर्जा, बागवानी विभाग , कृषि, पर्यटन विभाग, पुलिस विभाग, पशुपालन विभाग, उद्योग विभाग, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, शिक्षा विभाग , नगर निगम शिमला, परिवहन विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग की झांकियां मुख्य आकर्षण रहेंगी। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रदेश व अन्य राज्यों की लोक संस्कृति को दर्शाने पर जिला प्रशासन ने बल देते हुए कार्यक्रमों में विविधता लाने के निर्देश दिए व शिक्षा विभाग की ओर से प्री प्राइमरी स्कूलों को शामिल करते हुए झांकी बनाई जा रही है। निगम शहर को कूड़ा रहित कैसे बनाया जा सकता है इस पर काम करते हुए लोगों को दिखाते हुए झांकी तैयार की जा सकती है। इस बार राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम शिमला के रिज मैदान पर होना है। गणतंत्र दिवस के दिन लोगों को कुछ नया देखने को मिले, इसको लेकर काम किया जा रहा है।



गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के लिए शिक्षा विभाग की झांकी तैयार करते कारीगर।

### राज्यपाल करेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल करेंगे। गणतंत्र दिवस के लिए होने वाले कार्यक्रम के लिए पुलिस, अर्धसैनिक बल, सेना, स्कूली बच्चों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। सुरक्षा की दृष्टि से शहर को पांच सेक्टर में बांटा जाएगा। शहर में होने वाली गतिविधियों पर सीसीटीवी कैमरों से भी नजर रखी जाएगी।

# जुब्बल विस क्षेत्र के 99.9 प्रतिशत गांव सड़कों से जुड़े : रोहित ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रारंभिक एवं उच्चतर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बुधवार को जुब्बल विधानसभा क्षेत्र भोलाड पंचायत के राथल स्कूल में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता की और लोगों की समस्याओं को सुना।

इस दौरान उन्होंने कहा कि सड़कें क्षेत्र के विकास में विशेष स्थान रखती हैं। इसी दिशा में जुब्बल विधानसभा क्षेत्र के 99.9 प्रतिशत गांव सड़कों से जुड़ चुके हैं और शेष कच्ची सड़कों को पक्का करने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। इस क्षेत्र में 32 प्लस टू स्कूल कांग्रेस सरकार के समय में ही खोले गए हैं।



शिक्षा मंत्री राथल स्कूल में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए।

### राथल स्कूल के नए ब्लॉक का किया शुभारंभ

शिक्षा मंत्री ने राथल स्कूल के नए ब्लॉक का शुभारंभ किया, जोकि एक करोड़ 53 लाख रुपए की राशि से तैयार किया गया है। इस नए ब्लॉक में चार कक्षाएं, एक प्रधाचार्य कक्ष, एक स्टाफ कक्ष, एक खेल कक्ष और एक ऑफिस कक्ष है। इस नए ब्लॉक से क्षेत्र के छात्रों को लाभ होगा।

## शहीद दिवस पर रखा जाएगा दो मिनट का मौन

**शिमला।** 30 जनवरी को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहीद दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य पर पूरे देश में भारत के स्वतंत्रता संघर्ष में अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखा जाएगा। 30 को पूरे प्रदेश में शहीद दिवस के अवसर पर प्रातः 11.00 बजे दो मिनट का मौन रखा जाएगा।

इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम तथा राष्ट्रीय एकता विषयों पर वार्ता एवं भाषण हाइब्रिड मोड पर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने आम जनता से भी आग्रह किया कि शहीद दिवस के आयोजन में वे अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# बेटियों को शिक्षा देकर बनाएं सबल

## बचत भवन में हुआ राष्ट्रीय बालिका सप्ताह का समापन समारोह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राष्ट्रीय बालिका सप्ताह का समापन समारोह बुधवार को शिमला के बचत भवन में एडीसी शिमला अभिषेक वर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इसके बाद मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उनके साथ विशिष्ट अतिथि उपमहापौर उमा कौशल भी कार्यक्रम में मौजूद रही। एडीसी ने कहा कि हमारा देश बसुधैव कटुम्बकम की धारणा पर चलता है, लेकिन अब संयुक्त परिवार कम रह गए हैं। मानवता को सुदृढ़ करना पड़ेगा तभी समाज में समानता आएगी। बेटियों को कन्या पूजन तक ही महत्व न दें, बल्कि उन्हें शिक्षा देकर सबल बनाएं, ताकि उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिले। बेटियों को सशक्त बनाना है, तो उनको गर्भ में आने से लेकर उनकी किशोरावस्था मातृत्व व वुदधावस्था तक सुदृढ़ करना होगा। यह तभी संभव है जब समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच हो। इस एक दिवसीय कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी ममता पॉल ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। 24 जनवरी को बालिका दिवस मनाने की वजह यह है कि इस दिन इंदिरा गांधी ने पहली बार महिला प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। इसका मकसद बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है।



राष्ट्रीय बालिका सप्ताह के समापन समारोह पर बचत भवन में मौजूद अधिकारी।

### चहलकदमी ...



रिज मैदान पर बुधवार को सर्द मौसम में गर्म कपड़े पहने चहलकदमी करते पर्यटक।

# लंबीधार-इंद्रनगर बाइपास में लगे कूड़े के ढेर

## बदबू से लोग परेशान, इस जगह पर निगम की ओर से लगाया गया था डंपर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में उपनगर ढली के साथ लगते लंबीधार इंद्रनगर बाइपास पर कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। कूड़े के इन ढेरों से बदबू के चलते स्थानीय लोग काफी परेशान हैं। पहले इस जगह पर नगर निगम की ओर से डंपर लगाया गया था। अब उसे हटा दिया गया है। लोग सड़क के किनारे ही कूड़ा कचरा फेंकते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि डंपर इसलिए उठाया कि यह क्षेत्र ढली पंचायत के अंतर्गत आता है, जबकि ऊपरी इंद्रनगर वार्ड नगर निगम के तहत आता है। पंचायत और निगम में बंटे इस क्षेत्र में हर जगह गंदगी के ढेर ही नजर आ रहे हैं। इंद्रनगर में बने होम स्टे का कूड़ा-कचरा भी यहीं पर फेंका जा रहा है। कूड़े के लगे ढेर से लोग काफी परेशान हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से समय से कूड़ा हटाने व यहां पर डंपर लगाने की मांग की है।

### जनता ने की डंपर लगाने की मांग



लंबीधार के स्थानीय लोग मुनीष ठाकुर, एलआर शर्मा, दलीप ठाकुर, अभिषेक शर्मा ने सरकार से मांग की है कि इस स्थान पर जल्द ही डंपर की व्यवस्था की जाए, ताकि स्वच्छता को बनाया जा सके। इस बारे में ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री व मेयर नगर निगम से भी आग्रह किया गया था कि दोबारा से डंपर की व्यवस्था की जाए, ताकि लोग कूड़ा-कचरा डंपर में डाल सकें।

### बस यात्री परेशान

लंबीधार इंद्रनगर बाइपास से होकर बसें गुजरती हैं। ऊपरी शिमला जाने के लिए लोग यहां पर बसों का इंतजार करते हैं, लेकिन पूरे ढली व इंद्रनगर की गंदगी यहां पर फेंकी जा रही है, जिससे हर तरफ दुर्गंध फैली हुई है।

### कुत्ते व बेसहारा पशुओं से जनता परेशान

लोगों का यहां से गुजरना जोखिम भरा हो गया है। आवारा कुत्ते व बंदरों के झुंड खाना तलाशने के लिए गंदगी को चारों ओर फैला देते हैं, कई बार तो ये आक्रामक भी हो जाते हैं ।

**समस्या** राजधानी से मात्र 23 से 25 किमी दूर स्थित गांव, एक घंटे की पैदल यात्रा कर पहुंचते हैं सड़क तक

# आजादी के 76 साल बाद भी सड़क से वंचित नेर गांव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

विकास की लहर की बात करने वाले हिमाचल प्रदेश में 76 वर्षों के बाद भी शिमला के मात्र 23 से 25 किमी दूर बाइचड़ी पंचायत के अंतर्गत आने वाले गांव नेर में आज भी लोग सड़क सुविधा से वंचित हैं। नेर गांव के लोग आधारभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं।

लोगों को सड़क तक पहुंचने के लिए एक घंटे का पैदल सफर तय करना पड़ता है। गांव में सड़क न होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। अगर कोई व्यक्ति बीमार पड़ जाता है, तो उसे सड़क तक पहुंचाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, परेशानी तब होती है, जब गर्भवती महिला को अस्पताल पहुंचाने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है, बता दें कि एक-दो बार इस तरह के केस में मां ने अपने बच्चे को खोया है।

### मरीजों को कंधे पर उठाकर पहुंचाते हैं अस्पताल



ग्रामीणों के मुताबिक गांव में सड़क न होने के कारण उन्हें काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। मरीजों और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए उन्हें काफी दिक्कतें होती हैं। कोई इमरजेंसी होने पर पीड़ित व्यक्ति को कंधे पर उठा कर ले जाना पड़ता है। गांव में सड़क न होने की सूचना वे कई बार अधिकारियों को दे चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी अभी तक अधिकारियों की ओर से कोई कदम नहीं उठाए गए हैं। हर बार आश्वसन देकर ग्रामीणों को वापस जाने के लिए कह दिया जाता है। नेता भी चुनाव से पहले यहां वोट मांगने के लिए आते हैं व बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन चुनाव खत्म होने के बाद हमारी सुध लेने कोई नहीं आता।

### किसी भी मंत्री से नहीं मिली कोई मदद

ग्रामीणों का कहना है कि हमें कभी भी किसी भी मंत्री से कोई मदद नहीं मिली। नेता-मंत्री सिर्फ चुनावों के समय गांव आते हैं और उसके बाद कोई हमें पूछता तक नहीं है। गांव में असुविधाओं का यह आलम प्रदेश के जिम्मेदार अधिकारियों के काम और इनकी जिम्मेदारियों को पूरी करने की कोशिशों पर सवाल उठाता है। गांव में सड़क जैसी जरूरी सुविधा न होना यहां के बच्चों और ग्रामीणों को रोज जोखिम उठाने को मजबूर करती है। वहीं, गांव में सड़क न होने के कारण ग्रामीणों को राशन लाने तक में दिक्कत होती है। गांव में जीवनयापन के लिए जो भी सब्जी, अनाज, फल उगाया जाता है। उसे भी उठा कर सड़क तक ले जाना पड़ता है।

# शिमला शहर में 55 करोड़ रुपए से बिजली की तारें होंगी भूमिगत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला शहर में 55 करोड़ रुपए की लागत से बिजली की तारों को भूमिगत किया जाएगा।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए शिमला शहर की अधोसंरचना को और सुदृढ़ करने तथा इसको विस्तार प्रदान करने के दृष्टिगत 100 करोड़ रुपए स्वीकृत किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर में भारी बर्फबारी और प्रतिकूल मौसम के दौरान भी उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी। प्रदेश सरकार के इस प्रयास से शहर का सौंदर्यीकरण बढ़ाने के साथ-साथ शहर का पुराना स्वरूप बहाल करने में मदद मिलेगी। सुक्खू ने कहा कि शहर के सर्कुलर रोड के सुधारीकरण और चौड़ा करने के लिए 45 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे। इससे सड़कों पर वाहनों की सुचारू आवाजाही से स्थानीय जनता और पर्यटकों को सुविधा मिलेगी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को लोगों की सुविधा के लिए सर्कुलर रोड से सभी बाधाओं का निवारण करने के निर्देश दिए।

### पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए योजनाएं की शुरू

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू की हैं और पर्यटकों की बढ़ती आमद के मद्देनजर उनकी सुविधा के लिए आवश्यक अधोसंरचना विकसित की जा रही है। प्रदेश सरकार राज्य में पर्यटन महत्व के स्थलों के सौंदर्यीकरण और आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। पर्यटन स्थलों को विश्व स्तर के अनुरूप तैयार करने के लिए समग्र विकास को प्राथमिकता प्रदान की जा रही है।

### सर्कुलर रोड के सुधारीकरण और चौड़ा करने के लिए 45 करोड़ किए जाएंगे व्यय

# हिंदूवादी संगठनों का डेंटल कॉलेज में प्रदर्शन, एचओडी लंबी छुट्टी पर भेजे

## आरोप-22 को डेंटल कॉलेज में नहीं की छुट्टी, गैरहाजिर छात्रों पर ठोंका था फाइन

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**


हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं से बात करते कॉलेज के तहसीलदार व उपप्राचार्य।

- फोन पर बातचीत की तो धमकाने लगे एचओडी
- तहसीलदार और डीएसपी ने किया बचाव, पांच तक पूरी होगी जांच

डेंटल कॉलेज पांवटा साहिब में हिंदू संगठनों ने धरना प्रदर्शन किया और जय श्री राम के नारे लगाए। दरअसल, हिंदू संगठनों की ओर से सचिन ओबेरॉय और अजय संसरवाल ने कहा कि डेंटल कॉलेज के छात्रों ने एचओडी रमनदीप सिंह पर संगीन आरोप लगाए।

उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को हिमाचल प्रदेश के सभी शिक्षण संस्थानों में छुट्टी रही और उसी के तहत विद्यार्थी कॉलेज नहीं पहुंचे, ऐसे में स्कूल के एचओडी ने विद्यार्थियों से फाइन तो किया ही, मगर उनकी धार्मिक भावनाओं को भी आहत किया। हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों के कहा कि जब फोन पर मामला सुलझाने का प्रयास किया गया तो एचओडी ने उन्हें भी धमकाना शुरू कर दिया।

इस पर हिंदू संस्थाओं के लोग भी एकत्र हुए। कॉलेज प्रशासन के खिलाफ परिसर में धरना दिया और मांग उठाई कि एचओडी को सस्पेंड किया जाए। इस पर उपप्राचार्य ने कहा कि उन्हें उचित कार्रवाई होने तक छुट्टी पर भेज दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त कॉलेज के छात्रों की ओर से कॉलेज पर कई आरोप लगाए गए हैं। वहीं, मौके पर तहसीलदार ऋषभ शर्मा व डीएसपी मानवेंद्र ठाकुर भी पहुंचे। उन्होंने स्थिति को काबू करने का प्रयास किया। कॉलेज प्रशासन को तुरंत मामले पर कड़ा संज्ञान लेने के निर्देश दिए। तहसीलदार ने दोनों पक्षों के बीच बातचीत की और कहा कि पांच फरवरी तक इस मामले पर कार्रवाई की जाए।

### विनय आज करेंगे डेंटल कॉलेज के समारोह की अध्यक्षता

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**


विनय कुमार विस उपाध्यक्ष।

विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार आज पांवटा साहिब तथा कल नाहन में कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जानकारी के अनुसार विधानसभा उपाध्यक्ष अपने पांवटा साहिब प्रवास कार्यक्रम के दौरान आज दोपहर एक बजे डेंटल कॉलेज, पांवटा साहिब के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

विधानसभा उपाध्यक्ष 26 जनवरी को नाहन में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल के साथ उपस्थित रहेंगे।

# नौणी विवि के कुलपति राष्ट्रपति भवन में गणतंत्र दिवस एट होम समारोह में होंगे शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

नौणी स्थित डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के कुलपति प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल को देश के 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति भवन में एट होम रिसेप्शन में भाग लेने के लिए निमंत्रण मिला है। प्रो. चंदेल इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के लिए आमंत्रित शिक्षाविदों के प्रतिष्ठित समूह का हिस्सा होंगे।

राष्ट्रपति भवन का निमंत्रण देश भर में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में प्रोफेसर चंदेल के उल्लेखनीय योगदान को दर्शाता है। प्राकृतिक कृषि खुशहाल किसान योजना के कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक खेती को एक जन आंदोलन बनाने में अहम भूमिका निभाई है।

राष्ट्रीय स्तर पर प्रोफेसर चंदेल केंद्रीय कृषि मंत्री की अध्यक्षता में गठित राष्ट्रीय समिति के सदस्य हैं, जो देश में प्राकृतिक खेती के विस्तार के लिए कार्य कर रही है।


प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल।

प्रो. चंदेल के दूरदर्शी नेतृत्व में नौणी विवि ने प्राकृतिक खेती पद्धती पर वैज्ञानिक डेटा इकट्ठा करने में अग्रणी भूमिका निभाई है। इससे न केवल भारतीय वैज्ञानिक समुदाय के भीतर बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्राकृतिक कृषि की ओर ध्यान केंद्रित किया है।

देश भर में कृषि विज्ञान केंद्रों और विभिन्न विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी विशेषज्ञता साझा करने के अलावा, विश्वविद्यालय को यूरोपीय आयोग द्वारा वित्त पोषित कृषि-पारिस्थितिकी फसल प्रथाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय पहल में एक भागीदार संस्थान के रूप में मान्यता दी गई है। इस परियोजना में 11 देशों के 15 प्रसिद्ध संस्थान शामिल हैं, जिसमें नौणी विवि भारत का प्रतिनिधित्व करने वाला एकमात्र विश्वविद्यालय है।

प्रो. चंदेल ने राष्ट्रीय स्तर पर कृषि स्नातकों एवं स्कूली छात्रों के लिए एक व्यापक प्राकृतिक खेती पाठ्यक्रम तैयार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके अलावा विश्वविद्यालय राज्य में स्थापित विभिन्न प्राकृतिक खेती किसान उत्पादक कंपनियों को सहायता प्रदान करने के लिए नाबार्ड और हिमाचल के कृषि विभाग के साथ सक्रिय रूप से सहयोग कर रहा है। प्राकृतिक खेती में प्रोफेसर चंदेल के बहुमुखी योगदान ने न केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि वैश्विक मंच पर भी विश्वविद्यालय का कद काफी बढ़ाया है।

## न्यूज ब्रीफ

### आईटीआई तकनीकी कर्मचारी संघ के चुनाव संपन्न


आईटीआई तकनीकी कर्मचारी संघ सोलन के प्रधान कर्मजीत सिंह बने, साथ हैं अन्य।

**सोलन।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सोलन में तकनीकी कर्मचारी संघ के चुनाव संपन्न हुए। चुनाव पटवारी एवं कानूनगो संघ के अध्यक्ष शमशेर सिंह ठाकुर व नेक राम ठाकुर की देखरेख में संपन्न हुए। चुनाव में कर्मजीत सिंह को प्रधान, तेंजीन डोलमा को वरिष्ठ उपप्रधान, महेश दत्त को महासचिव, रमेश कुमार शर्मा को संयुक्त सचिव, सीमा शर्मा को वित्त सचिव, मोहिंद्र कुमार को प्रेस सचिव, सुरेंद्र ठाकुर को मुख्य सलाहकार व पूजा शर्मा को सलाहकार के पद पर सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। सभागार में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय भी लिया कि निर्वाचित पदाधिकारी संगठन के अन्य पदों का विस्तार करेंगे। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने सभी सदस्यों को आश्वस्त किया कि वे कर्मचारियों की सभी समस्याओं को हर स्तर पर उठाने व समाधान करने का हरसंभव कोशिश की जाएगी।

### 'सरकार जनता के द्वार' फ्लॉप : मेला राम

**सोलन।** सिरमौर जिला भाजपा के प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने सुक्खू सरकार पर बिना बजट के ही 'सरकार जनता के द्वार' कार्यक्रम करने का आरोप लगाया है। जिला भाजपा प्रवक्ता ने बताया कि एक तरफ तो प्रदेश सरकार आर्थिक बदहाली के रोने रो रही है और दूसरी तरफ बिना बजट के ही सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के माध्यम से आम जनता को ठगने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के द्वारा कार्यक्रम पूरी तरह से फ्लॉप कार्यक्रम है। उन्होंने आरोप लगाया कि सिरमौर जिला में बाढ़ राहत के नाम पर कहां-कहां और किन लोगों को कितना पैसा बांटा गया, इसका आम लोगों को कोई पता नहीं है क्योंकि राहत राशि असली प्रभावितों तक पहुंची ही नहीं। उन्होंने जिला प्रशासन से बांटी गई राहत राशि का ब्यौरा उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। इस दौरान जिला भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष रणवीर ठाकुर और रेणुका भाजपा मंडल के सचिव गोपाल भंडारी भी उपस्थित थे।


सिरमौर जिला भाजपा के प्रवक्ता मेलाराम शर्मा व अन्य बातचीत करते हुए।

### पीपलीवाला स्कूल में मनाया बालिका दिवस


कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी व रोटरी क्लब के सदस्य।

**पांवटा साहिब।** रोटरी क्लब ने गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल पीपलीवाला में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। स्कूल के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया। जैसे कि स्लोगन राइटिंग पेंटिंग कंपटीशन नृत्य नाटिका आदि की प्रस्तुति एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। रोटरी क्लब की प्रधान कविता गर्ग ने कहा कि केवल स्कूल के बच्चों ने ही नहीं, स्कूल के शिक्षकों ने भी इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रोटरी क्लब की प्रधान कविता गर्ग ने बच्चों को जीवन में मेहनत एवं लगन के बारे में जागरूक किया। रोटरी क्लब के द्वारा जिन बच्चों ने तरह-तरह की क्रियाओं में भाग लिया था, उनको क्लब की तरफ से पुरस्कार बांटे गए। इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब की प्रधान कविता गर्ग एवं क्लब के कोषाध्यक्ष राकेश गर्ग आदि उपस्थित थे।

### समारोह में बॉलीवुड गायक ने लगाए चार चांद


राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पांवटा में मंच पर नृत्य करते अतिथि।

**पांवटा साहिब।** राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पांवटा साहिब में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक और हिमाचल प्रदेश कांग्रेस पार्टी के उपाध्यक्ष चौधरी किरनेश जंग मुख्य अतिथि रहे और अश्वनी शर्मा तथा विकास बंसल विशिष्ठ अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर स्थानीय स्कूल की बालिकाओं और जीव विज्ञान की प्रवक्ता प्रतिभा पांडे ने मंच संचालन किया। प्रधानाचार्य डॉ. दीर्घायु प्रसाद ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, साथ ही बॉलीवुड गायक प्रवीन चौहान विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इस मौके पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

### चिकित्सालय के लिए रुपए नहीं दिलवा पा रहे शांडिल


शैलेंद्र गुप्ता

**सोलन।** भाजपा के जिला प्रवक्ता शैलेंद्र गुप्ता ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य का जिम्मा संभाले सोलन के विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल अपने ही गृहक्षेत्र के क्षेत्रीय अस्पताल की सुध लेने की फुर्सत नहीं है। गुप्ता ने कहा कि पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने जनता के लिए जिस सोलन अस्पताल के आधुनिक भवन के निर्माण की कवायद शुरू की थी, उस पर सुक्खू सरकार और स्थानीय विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री की नाकामी ने ग्रहण लगा दिया है। अब बजट के अभाव में अस्पताल के निर्माण का कार्य रुक गया है। स्वास्थ्य मंत्री एवं सोलन के विधायक अपने गृह क्षेत्र के अस्पताल के लिए भी फंड नहीं दे पा रहे, ऐसे में उनकी यह नाकामी पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विकास पर भी प्रश्नचिन्ह है।

# श्रीराम शोभायात्रा में जुटे हजारों लोग

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**


शोभायात्रा के दौरान पंचमुखी हनुमान की झांकी ने लोगों का ध्यान खींचा

22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई। विधि-विधान के साथ यह भव्य कार्यक्रम आयोजित हुए। पूरे देश में दीपावली जैसा माहौल देखने को मिला। इसी श्रेणी में पांवटा साहिब में भी 23 जनवरी को भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धा व उत्साह के साथ यह शोभायात्रा निकाली गई।

यह यात्रा शिव मंदिर पातलियों से चलकर बद्रीपुर शिव मंदिर से होते हुए वाई प्वाइंट, मेन बाजार से नगर परिषद मैदान में जाकर समाप्त हुई, जहां शाम को भव्य कीर्तन का आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में भक्त पहुंचे। तेजी ब्रदर्स अमृतसर वालों ने कार्यक्रम में समां बांधा। गायकों पर फूलों की बरसात की गई। इसके बाद नगर पालिका मैदान में ही विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया।

### मुस्लिम समुदाय के स्टॉल ने खींचा सबका ध्यान

**इस** पूरे कार्यक्रम और शोभायात्रा के दौरान वाल्मीकि चौक पर लगे मुस्लिम समुदाय के चाय पानी के स्टॉल ने सभी का ध्यान खींचा। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कहा कि हम मिल-जुलकर रहते हैं और हमारा प्रयास है कि हम एकता का संदेश इस समाज में दें। उन्होंने खुशी और उत्साह के साथ हिंदुओं के साथ मिलकर इस ऐतिहासिक पल को मनाया।


मुस्लिम समुदाय की स्टाल पर भी शोभायात्रा में आए श्रद्धालुओं ने जलपान किया।

# शिक्षा जीवन की भूलभूत आवश्यकता : विस उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, श्री रेणुका जी**

- कमलाड़ स्कूल के समारोह में बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत

विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कमलाड़ में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कहा कि शिक्षा जीवन की मूलभूत आवश्यकता है और इससे व्यक्ति का संपूर्ण विकास संभव है। स्कूलों में अध्यापकों के पदों को भरने के प्रयास किए जा रहे हैं। अध्यापकों के 6500 पदों को भरने की प्रक्रिया जारी है और इन अध्यापकों को दूरदराज के क्षेत्रों में तैनात करके बच्चों को गुणात्मक शिक्षा सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि अध्यापकों का शहरों की ओर पलायन करना दूरवर्ती क्षेत्रों के बच्चों को शिक्षा से वंचित करने समान है और इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जाना चाहिए। विधानसभा उपाध्यक्ष ने इस अवसर पर 68 लाख रुपए की लागत से बनने वाले स्कूल के अतिरिक्त भवन का भी शिलान्यास किया। इस अवसर पर विनय कुमार ने शैक्षणिक व अन्य खेलकूद गतिविधियों में उत्कृष्ट स्थान हासिल करने वाले होनहार विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन हेतु 11 हजार स्कूल प्रबंधन को देने की घोषणा की है।

इससे पूर्व, स्कूल के प्रधानाचार्य अरुण कुमार ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी तथा स्कूल की ओर से विभिन्न मांगे भी रखीं। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एलआर वर्मा, पुलिस अधीक्षक रमन कुमार मीणा, एसडीएम रजनेश कुमार, उपनिदेशक उच्च शिक्षा कर्म चंद, खंड कांग्रेस अध्यक्ष तपेंद्र चौहान, कांग्रेस सचिव मित्तर सिंह तोमर, स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जगवंत ठाकुर, भगवंती ठाकुर, विभिन्न विभागों के अधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# एचआरटीसी सोलन ने मनाया चालक दिवस

**सोलन।** एचआरटीसी सोलन ने बुधवार को चालक दिवस मनाया। क्षेत्रीय प्रबंधक ने चालकों को शुभकामनाएं दीं तथा उनके काम की प्रशंसा भी की। इस मौके पर चालकों को मिठाइयां भी बांटी गईं। सोलन परिवहन निगम के आरएम सुरेंद्र राजपूत ने कहा कि भले ही देश में सड़कों और हाई-वे की संख्या बढ़ गई है, परंतु इसके साथ वाहनों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। ऐसे में चालकों पर भी दबाव बना रहता है कि कैसे यात्रियों को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाया जाए। यह काम एचआरटीसी के चालक बखूबी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि चालक परिवहन निगम की रीढ़ की हड्डी हैं। इनका काम जोखिमपूर्ण व जिम्मेदारी भरा होता है। उनके अनुसार सोलन परिवहन निगम में समय 120 के लगभग चालक-परिचालक काम कर रहे हैं। परिवहन निगम समय-समय पर अपने चालकों को सम्मानित भी करता है। यही नहीं हिमाचल परिवहन निगम के चालक हिमाचल की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में तो काम करते हैं, साथ ही दूसरे राज्यों में भी इनको आदर की दृष्टि से देखा जाता है।

# त्वरित इंजीनियरिंग और इसके अनुप्रयोगों में अपनी विशेषज्ञता व अनुभव किए साझा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

- शूलिनी विश्वविद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर कार्यक्रम का किया आयोजन

शूलिनी यूनिवर्सिटी में योगानंद स्कूल ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंप्यूटर एंड डेटा साइंस ने एसीएम स्टूडेंट चैप्टर के साथ साझेदारी में डीप डाइव इनटू जेनेरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नामक सात दिवसीय कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह आयोजन 16 को शुरू हुआ था, जिसमें हिमाचल प्रदेश के विभिन्न स्कूलों के युवा समूह शामिल हुए।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, यानी आईआईटी दिल्ली में इनोवेशन हब फॉर कोबोटिक्स द्वारा वित्तीय रूप स्पांसर्ड इस कार्यक्रम में नौवीं से 12वीं कक्षा के नौ विद्यालयों से आए 63 छात्रों ने हिस्सा लिया। इनमें सुंदरनगर के वर्धमान महावीर पब्लिक स्कूल, महावीर पब्लिक स्कूल और पैराडाइज पब्लिक स्कूल, मंडी से गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मॉडर्न हाईटेक मॉडल स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल गोहर, एसवीएम रउरा बिलासपुर, क्रीसेंट स्कूल बिलासपुर और शिमला के मंढोरघाट के जीएसएसएस शामिल थे। उद्घाटन समारोह में प्रमुख शिक्षाविदों और उद्योग विशेषज्ञों ने भाग लिया। शूलिनी विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. वीरेंद्र रिहानी ने स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। समारोह को एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी के प्रो. लिन आर कार्टर, ग्रीनविच विश्वविद्यालय से डॉ. सामिया खान, इन्फोसिस से ऋषि प्रताप सिंह और बेनेट विश्वविद्यालय से डॉ. आशिमा यादव ने लेक्चर दिए। आईआईटी मंडी से डॉ. रितु खोसला, आईआईटी दिल्ली से डॉ. राथर गौसिया और शूलिनी विश्वविद्यालय की टीम के पीयूष सेवल, अर्चित जोशी, कृतिका राणा, रुचिका शर्मा और अनित्य गुप्ता शामिल रहे। 63 प्रतिभागियों में से 54 ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा किया।

समापन समारोह में इनोवेशन के निदेशक प्रो. आशीष खोसला और शूलिनी विश्वविद्यालय के मुख्य शिक्षण अधिकारी डॉ. आशू खोसला ने त्वरित इंजीनियरिंग और इसके अनुप्रयोगों में अपनी विशेषज्ञता और अनुभव साझा किए। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अरविंद शर्मा ने कार्यक्रम की सफलता में उनके अमूल्य योगदान के लिए सभी प्रतिभागियों, स्कूल समन्वयकों, वक्ताओं, सहायक संगठनों और शूलिनी विश्वविद्यालय विभागों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# 40 लाख से बनेगा नगर निगम सोलन का सभागार

**आर मोहन चौहान, सोलन**


ऐसे बन रहा नगर निगम सोलन का सभागार।

नगर निगम सोलन को जल्द अपना नया सभागार मिल जाएगा। इस कार्य में 40 लाख रुपए का खर्च आएगा। यह सभागार निगम कार्यालय के टॉप फ्लोर में तैयार किया जा रहा है। जगह की कमी के चलते अभी तक रेस्ट हाउस के हाल में हाउस की मीटिंग करवानी पड़ती है। अब पार्षदों को सुविधाओं से लैस सभागार मिल जाएगा।

खास बात है कि हाउस को साउंड प्रूफ बनाया गया है और इसकी प्रारूप विधानसभा शिमला की गैलरी की तर्ज पर बनाया गया है।

सभागार के सामने मेयर, डिप्टी मेयर और आयुक्त का मंच बनाया गया है, जबकि इसके विपरीत पार्षदों के बैठने के केबिन बने हैं। सभी केबिन में माइक की सुविधा होगी, जिससे साउंड सिस्टम से कनेक्ट किया जा रहा है। प्रत्येक केबिन में दो पार्षद बैठ सकेंगे। हॉल में प्रोजेक्टर की सुविधा भी रहेगी।

**भविष्य के जरूरत के हिसाब से बना सिटिंग प्लान :** सभागार हॉल में भविष्य की जरूरत के मुताबिक सिटिंग प्लान बनाया गया है। निगम में फिलहाल 17 निर्वाचित और पांच मनोनीत पार्षद हैं, मगर भविष्य में वार्डों की संख्या बढ़ने की स्थिति में पार्षदों की संख्या बढ़ जाएगी। इस लिहाज से सभागार में पहले से ही अतिरिक्त केबिन बनाए जा रहे हैं।

इसी तरह सभागार में हाउस की प्रोसिडिंग लिखने को क्लेरिकल स्टाफ का अलग केबिन बना है। साथ ही अलग से मीडिया गैलरी बनाई गई है। हॉल में सुरक्षा की दृष्टि से फायर सेफ्टी इक्विपमेंट भी लगेंगे। (अनंत ज्ञान)

### मेयर को मिलेगा नया कार्यालय

सभागार हाल के साथ ही मेयर का कार्यालय बनाया गया है, जिसमें वुडेन फिनिशिंग का कार्य प्रगति पर है। इसी कार्यालय के बाहर विजिटर गैलरी भी बनाई गई है। इसमें लोग मेयर से मिलने का इंतजार कर सकेंगे। पूर्व में मेयर रही पूनम ग्रोवर और डिप्टी मेयर राजीव कौड़ा के कार्यकाल में नया सभागार निर्माण का निर्णय लिया गया था जो अब सिरे चढ़ रहा है।

> जल्द ही सभागार का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। इसके बाद हाउस की बैठक आयोजित करने में आसानी रहेगी।
> -उषा शर्मा, मेयर नगर निगम सोलन।

**कार्यक्रम** सरकार गांव के द्वार में 18 शिकायतों का राम कुमार ने किया मौके पर ही निपटारा

# आपदा प्रभावित गांवों को आधुनिक रूप से बसाया जाएगा

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**


कृषि विभाग की प्रदर्शनी देखते सीपीएस।

दून विधानसभा के गांव साईं में बुधवार को सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीपीएस राम कुमार चौधरी ने क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुना और मौके पर निवारण किया गया। राम कुमार ने कहा कि गत वर्ष में आई आपदा के कारण साईं गांव में अत्याधिक नुकसान हुआ है और यहां के अनेक निवासियों के आवास क्षतिग्रस्त हुए हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आपदा प्रभावितों के लिए प्रदेश सरकार की ओर से 4500 करोड़ रुपए का विशेष पैकेज जारी किया है, जिसके तहत आवास निर्माण के लिए नियमानुसार भूमि और धन उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने उपायुक्त सोलन को निर्देश दिए कि आपदा प्रभावितों को आवास निर्माण के लिए शीघ्र भूमि उपलब्ध करवाने के लिए कार्रवाई अमल में लाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार संवेदनशील योजनाओं के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग को लाभान्वित करने के साथ-साथ जन-जन के घर-द्वार पर पहुंच कर समस्याओं का समाधान भी सुनिश्चित कर रही है। चौधरी ने कहा कि क्षेत्र की भुड्डु-पट्टा मार्ग का कार्य 12 करोड़ रुपए की लागत से शीघ्र आरंभ होगा।

उन्होंने कहा कि टाली में जोगिन्द्रा बैंक की शाखा, साईं में आईटीआई स्थापित करने तथा क्षेत्र में परिवहन निगम की बसें आरंभ करने का मामला मुख्यमंत्री से उठाया जाएगा। वहीं, उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने इस अवसर पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न शिकायतों का निपटारा समयबद्ध सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने कहा कि पंचायतों को विभिन्न विकास कार्यों के लिए धनराशि मिलने के उपरांत निर्माण कार्य दो माह की अवधि में शुरू करने चाहिएं, ऐसा न होने पर उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आज प्रस्तुत विभिन्न मांगों पर पैसा उपलब्ध होने के अनुसार कार्य किया जाएगा।

पुलिस उपमहानिरीक्षक मोहित चावला ने इस अवसर पर लोगों को फाइबर अपराध के विषय में जागरूक किया। सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में 18 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया, जबकि स्थानीय लोगों ने 149 मांगें प्रस्तुत कीं।

### साईं पंचायत को मिले बीस लाख

उन्होंने जल शक्ति विभाग को निर्देश दिए कि किसी भी क्षेत्र में जल वितरण में भेदभाव न किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि सरकार की कल्याणकारी योजनाएं जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने इस अवसर पर पंचायत साईं में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 20 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की।

# आज पंजैहरा में होगा 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

- शिवालिक पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम की डॉ. शांडिल करेंगे अध्यक्षता


स्वास्थ्य मंत्री डॉ. शांडिल।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल आज नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र की पंचायत पंजैहरा के शिवालिक पब्लिक स्कूल में आयोजित होने वाले सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। यह जानकारी यहां उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने दी। मनमोहन शर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रातः साढ़े 10 बजे आरंभ होगा।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत जहां विभिन्न समस्याओं का समाधान सुनिश्चित बनाया जाएगा, वहीं लोगों को सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में नशा निवारण के विषय में भी लोगों को अवगत करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित होने वाले मेगा स्वास्थ्य शिविर में रोगियों के उपचार के साथ-साथ सामान्य परीक्षण निशुल्क किए जाएंगे। रोगियों को दवाएं भी उपलब्ध करवाई जाएंगी।

कार्यक्रम में सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने लोगों से आग्रह किया विभिन्न समस्याओं के निपटारे के लिए अपने आवेदन पत्र देते समय अपना मोबाइल नंबर अवश्य अंकित करें। उपायुक्त ने लोगों से आग्रह किया कि बड़ी संख्या में पहुंचकर सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का लाभ उठाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### राजकुमार बीस सूत्री कार्यक्रम के सदस्य बने

**डाडासीबा।** जसवां-परागपुर क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और कांगड़ा केंद्रीय सहकारी सीमित बैंक के डेलीगेट राजकुमार शर्मा को योजना विभाग द्वारा जिला कांगड़ा की बीस सूत्री कमेटी का सदस्य नियुक्त किया है। शर्मा चिंतपूर्णी के साथ सटी पंचायत समनोली के निवासी हैं। इस नियुक्ति के लिए राजकुमार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और कामगार कल्याण के बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र मनकोटिया का आभार व्यक्त किया है।

### उपभोक्ता 27 जनवरी से पहले बिल जमा करें

**डाडासीबा।** विद्युत उपमंडल ढलियारा के सहायक अभियंता मनीष कुमार संधू ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं ने तय तिथि तक बिजली के बिलों का भुगतान नहीं किया है वे उपभोक्ता 27 जनवरी 2024 तक बिजली के बिलों का भुगतान करें। उपमंडल ढलियारा या बिजली बोर्ड की ऑनलाइन साइट पर भी बिल जमा कर सकते हैं। अन्यथा उपरोक्त दिनांक के बाद डिफॉल्ट उपभोक्ता के बिजली के कनेक्शन बिना किसी पूर्व सूचना के अस्थायी तौर पर काट दिए जाएंगे।

### लग गांव में काली माता की प्रतिमा स्थापित

**डाडासीबा।** लग गांव में काली मां के प्राचीन मंदिर में माता की प्रतिमा स्थापित की गई। हवन यज्ञ के आयोजन के साथ-साथ मंत्रोच्चारण कर काली माता की प्रतिमा स्थापित करने के उपरांत यहां भंडारे का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर के पुजारी सुरेंद्र सिंह के अलावा भूपेंद्र सिंह, रणवीर सिंह, धर्मचंद, मदनलाल, साहिल व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### डाडासीबा में महिलाओं को किया जागरूक



डाडासीबा आंगनबाड़ी केंद्र में बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान में मौजूद लोग।

**डाडासीबा।** डाडासीबा आंगनबाड़ी केंद्र में बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान के तहत बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता राकेश कुमारी ने महिलाओं को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि बेटा या बेटी में भेदभाव न करें। इसके अलावा कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए भी लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पंचायत प्रधान परमेश्वरी दास, पूर्व प्रधान धर्मचंद, वार्ड पंच कमल कुमार, पंच रीता रानी, आशा वर्कर अंजना कुमारी सहित गांव की महिलाएं मौजूद रहीं।

### पेंशनर्स की बैठक 28 को कल्यारा में

**कांगड़ा।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश खंड रैत की बैठक पवन धीमान की अध्यक्षता में 28 जनवरी को सीनियर सेकेंडरी स्कूल कल्यारा में सुबह 10: 30 बजे होगी। इस बैठक में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब जिला कांगड़ा के प्रधान सुरेश ठाकुर मुख्य अतिथि के तौर पर हाजिर होंगे। सेठ राम जिला महासचिव, राम आदर्श शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शाहपुर ब्लॉक और चंडी दत्त शर्मा महासचिव शाहपुर ब्लॉक, जगदीश गुप्ता मुख्य सलाहकार विशेष अतिथि के तौर पर हाजिर होंगे। यह जानकारी रैत ब्लॉक महासचिव उमेश नाग शर्मा ने दी।

### मतदाता दिवस पर दिव्यांग वोटर होंगे सम्मानित

**धर्मशाला।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य पर 25 जनवरी को दिव्यांग मतदाताओं को सम्मानित किया जाएगा तथा मतदान के लिए प्रेरित भी किया जाएगा। एसडीएम धर्मशाला धर्मेश रामोत्रा ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 25 जनवरी को जिला स्तरीय समारोह बीएड कालेज के सभागार मे प्रातः 11 बजे आयोजित किया जाएगा जिसमे सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लघुनाटिका भी दिखाई जाएगी।

### कठियाड़ा में 106 मरीजों का किया उपचार

**परागपुर।** ब्लाक परागपुर के अंतर्गत गांव कठियाडा में बुधवार को सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम ने 106 मरीजों का निशुल्क उपचार किया। एमओ डॉक्टर विजय जरियाल, लैब टेक्नीशियन अनुराधा, फार्मासिस्ट सरबजीत, सहयोगी रविंदर की टीम ने पंचायत प्रतिनिधियों व स्थानीय लोगों का स्वास्थ्य जांचा।

### अपर ठोर में 71 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**डाडासीबा।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम एमओ डॉक्टर सृजन शर्मा व उनकी टीम ने गांव अपर ठोर बूथ नंबर 75 ग्राम पंचायत बढल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 71 मरीजों का चेकअप किया गया। शिविर के दौरान सभी को उचित रहन-सहन, उचित खान पीन के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही सभी को निशुल्क दवाइयां बांटी गई। सभी ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का घर-द्वार निशुल्क स्वास्थ्य शिविर के लिए धन्यवाद किया।

### पंचायत प्रधान ने दिया बेटी है अनमोल का संदेश

**गरली।** राष्ट्र का भविष्य महिलाओं के भविष्य से जुड़ा है। जब जब देश पर संकट आया है महिला शक्ति ने ही राष्ट्र को संकट से उबारा है। आज आवश्यकता है कि हम सब बालिकाओं को सरकार संरक्षण दें। यह बात गरली में आयोजित बालिका दिवस कार्यक्रम के दौरान आशा कार्यकर्ता संघ की प्रदेश महासचिव एवं गरली की पंचायत प्रधान शशिलता ने कही।

### बनखंडी में जागरूकता शिविर का आयोजन

**देहरा।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा बनखंडी द्वारा नाबार्ड द्वारा प्रायोजित एवं वित्त पोषित एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन पंचायत बनखंडी में किया गया। यह शिविर पंचायत प्रधान विजय कुमार की अध्यक्षता में लगाया गया। इस शिविर में केसीसी बैंक लिमिटेड शाखा बनखंडी के प्रबंधक संदीप कुमार द्वारा शिविर में आए हुए लोगों को वित्तीय प्रबंधन, ऋण, सरकार द्वारा जनहित में चलाई गई विभिन्न स्कीमों की जानकारी दी। इस मौके पर पंचायत प्रधान विजय कुमार ने उपस्थित लोगों को दी गई जानकारी पर अमल करने के लिए कहा।



सुन्नी क्रिकेट ग्राउंड में दो दिवसीय यू-22 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। जिसमें आठ टीमों ने भाग लिया। इसमें फाइनल मैच में सरोत्री बनाम जस्साई के बीच खेला गया। इसमें सरोत्री टीम ने मुकाबला जीता।

### गोमा से की श्रम कल्याण बोर्ड की शिकायत

**पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश ट्रेड यूनियन इन को-ऑर्डिनेशन सेंटर के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी प्रेमचंद चौधरी, सरवन कुमार, सुरजीत सिंह राणा, हरविंदर सिंह, विनोद कुमार, सुनील कुमार, कृष्णा देवी आदि ने धीरा में मंत्री गोमा से हिमाचल प्रदेश सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के गैर कानूनी आदेशों की शिकायत की। उन्होंने यादविंद्र गोमा को एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने यादविंद्र गोमा से मांग की है कि इस मामले को माननीय मुख्यमंत्री के समक्ष रखें ताकि लाखों गरीब मजदूरों का कल्याण हो सके।

### मंत्री गोमा ने निधन पर जताया शोक

**पंचरूखी।** मिलाप चंद (फर्नीचर हाउस) पंचरुखी के पिताजी संत राम का बुधवार को 94 वर्ष की उम्र में हृदय गति रुकने के कारण निधन हो गया। मिलाप फर्नीचर हाउस पंसरुखी क्षेत्र के मुख्य व्यवसायी हैं। कैबिनेट मंत्री यादविंद्र गोमा ने इस अनहोनी घटना पर शोक प्रकट किया व दिवंगत आत्मा के लिए प्रार्थना की।

# पालमपुर में बनी हिमुडा कॉलोनियों को नगर निगम ने किया टेक ओवर

## नगर निगम की बैठक में कॉलोनियों में व्यवस्थाओं व हिमुडा को देने वाली देनदारियों पर भी हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

नगर निगम पालमपुर के दायरे में बनी हिमुडा कॉलोनियों को नगर निगम ने अपने अधीन ले लिया है। इसे लेकर बैठक में नगर निगम पालमपुर व बिंद्राबन, लोहना और होल्टा के पार्षदों ने नगर निगम के अधीन लेने के लिए कई बिंदुओं व कॉलोनियों में मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं पर विचार किया। इस मौके पर नगर निगम के आयुक्त डॉ. आशीष शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे।

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बिंद्राबन, होल्टा और लोहना के पार्षदों ने भी इस संदर्भ में अपना पक्ष रखा। बैठक में कॉलोनी के तहत चल रही सड़क की मरम्मत, पानी की व्यवस्थाओं व हिमुडा को देने वाली देनदारियां पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर नगर निगम मेयर गोपाल नाग ने कहा कि नगर निगम पालमपुर के दायरे में बनी हिमुडा कॉलोनियों को नगर निगम के अधीन करने का फैसला लिया है। इन कॉलोनियों को सचारु रूप से चलाने की जिम्मेदारी अब से नगर निगम की है। आयुक्त आशीष शर्मा ने कहा कि बिंद्राबन, लोहना और होल्टा कॉलोनियों अब नगर निगम के अधीन है। इस मौके पर हिमुडा कॉलोनी के अधिकारी से चर्चा कर कुछ फैसले लिए कि रखरखाव शुल्क 31 मार्च तक हिमुडा अधिकारी लेंगे। वहीं 30 सितंबर तक पानी की आपूर्ति व्यवस्था की जिम्मेदारी व बिल हिमुडा द्वारा लिए जाएंगे ताकि कॉलोनियों में पानी की आपूर्ति व्यवस्था को समझने के लिए निगम को समय मिले।

इस मौके पर एडिशनल कमिश्नर विकास शर्मा, अधिशाषी अभियंता अभिनव सकलानी, पार्षद पूनम बाली, संजय राठौर मौजूद रहे।




नगर निगम पालमपुर की बैठक में मौजूद मेयर और पार्षद।

### भाजपा मंडल किसान मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित

**बैजनाथ।** भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष तिलक राज कंठवाल ने भाजपा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राणा से चर्चा करने के उपरांत किसान मोर्चा के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें महेंद्र सिंह, सुभाष ठाकुर, संसार कपूर, जितेंद्र गुलरिया, बेली राम, सतीश राणा, को उपाध्यक्ष तथा महामंत्री के पद के लिए संजय सकलानी व विनोद मेहरा को नियुक्त किया गया। नानक चंद, जगरूप चंद, कस्तूरी लाल, सिकंदर राणा ,परस राम भंगलिया व संतोष चौधरी को सचिव तथा बलबीर राणा को कार्यालय सचिव बनाया गया। वहीं रमेश सिंह को कोषाध्यक्ष, आईटी प्रभारी राजीव कुमार, प्रवक्ता कुलबीर राणा, मीडिया प्रभारी बैनी चंद कटोच, सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र कुमार को बनाया गया।

वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में रवि कुमार, राकेश कटोच, संसार चंद, रमेश चंद, ज्ञानचंद, चंचल बरुआ, विजय कुमार, दीनानाथ, रमेश चौहान, सुभाष शर्मा नियुक्त किए गए।

# जयसिंहपुर ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में लोस चुनाव पर बनाई रणनीति

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

जयसिंहपुर ब्लॉक कांग्रेस की बैठक मंगलवार को जयसिंहपुर विश्राम गृह में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत डढवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर रणनीति बनाते हुए विस क्षेत्र में नए जोन बनाए गए।

सलियाना जोन से विशाल राणा, पंचरुखी से राकेश कुमार, अन्द्रेटा से दिनेश कुमार, भुआणा से सुरेश डोगरा, मझेड़ा से प्रताप सिंह पराक्रम, टम्बर से रामधन, जयसिंहपुर से वैनी धीमान, हारसी से केसर कटोच, संघोल से प्रवीन मल्होत्रा, सरी से राजकुमार, तलबाड़ से रवि पटियाल, सकोह से हेमराज शर्मा, बालकरूपी से सिकन्दर सिंह हैप्पी, खैरा से विनोद कुमार, बन्दाहु से यशपाल चौहान, जालग से ओपी धीमान तथा कोसरी से अमित शर्मा को जोन अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने सभी जोन अध्यक्षों व पदाधिकारियों को कहा कि वे जी जान लगा कर लोस चुनाव के लिए कार्य करें व लोगों को कांग्रेस से जोड़ें ताकि कांग्रेस प्रत्याशी को जयसिंहपुर से जोरदार बढ़त दिला कर जीत दिलाई जा सके।

बैठक में 4 फरवरी को आयुष एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा के जन्मदिवस के कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। ब्लॉक अध्यक्ष ने बताया कि गोमा के जन्मदिन पर क्रिकेट, वालीबाल, फुटबाल, कबड्डी व बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। महिलाओं के लिए म्यूजिकल चेयर, रस्साकशी, रंगोली, गिद्धा , झमाकड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। जिसमें सभी विजेताओं को नकद पुरस्कार दिया जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि इस दौरान इस सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विस क्षेत्र के खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

# सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में निपटाईं 94 समस्याएं

## हिमाचल को आत्मनिर्भर राज्य बनाने को मुख्यमंत्री कर रहे गंभीर प्रयास : गोमा

**राकेश डोगरा, डरोह**

मुख्यमंत्री, सुखविंद्र सिंह सुक्खू हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में गंभीर प्रयास कर रहे हैं। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाकर 1100 करोड़ राजस्व में बढ़ोतरी का लक्ष्य रखा गया है।

यह जानकारी आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने धीरा में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए दी। इस मौके मंत्री ने लोगों क 94 समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने कहा कि सरकार गांव के द्वार सरकार महत्वपूर्ण कार्यक्रम है और इसकी मोनिटरिंग स्वयं मुख्यमंत्री कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा से हिमाचल जैसे छोटे से राज्य में लगभग 12,000 करोड़ रुपए के नुकसान का अनुमान है। प्रदेश में आपदा प्रभावित लोगों की सहायता के लिए आपदा राहत कोष-2023 बनाया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सत्ता के साथ सरकार को पूर्व सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण 75,000 करोड़ रुपए का कर्जा विरासत में मिला है। मंत्री ने इस अवसर पर एसडीएम कार्यालय में अमरूद का पौधा भी रोपा। उन्होंने इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई विकासात्मक प्रदर्शनियों का शुभारंभ कर अवलोकन किया। उन्होंने इस कार्यक्रम में आए दो बुजुर्गों कृष्णा देवी और अमरनाथ को सम्मानित किया। इस अवसर पर बेटी है अनमोल योजना के अंतर्गत 10 लाभार्थी बेटियों को एक लाख 35 हजार की सहायता राशि के चेक वितरित किए। उन्होंने मुख्यमंत्री शगुन योजना के 8 लाभार्थियों को 2 लाख 58 हजार के चेक वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने आयुष विभाग द्वारा औषधीय पौधे वितरित किए। अनंत ज्ञान



धीरा में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा लोगों को सम्मानित करते हुए।

# शिक्षा हब के रूप में विकसित होगा नगरोटा

## पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने सेराथाना स्कूल में मेधावी बच्चों को किया पुरस्कृत

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि नगरोटा विस क्षेत्र शिक्षा हब के रूप में विकसित किया जाएगा ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को शिक्षा की बेहतर सुविधाएं मिल सकें। बुधवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेराथाना के वार्षिक समारोह में पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोल रही है। नगरोटा बगवां में भी डे बोर्डिंग स्कूल के लिए भूमि चयनित कर ली गई है।

आरएस बाली ने कहा कि नगरोटा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को तेजी प्रदान करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं तथा लोगों से जो वायदे किए गए हैं उनको पूरा किया जाएगा। आरएस बाली ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान सरकार हिमाचल के हर क्षेत्र के समुचित विकास के लिए वचनबद्ध तथा निर्धनों तथा जरूरतमंदों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। इससे पहले प्रधानाचार्य डॉक्टर संदीप अवस्थी ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए स्कूल की वार्षिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। स्कूल के छात्रों ने उनके समक्ष अनेक सांस्कृतिक मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

मुख्यातिथि ने मेधावी बच्चों को सम्मानित किया तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए 50 हजार की राशि स्वीकृत की जबकि स्कूल के भवन की मरम्मत के लिए छह लाख तथा पांच सोलर लाइट्स के लिए भी स्वीकृति दी। इस अवसर पर चेतन चौहान राष्ट्रीय सचिव कांग्रेस, एसडीएम मुनीश शर्मा,, बीएमओ रूबी भारद्वाज, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मानसिंह, महासचिव अरुण कटोच, उपाध्यक्ष प्रताप रियाड़, कांता सरोच, प्रधान सुशील, उपप्रधान कुलभूषण, जिला परिषद सोनिया, विनेश कटोच, रजनीश धीमान, तिलक, सुरेश, कर्म सिंह, जय चंद, हजारा सिंह, रविंद्र सैनी, रितु नागपाल, दिनेश, शशि कुमार विभिन्न, स्कूलों के प्रधानाचार्य, विद्यालय के अध्यापक, परिजन और बच्चे मौजूद रहे।



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेराथाना के वार्षिक समारोह में पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली के साथ मेधावी बच्चे।

# जिला किसान मोर्चा ने नगरोटा में शुरू किया चलो गांव की ओर कार्यक्रम



जिला कांगड़ा किसान मोर्चा की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

जिला कांगड़ा किसान मोर्चा की बैठक जिला अध्यक्ष अभिनय भाटिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें 2024 के लोक सभा चुनावों को लेकर चर्चा हुई।

इस मीटिंग में सबसे पहले अयोध्या में राम मंदिर के बनने की सबको बधाई दी। वहीं चलो गांव की ओर कार्यक्रम के तहत एक गांव 11 किसान जोड़ने के कार्यक्रम को नगरोटा में भी शुरू हुआ। इसके अतिरिक्त भाजपा किसान मोर्चा की बैठक प्रदेश अध्यक्ष संजीव देष्टा,जिला अध्यक्ष अभिनव भाटिया, प्रदेश महामंत्री संजीव ठाकुर, प्रदेश प्रवक्ता संजीव शर्मा, सतीश जोश, राजेश चौधरी, जिला के पदाधिकारी सभी मंडलों के अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस पर धर्मशाला में विधानसभा अध्यक्ष फहराएंगे ध्वज

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में 26 जनवरी को पुलिस मैदान धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। इसमें विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे जबकि मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल, मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे।

यह जानकारी उपायुक्त कांगड़ा डॉ. निपुण जिंदल ने देते हुए बताया कि जिला स्तरीय समारोह में मुख्यातिथि 26 जनवरी को प्रात: 10:30 बजे शहीद स्मारक में माल्यार्पण के उपरांत प्रात: 11 बजे पुलिस मैदान में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इस दौरान पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी कैडेट्स द्वारा मार्चपास्ट निकाला जाएगा। मुख्यातिथि के जनता के नाम संदेश के उपरांत सांस्कृतिक दलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे जबकि स्वतंत्रता सेनानियों तथा उनके परिजनों को कार्यक्रम में विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह के दृष्टिगत शहर की साफ सफाई सुनिश्चित बनाने और शहर में स्थित विभिन्न स्मारकों की स्वच्छता हेतु भी विशेष प्रबन्ध करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए गए हैं। अलावा गणतंत्र दिवस पर इन स्मारकों में स्थापित प्रतिमाओं पर माल्यर्पण करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने धर्मशाला स्थित सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मिलित होने को कहा। उन्होंने आम नागरिकों से भी पूरे जोश के साथ गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

**परेशानी** हस्त शिल्प विकास योजना का लाभ नहीं उठा पा रहे शिल्पकार

# वार्षिक आय सीमा नए शिल्पकारों के लिए समस्या

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास निगम की हस्त शिल्प विकास योजना का लाभ ले पाना नए शिल्पकारों के लिए मुश्किल साबित हो रहा है। इस योजना के तहत लाभार्थी की वार्षिक आय 35 हजार या इससे कम होनी चाहिए और आवेदक इस शर्त को पूरा करने में असमर्थ साबित हो रहे हैं।

यही कारण है कि मौजूदा वर्ष में निगम के पास इका-दुका की शिल्प विकास योजना के लाभ के लिए आवेदन आए हैं। प्रदेश सरकार की अधिकतर योजनाओं में वार्षिक आय सीमा 50 हजार रखी गई है जबकि इस योजना सहित निगम की अन्य योजनाओं में वार्षिक आय सीमा काफी कम है और यही कारण है कि हस्त शिल्प के क्षेत्र में रोजगार की शुरुआत करने वाले युवा इस योजना के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे। निगम के जिला प्रबंधक कांगड़ा सौरभ शर्मा ने बताया कि हस्त शिल्प विकास योजना के तहत कम आवेदन आ रहे हैं जिसका सबसे बड़ा कारण वार्षिक आय का कम होना है। उन्होंने बताया कि आवेदक योजना के इस मापदंड को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि निगम के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक में योजना के तहत वार्षिक आय सीमा को 50 हजार तक करने पर चर्चा हुई है और पूरी उम्मीद है कि जल्द ही वार्षिक आय सीमा को बढ़ा दिया जाएगा।

योजना के विषय में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति वर्ग के निर्धन ग्रामीण शिल्पकार अपनी थोड़ी सी कार्य पूंजी की आवश्यकता के लिए वित्तीय संस्थाओं से ऋण लेने में कठिनाई का अनुभव करते हैं। इस कठिनाई को दूर करने के उद्देश्य से निगम ने प्रति शिल्पी अधिकतम 15,000 रुपए तक की कार्यशील पूंजी उपलब्ध करवाने की योजना शुरू की ताकि सुगमता से उनकी यह जरूरत पूरी हो सके। इस योजना का लाभ लेने के लिए शिल्पियों को कार्यशील पूंजी सहायता प्राप्त करने के लिए एक पंजीकृत समूह या सभा का गठना करना होगा, इसके अतिरिक्त शिल्पी व्यक्तिगत तौर पर भी आवेदन कर सकता है। उन्होंने बताया कि अधिकतम ऋण सीमा 15,000 रुपए प्रति शिल्पी दो वर्षों तक ब्याज मुक्त मिलता है। सभा सदस्यों की वार्षिक आय गरीबी 35 हजार या इससे कम होनी चाहिए। सभी सदस्य अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति वर्ग के होने चाहिए। सभा को निगम के निर्धारित प्रपत्र पर सभा के सचिव अथवा सभा के मुखिया के माध्यम से आवेदन करना होगा। उन्होंने बताया कि सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद मुख्यालय द्वारा ऋण स्वीकृत किया जाता है। उन्होंने कहा व्यक्तिगत शिल्पकारों को भी सीधे तौर पर निगम के जिला प्रबंधकों द्वारा 15 हजार ऋण स्वीकृत होता है। अनंत ज्ञान



## न्यूज ब्रीफ

### एचआरटीसी के चालक किए सम्मानित

**धर्मशाला।** चालक दिवस के अवसर पर बुधवार को हिमाचल पथ परिवहन निगम के मंडलीय प्रबंधक पंकज चड्ढा ने निगम के चालकों को सम्मानित किया। चालकों का सम्मान समारोह धर्मशाला बस अड्डे में आयोजित किया गया। मंडलीय प्रबंधक ने कहा कि निगम के चालक सम्मान के हकदार हैं, क्योंकि यह सवारियों को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि चालक हिमाचल पथ परिवहन निगम की रीढ़ की हड्डी हैं। इस असवर पर उन्होंने करीब 30 चालकों को सम्मानित किया।

### खलेट और राजपुर टांडा पहुंचा विकास रथ

**पालमपुर।** पालमपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास रथ यात्रा नगर निगम के वार्ड खलेट एवं राजपुर टांडा में पहुंची। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश भाजपा महामंत्री त्रिलोक कपूर उपस्थित रहे। कपूर ने माननीय प्रधानमंत्री द्वारा जन कल्याण की योजनाओं से लोगो को जागरूक किया। लोगों ने बड़े उत्साह से विकास रथ का स्वागत किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर, महामंत्री राजकमल शर्मा, पार्षद संतोष अकेला, हरीश वालिया एवं अन्य प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

### पावर प्रोजेक्ट के कर्मचारियों को धमकाया

**पपरोला।** थाना बैजनाथ में लूणी पावर प्रोजेक्ट ने स्थानीय पंचायत के लोगों पर उनके कर्मचारियों को डराने धमकाने को लेकर शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी गई शिकायत में लूणी प्रबंधन ने बताया कि सुबह 30 से 35 लोग पावर हाउस में आए और हंगामा किया। इन लोगों के पास डंडे लाठियां थी। इन्होंने पावर प्रोजेक्ट के कर्मचारियों को डराया धमकाया व गालियां दी। ये लोग अंडर कंस्ट्रक्शन साइट पर गए और कर्मचारियों व ठेकेदार को काम रोकने के लिए कहा। इसके बाद इन्होंने देओल करनाथु रोड को भी बंद कर दिया। प्रोजेक्ट प्रबंधन ने पुलिस से इस संबंध में उचित कार्रवाई करने की मांग की है। थाना प्रभारी बैजनाथ नाजर सिंह का कहना है कि इन लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

### प्रोफेसर लक्ष्मी निवास पांडे बने कुलपति

**गरली।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के तत्वावधान में हिमाचल के जिला कांगड़ा के बलाहर गांव में स्थित वेदव्यास परिसर के पूर्व निदेशक प्रोफेसर लक्ष्मी निवास पांडे बिहार के दरभंगा स्थित संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति नियुक्त हुए हैं। वेदव्यास परिसर के मीडिया कोऑर्डिनेटर अमित वालिया ने बताया कि वर्ष 2013 से वर्ष 2022 तक वेदव्यास परिसर में प्राचार्य एवं निदेशक के पद पर कार्य कर चुके प्रोफेसर लक्ष्मी निवास पांडे बिहार के दरभंगा स्थित केएसडी संस्कृत विश्वविद्यालय में वाईस चांसलर (कुलपति) के पद पर नियुक्त हुए हैं। समस्त स्टाफ ने उनकी नियुक्ति पर खुशी जाहिर की है व उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

### लोटस स्कूल के विद्यार्थियों ने जीते गोल्ड मेडल


लोटस इंटरनेशनल कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थी मेडल के साथ।

**गरली।** गरली के निकटवर्ती गांव सदवां में चल रहे लोटस इंटरनेशनल कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने शिक्षा के क्षेत्र मे एक बार भी डंका बजाया है। गत दिनों स्कूल में आयोजित अंग्रेजी और गणित विषय की ओलंपियाड हुई थी, जिसमें लगभग 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें लोटस स्कूल के 88 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में अपना पहला चरण पार करके दूसरे चरण की परीक्षा के लिए अपना सिक्का जमाया। स्कूल के 88 विद्यार्थियों में से 12 विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक, 24 को रजत पदक और 16 को कांस्य पदक प्राप्त किया। सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और मेडल प्रार्थना सभा में वितरित किए गए। प्रधानाचार्य पंकज शर्मा और लोटस ग्रुप के अध्यक्ष अश्वनी कुमार ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी है।

### एसडीएम कांगड़ा होंगे समारोह में मुख्यातिथि

**कांगड़ा।** गणतंत्र दिवस समारोह नगर परिषद मैदान कांगड़ा में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मौके पर मुख्यातिथि ईशांत जसवाल (आईएएस) एसडीएम कांगड़ा होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि के आगमन पर प्रातः 9:55 से शुरू होगा। यह जानकारी तहसीलदार कांगड़ा मोहित रतन ने दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय पर्व के इस मौके पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। कांगड़ा में उपमंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का भी इस दिन समापन होगा।

### दरंग में मनेगा गणतंत्र दिवस समारोह

**पालमपुर।** पूर्व सैनिकों द्वारा दरंग के सामुदायिक भवन में 26 जनवरी को राष्ट्रीय ध्वज फहराकर गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैनिक लीग पालमपुर के अध्यक्ष सीडी सिंह गुलेरिया करेंगे। सैनिक लीग दरंग ब्लॉक की बैठक मंगलवार के दिन सूबेदार हरनाम सिंह गुलेरिया की अध्यक्षता में हुई, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि इस बार सामुदायिक भवन में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस बैठक में सैनिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. रविंद्र नाथ शर्मा तथा इलाके के वरिष्ठ सैनिक 102 वर्षीय कैप्टन एसएस डोगरा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर ध्वज फहराकर दरंग में गणतंत्र दिवस सैनिकों के साथ मनाया जाएगा।

### आर्य कॉलेज में मनेगा गणतंत्र दिवस समारोह

**नूरपुर।** राजकीय आर्य डिग्री कालेज में गणतंत्र दिवस समारोह मनाया जाएगा। नूरपुर केएसडीएम गुरसिमर सिंह ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी को 75वां गणतंत्र दिवस समारोह स्थानीय राजकीय आर्य डिग्री कालेज में मनाया जाएगा तथा प्रातः 11: 00 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। इस मौके पर पुलिस, एनसीसी-एनएसएस तथा स्काउट एंड गाइड भव्य मार्चपास्ट करेंगे। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे।

### सेवानिवृत्ति के बाद दोबारा रोजगार देना गलत

**धर्मशाला।** पिछले दिनों जिला के उपनिदेशक शिक्षा को सेवानिवृत्ति के बाद दोबारा से रोजगार दिया गया। पिछले महीने ही शिक्षा सचिव ने एक नोटिफिकेशन निकाली थी जिसके अनुसार जिले में सीनियर प्रधानाचार्य को एडिशनल चार्ज दिए जाने की बात कही थी। परंतु यह बात बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि सेवानिवृत्ति के लगभग एक महीने बाद सरकार ने उपनिदेशक एलिमेंट्री के पद पर एक सेवानिवृत्त अधिकारी को पुनः रोजगार दिया। यह अधिकारी पहले से ही दो तरह की पेंशन ले रहा है। शिक्षा विभाग में उनकी एंट्री 2002 में हुई थी। शिक्षा विभाग में लगभग 16 वर्षों से उपनिदेशक बनने के लिए प्रधानाचार्य इंतजार कर रहे हैं। सारे नियमों को दरकिनार करके इस तरह की नियुक्ति समझ से परे है हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ जिला कांगड़ा के प्रधान सचिन जसवाल महासचिव सुमन चौधरी, नगरोटा के प्रधान तेजपाल, धर्मशाला के प्रधान संजय चौधरी, कांगड़ा के प्रधान देवी लाल, समस्त खंडों के प्रधानों ने इसका कड़ा विरोध किया है और इस नियुक्ति को तुरंत प्रभाव से निरस्त करने की मांग की है।

### गुरुकुल स्कूल में जागरूकता अभियान शुरू

**नूरपुर।** मादक द्रव्यों के इस्तेमाल को कम करने के लिए गुरुकुल पब्लिक स्कूल सदवां नूरपुर में जागरूकता अभियान की शुरुआत 23-24 जनवरी, को स्कूल के डायरेक्टर ज्योति सौगुनी तथा प्रधानाधार्या कुमुद शर्मा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें प्रशिक्षण के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला औद के कैमिस्ट्री लेक्चरर भारतेन्द्र मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुरुआत में उन्होंने बच्चों को पौष्टिक आहार की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए आहार के साथ खेलकूद व योग का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है। छठी से दसवीं तक के बच्चों ने बड़े उत्साह से इस कार्यक्रम में भाग लिया।

### 27 जनवरी को दरगेला पहुंचे सदस्य

**कांगड़ा।** आयुष एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा 27 जनवरी को शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के दरगेला गांव के छिंज मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी भूतपूर्व अर्धसैनिक बल कल्याण संगठन जिला कांगड़ा अध्यक्ष एवं प्रदेश चीफ पैटर्न एमएल ठाकुर ने दी। उन्होंने कहा कि भूतपूर्व अर्धसैनिक बलों के सभी सदस्यों से अनुरोध है कि 27 जनवरी को उक्त स्थान पर परिवार के सदस्यों सहित पहुंचे।

# राज्य के प्रत्येक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्थापित होगी लाइब्रेरी

## 762 स्कूलों में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी की बेहतर सुविधाएं : आशीष बुटेल

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

शिक्षा में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के उपयोग और गुणवत्ता सुधारने के लिए राज्य के 762 स्कूलों में आवश्यक हार्डवेयर तथा साफ्टवेयर उपलब्ध करवाया जाएगा ताकि विद्यार्थियों को बेहतर सुविधा मिल सके। यह उद्गार मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला राख के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि अपने संबोधन में व्यक्त किए।


राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला राख के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल को सम्मानित करते अध्यापक।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लाइब्रेरी रूम स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही दस हजार मेधावी छात्रों को टेबलेट्स भी वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य ध्येय वर्तमान शैक्षणिक संस्थानों के आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करना है जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा सके। उन्होंने छात्रों से विद्यार्थी जीवन का आनन्द लेने के साथ-साथ जीवन में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए परिश्रम करने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा कि पहली से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं को स्कूल वर्दी के लिए 600 रुपए प्रति विद्यार्थी प्रदान की जा रही है इससे लगभग 5 लाख 25 हजार विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में आधारभूत संरचना सुदृढ़ करने के लिए भी कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने मेधावी बच्चों को सम्मानित भी किया तथा बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्यातिथि ने स्कूल मैदान के लिए 2 लाख तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 21 हजार की राशि स्वीकृत की जबकि स्कूल भवन के निर्माण के लिए प्राक्लन तैयार करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि राख-भौंड-अरड़ी की सड़क निर्माण के लिए डीपीआर तैयार हो चुकी है। इससे पहले स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कपूर ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए स्कूल की वार्षिक गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

# केंद्रीय विश्वविद्यालय के मुद्दे पर आंदोलन जारी

## सातवें दिन महिलाएं और सेवानिवृत्त प्रोफेसर हुए शामिल



केंद्रीय विश्वविद्यालय के मुद्दे पर चल रहे आंदोलन में नारेबाजी करते लोग।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

केंद्रीय विश्वविद्यालय के मुद्दे को लेकर बुधवार को क्रमिक धरने के सातवें दिन बड़ोई के किसान परिवारों की महिलाओं, सेवानिवृत्त प्रोफेसर व प्रिंसिपल एसोसिएशन ने धरने पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस आंदोलन के जनक अतुल भारद्वाज ने बताया कि बुधवार को महिलाओं ने, हूण वो कताइयों नस्सगा सुखुआ लोकां ता मगर वो होना, यह स्पष्ट करते हुए कहा कि इस मुद्दे पर अब सरकार ज्यादा लंबे समय तक अपने आप को छुपा नहीं पाएगी। उन्होंने सभी राजनीतिक व सामाजिक संगठनों को निजी स्वार्थों से ऊपर उठकर आगे आने का आह्वान किया। अतुल भारद्वाज ने प्रदेश सरकार से आह्वान करते हुए कहा कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए अविलंब केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला परिसर के निर्माण का 30 करोड़ जमा करवाना चाहिए। सातवें दिन सुरिंद्रा, शिवानी, निशा, विक्रमा, चमेली, सरोज, वीना, सपना, प्रवीण लता, तिलको, सरोज सरला, कमलेश, किरण बाला, रक्षा, श्रेष्ठा, गुड्डो, माया, विक्रमा, वरफो, स्वर्णा, सुधा, संजू केसरी, प्रोफसर एसोसिएशन के अध्यक्ष आरपी चोपड़ा व विजय शर्मा, एनडी शर्मा, युगल किशोर डोगरा, ललित मोहन शर्मा, अशोक कुमार गुप्ता आदि धरने पर बैठे।

# पल्लवी ने सबसे कम उम्र में राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट खेल चमकाया नाम

**अतुल जसवाल, जयसिंहपुर**

विधानसभा के अंतर्गत आने वाले आलमपुर गांव की पल्लवी ठाकुर ने लड़कियों में सबसे कम उम्र मे राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट खिलाड़ी बन करके जयसिंहपुर विधानसभा का नाम रोशन कर दिया है।

पल्लवी ठाकुर की उम्र महज अभी पंद्रह वर्ष है, पल्लवी ठाकुर ने क्रिकेट खेलने की शुरुआत वर्ष 2021 मे सुजानपुर क्रिकेट अकादमी से की थी। इस अकादमी में आठ महीने ट्रेनिंग के बाद पल्लवी ठाकुर का चयन धर्मशाला एचपीसीए के लिए हुआ, जिसमे पल्लवी ठाकुर का पहला ट्रायल शिमला मे हुआ। इस ट्रायल को पास करने के बाद दूसरा ट्रायल धर्मशाला में हुआ।

धर्मशाला एचपीसीए की ओर से लड़कियों की अंडर 15 राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता मे दो बार खेलने के लिए पल्लवी ठाकुर



बेंगलुरु गई, उसके बाद लड़कियों की अंडर 19 राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता खेलने के लिए असम के गुवाहाटी में गई। क्रिकेट खेल प्रतियोगिताओं में पल्लवी ठाकुर का गेंदबाजी में प्रदर्शन बहुत बढ़िया रहा, पल्लवी ठाकुर क्रिकेट खेलने के साथ धर्मशाला दयानंद स्कूल मे दसवीं कक्षा में पढ़ाई कर रही है, पल्लवी ठाकुर के पिता का नाम वरिंदर सिंह है वह व्यवसायी हैं, माता गृहिणी हैं। अनंत ज्ञान

# विधायक संजय रतन ने नवाजे बंडोल के होनहार

## कहा- हिरण पंचायत में मुख्यमंत्री जल्द करेंगे राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल का भूमिपूजन

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**

राजकीय उच्च पाठशाला बंडोल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में विधायक संजय रतन ने शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों को शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल बनाना और उन स्कूलों कॉलेजों में मूलभूत सुविधाएं जुटाना उनकी प्राथमिकता में शामिल है ताकि क्षेत्र के बच्चों को घर द्वार पर ही आधुनिक शिक्षा मिल सके।

उन्होंने कहा कि हिरण पंचायत में प्रदेश सरकार की ओर से राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल के लिए भूमि चयनित की गई है जिसका जल्द ही मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू भूमि पूजन करेंगे। इसके अलावा बंडोल स्कूल में खेल मैदान के लिए 15 लाख रुपए देने की घोषणा की।


राजकीय उच्च पाठशाला बंडोल के मेधावी बच्चों के साथ विधायक संजय रतन।

इसके साथ ही कंप्यूटर लैब भी जल्द स्थापित की जाएगी। ज्वालामुखी क्षेत्र के कॉलेज में भी इसी सत्र से पोस्ट ग्रेजुएट कक्षाएं शुरू की जा रही हैं, जिनका लाभ बच्चों को मिलेगा। विधायक संजय रत्न ने बच्चों को भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा भी दी। बच्चों को नशे से दूर रहने और पढ़ाई में अत्यधिक ध्यान देने और खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए जागरूक किया ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। स्कूल के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और सोशल मीडिया व नशे के दुष्प्रभाव को लेकर लघु नाटिका प्रस्तुत की। स्कूल के मुख्याध्यापक सुमन कुमार ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। विधायक संजय रत्न ने सांस्कृतिक कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए 11 हजार रुपए व प्राथमिक स्कूल के बच्चों को 5100 रुपए देने की घोषणा भी की। इस अवसर पर पूर्व पंचायत प्रधान व एसएमसी प्रधान प्रदीप कुमार शिब्बू, तहसीलदार मनोहर लाल शर्मा, जिला परिषद कुलदीप धीमान, सीमा देवी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष निर्मला राणा, मोनू बेगम, सुरजीत सिंह, लाल सिंह राणा, कैप्टन जगत राम, राधू राणा दुर्गादास, पवन चौधरी, दिनेश चौधरी कुशल, मनीष शर्मा, अजय शर्मा मौजूद रहे। अनंत ज्ञान

# गुणात्मक और संस्कारयुक्त शिक्षा सबसे जरूरी

## कृषि व पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने सिद्धपुरघाड़ स्कूल में नवाजे मेधावी

**अनिल छांगू, जवाली**

कृषि व पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने कहा है कि बच्चों को गुणात्मक और संस्कारयुक्त शिक्षा उपलब्ध करवाना सबसे जरूरी है ताकि हमारे बच्चे शिक्षित होने के साथ-साथ संस्कारवान भी बनें। यह मंत्री जवाली विधानसभा क्षेत्र के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल सिद्धपुरघाड़ के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए।

मंत्री ने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी काफी शिक्षित है लेकिन विरासत में मिली सभ्यता और समृद्ध संस्कृति से विमुख हो रही है। प्रदेश सरकार इस दिशा में कार्य करते हुए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण व संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करने सहित शिक्षा के आधारभूत ढांचे की मजबूती पर


सिद्धपुरघाड़ स्कूल में मेधावी बच्चों को नवाजेत कृषि व पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार।

विशेष बल दे रही है। चंद्र कुमार ने कहा कि अच्छी शिक्षा और परिश्रम जीवन का सबसे बड़ा आधार है। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे परिश्रम और अनुशासन को अपनी दिनचर्या का साथी बनाएं। कृषि मंत्री ने सरकारी स्कूलों से बच्चों के पलायन पर चिंता व्यक्त करते हुए शिक्षकों से बच्चों तथा अभिभावकों में विश्वास की भावना पैदा करने का आह्वान किया। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाने का भी आग्रह किया। उन्होंने बताया कि सिद्धपुरघाड़ स्कूल में राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत 37 लाख रुपए की राशि व्यय की जा चुकी है। उन्होंने स्कूल में साइंस की कक्षाएं प्राथमिकता पर शुरू करवाने का आश्वान दिया। उन्होंने स्कूल के पुराने कमरों की मरम्मत तथा अतिरिक्त कमरों के निर्माण के के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाने का भरोसा दिया। कृषि मंत्री ने सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु स्कूल प्रबंधन को अपनी ऐच्छिक निधि से 21 हजार रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहे छात्रों को पुरस्कृत भी किया। अनंत ज्ञान

# लोकसभा क्षेत्र शिमला के कोआर्डिनेटर ने रजोल में सुनी लोगों की समस्याएं

**अनंत ज्ञान, देहरा**

प्रदेश कांग्रेस मत्स्य विभाग के अध्यक्ष व लोकसभा क्षेत्र शिमला के कोआर्डिनेटर नरदेव कंवर ने देहरा विधानसभा क्षेत्र की रजोल पंचायत में जनसमस्याएं सुनीं। जिन्होंने कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया। नरदेव कंवर ने बताया कि इस दौरान ग्रामीणों ने उनके समक्ष स्वास्थ्य, डंगों व बरसाती आपदा में मकानों तथा रास्तों को क्षति आदि समस्याएं रखीं। उनमें से कुछ एक समस्याओं का मौके पर ही निपटारा कर दिया। वहीं कुछ समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है।

कंवर ने बताया कि इसी दौरान दो अनाथ बच्चों रिशु कुमार और नैन्सी को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खु द्वारा चलाई गई सुख आश्रय स्कीम के तहत उनका नाम दर्ज करवाया और स्कीम के तहत उच्च शिक्षा के लिए राशि मुहैया करवाने का आश्वासन दिया।

वहीं दो व्यक्तियों की टूटी हुई टांग के ऑपरेशन के लिए अति शीघ्र राहत राशि देने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने रजोल पंचायत प्रधान सरणदास के माध्यम से सरकारी स्कीमों में प्रार्थियों के नाम दर्ज करवाए व लोगों को सरकार की नई नीतियों के बारे में जागरूक किया। इस दौरान उनके साथ जिला महिला कांग्रेस देहरा की अध्यक्षा इंदिरा देवी, बीडीसी सदस्य रोमिला देवी ,उप प्रधान संजय, वार्ड मेंबर अशोक कुमार, विजयलक्ष्मी, शकुंतला देवी, राजकुमारी, शंभू राम, भूप सिंह, राम गोपाल आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# एनपीएस को लागू करने का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण

**नूरपुर।** राजस्थान भाजपा सरकार का पुरानी पेंशन योजना को समाप्त कर के एनपीएस को लागू करने का फैसला बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और एक चिंता का विषय है जो कि हिमाचल प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के लिए घातक सिद्ध होगा। आज डाक्टर संजीव गुलेरीया प्रदेश अध्यक्ष न्यू पेंशन स्कीम रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी महासंघ हिमाचल प्रदेश ने कहा कि अगर राजस्थान की भाजपा सरकार ने पेंशन समाप्त करनी थी तो विधानसभा में विधायकों की पेंशन बंद करते तो वो काबिले तारीफ बात होती। गुलेरिया ने कहा कि भाजपा सरकार ने राजस्थान में सत्तारूढ़ होने के पश्चात कितने युवाओं को रोजगार दिया है या रोजगार उपलब्ध करवाने का संकल्प लिया है, जनता को यह बताया जाए न कि बुढ़ापे का सहारा पुरानी पेंशन व्यवस्था बंद हो। लोकसभा चुनावों में कर्मचार किसी भी दल को अपने वोट से बेदखल कर सकते हैं।

**कार्यक्रम**

## डॉ. यशवंत सिंह परमार योजना से संवरेगा युवाओं का भविष्य : पठानिया

# बोह स्कूल के मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

विधायक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि राज्य सरकार ने पात्र हिमाचली विद्यार्थियों को एक प्रतिशत ब्याज की दर पर ऋण प्रदान करने के लिए वित्त वर्ष 2023-24 से डॉ. यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना लागू की है।

उन्होंने कहा कि इस योजना से यह सुनिश्चित होगा कि राज्य का कोई भी युवा वित्तीय संसाधनों की कमी के कारण उच्च या व्यावसायिक शिक्षा से वंचित न रहे। बुधवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बोह के वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्यातिथि विधायक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जिस परिवार की वार्षिक आय 4 लाख रुपए से कम है, उस परिवार का छात्र इस योजना के तहत ऋण प्राप्त करने के


बोह स्कूल में बच्चों को स्वेटर बांटते विधायक केवल सिंह पठानिया।

लिए पात्र है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हर विधानसभा क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से एक राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी शिक्षा उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने संपर्क साइंस टीवी प्रोग्राम के अंतर्गत डिजिटल माध्यम से शिक्षा प्रदान करने की अनूठी शुरुआत की है। इससे पहले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बोह के प्रिंसिपल बचन सिंह ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए स्कूल की वार्षिक गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। मुख्यातिथि ने मेधावी बच्चों को सम्मानित भी किया। वहीं राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य पर स्कूल परिसर में बेटियों के नाम पर विधायक केवल सिंह पठानिया ने पौधरोपण किया तथा पात्र बेटियों के अभिभावकों को चेक भी वितरित किए। इसके साथ ही प्राइमरी स्कूल के बच्चों को विधायक की ओर से स्वेटर भी वितरित किए गए। इस अवसर पर अभिभावकों सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

वहीं विधायक केवल सिंह पठानिया ने ईको टूरिज्म के तहत दस लाख से निर्मित होने वाली फाल सड़क का भूमि पूजन भी किया तथा इस अवसर पर विधायक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि शाहपुर विस क्षेत्र में ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए कारगर कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि धारकंडी क्षेत्र में सड़कों के निर्माण पर विशेष बल दिया जा रहा है।

# गंदड पंचायत प्रधान बिंता देवी होंगी सम्मानित

**जयसिंहपुर।** विकास खंड लबागांव के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गंदड़ की प्रधान बिंता देवी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा नई दिल्ली मे सम्मानित किया जाएगा। इस बावत केंद्र सरकार की तरफ से बिंता देवी को नई दिल्ली आने का निमंत्रण पत्र प्राप्त हो चुका है। इस कड़ी में निमंत्रण प्राप्त करने वाली पंचायत प्रतिनिधियों की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट भी होगी। गौर करने योग्य बात है कि ग्राम पंचायत गंदड़ प्रधान को यह सम्मान पंचायत को ओडीएफ प्लस माडल घोषित होने पर दिया जा रहा है। वर्तमान में देश की 50 हजार से अधिक पंचायतें ओडीएफ प्लस माडल के रूप में घोषित हो चुकी हैं जिनमें ग्राम पंचायत गंदड़ विकास खंड लबागांव के अंतर्गत यह उपलब्धि प्राप्त करने वाली पहली पंचायत बन चुकी है, इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत गंदड़ खंड लंबागांव की पहली पंचायत है जिसने ठोस कचरा निपटान हेतु ठोस कचरा प्रबंधन इकाई स्थापित की है।

# सेब के पौधों की खरीद मामले में गिरेगी गाज

## चंबा की सनवाल पंचायत का है मामला, एक करोड़ से अधिक की राशि का हुआ है घोटाला, आरोपी नपेंगे

**एमएम डैनियल, चंबा**

महात्मा गांधी नेशनल रूरल एंप्लॉयमेंट गारंटी एक्ट के तहत जिला चंबा की सनवाल पंचायत में सेब के पौधों की खरीद में पंचायत प्रतिनिधियों के शामिल होने का एक करोड़ से अधिक राशि का बड़ा घोटाला गत वर्ष उजागर हुआ, लेकिन हैरानी की बात है कि अभी तक इस धांधली में शामिल दोषियों पर न जांच पूर्ण हो पाई और न ही आगामी कार्रवाई अमल में लाई गई है।

हालांकि संबंधित विभागों में जिला पंचायतीराज व उद्यान विभागों द्वारा विभागीय जांच अवश्य आरंभ की गई, लेकिन इस पर शिकायतकर्ताओं द्वारा संतोष न व्यक्त करते इस मामले को प्रदेश सरकार के ध्यानार्थ ऑनलाइन शिकायत के माध्यम से लाया गया। जिसके पश्चात सरकार द्वारा मामले की निष्पक्ष जांच का दायित्व उपायुक्त चंबा को सौंपा गया है। जिसके बाद यह तय माना जा रहा है कि धांधली मामले में शामिल आरोपियों पर कभी भी जांच की गाज गिर सकती है। गौर हो कि गत वर्ष जिला चंबा के चुराह विधानसभा क्षेत्र के अधीन सनवाल पंचायत में पंचायत प्रतिनिधियों पर सेब के पौधों की खरीद में धांधली का आरोप लगा। जिसमें करीब एक करोड़ 20 लाख सेब के पौधों की खरीद में धांधली व लोगों के इसमें मस्टरोल तक भरे गए थे। जिसमें सनवाल पंचायत में पंचायत द्वारा वहां की नर्सरी के लिए उद्यान विभाग में 48 हजार से अधिक के सेब के पौधे खरीदे गए। जबकि वहां की नर्सरी पर उन पौधों को लगाने की प्रास जगह ही उपलब्ध नहीं थी। ग्रामीण लोगों ने आरोप लगाया है कि बिना गुणवत्ता और बिना जांचे परखे कैसे विभाग ने इन पौधों को खरीदा है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि इससे पहले भी इसी तरह की जांच हुई थी, लेकिन उसमें भी अधिकारियों की मिली भगत के चलते केवल पंचायत प्रतिनिधियों को नोटिस देकर और इस जांच से बचने के लिए अलग-अलग हथकंडे अपनाते हुए इस केस को दबाने तक प्रयास किया। जिस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कुछ स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत संबंधित विभागीय अधिकारियों से जहां की। वहीं हिमाचल प्रदेश सरकार व मुख्य सचिव भारत सरकार के ध्यानार्थ इस धांधली मामले को लाया गया। जिसमें मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से किए पत्राचार में शिकायतकर्ता पवन कुमार, नौरंग व झगर सिंह ने पंचायत प्रतिनिधियों व विकास खंड अधिकारी तीसा पर आरोप लगाया है कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में जाली दस्तावेज व जाली नर्सरी बनाकर एक ही वेंडर के खाते में 88 लाख रुपए डालें व निकाले जाते है। जबकि जमीनी स्तर पर एक भी पौधा नहीं लगा। वहीं न ही उद्यान विभाग से इसकी एनओसी ली और न प्रोसंसिंग की गई। इस दिशा में उचित जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने सहित सरकारी धन के दुरुपयोग राशि को वापस वसूला जाएं। (अनंत ज्ञान)

### कहां पहुंची जांच

सनवाल पंचायत में सेब पौधों की खरीद-फरोख्त मामले में धांधली को लेकर पंचायतीराज विभाग, उद्यान विभाग चंबा जहां पहले ही शिकायत मिलते ही जांच प्रक्रिया को आरंभ कर दिया। वहीं मामले के तूल पकड़ते ही इस दिशा में केंद्र, राज्य सरकार के हस्ताक्षेप के पश्चात जिला प्रशासन चंबा की ओर से भी जांच की जा रही है। जिसमें संयुक्त जांच कमेटी एसडीएम तीसा की अध्यक्षता में गठन किया गया है। जिसमें पंचायतीराज व उद्यान विभाग अधिकारियों को शामिल किया गया है। जिसमें उपायुक्त चंबा द्वारा विभाग को इसकी निष्पक्ष जांच के स्पष्ट रूप आदेश दिए है। वहीं जांच पूर्ण होने के बाद ही इस मामले में कितने पंचायत प्रतिनिधियों व लाभार्थियों पर इसकी गाज पड़ती है यह देखने लायक होगा।


खरीदे गए सेब के पौधों की फाइल फोटो।


पंचायतीराज विभाग द्वारा पंचायत सनवाल प्रतिनिधियों से लेकर सचिवों से जवाब तलब किया गया है। जबकि फील्ड में सेब पौधों की खरीद में हुई धांधली की भी हर एंगल से जांच की जा रही है। जिसमें उद्यान विभाग विशेषज्ञ की मदद भी ली जा रही है। वहीं इस दिशा में हाल ही में उपायुक्त चंबा के माध्यम से आरोपी पंचायत प्रतिनिधियों को कारण बताओं नोटिस जारी किए है। जिसके जवाब आने के बाद व संयुक्त कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद उपायुक्त चंबा के माध्यम से आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**-महेश चंद ठाकुर, जिला पंचायत अधिकारी, चंबा।**

# पांगी में पुलिस ने गिरफ्तार किए तीन गोवंश तस्कर

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जनजातीय क्षेत्र पांगी में पुलिस ने तीन लोगों को मवेशियों की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी जम्मू कश्मीर के रहने वाले है। जो कि पिछले एक माह से पांगी व लाहौल से पशुओं को बंधक बनाकर गाड़ियों में भरकर जम्मू व कश्मीर पहुंचाते थे।

इस संबंध में कई बार पुलिस थाना पांगी में शिकायत दर्ज की गई, लेकिन पुलिस को सफलता नहीं मिली। वहीं मंगलवार देर रात करीब 11 बजे जब लाहौल के तांदी से दो गाय व एक बैल को पिकअप में भरकर जम्मू के तीन तस्कर पांगी के पुर्थी पंचायत के छौ नामक स्थान पर पहुंचे तो वहीं पर ग्रामीणों ने उन्हें रोका और मवेशियों व पंचायत प्रधान द्वारा जारी किए गए कागज पत्र मांगे लेकिन तीनों लोगों के पास कोई कागज नहीं था। जिसके बाद तीनों पिकअप गाड़ी वहां छोड़कर भाग गए। ग्रामीणों ने


पुलिस ने जब्त की पिकअप गाड़ी।

इस संबंध में पुलिस थाना पांगी को सूचना दी और पुलिस टीम ने देर रात मौके पर पहुंचकर पिकअप को जब्त किया। इसके अलावा तीनों आरोपियों को बुधवार सुबह के समय पुलिस ने गिरफ्तार किया। तीनों आरोपी जम्मू-कश्मीर के रहने वाले है। जो कि पिछले एक माह से पांगी व लाहौल से पशु तस्करी करते थे। पुलिस इस बारे में तीनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है कि पिछले एक माह से पांगी व लाहौल से लिए हुए पशुओं को कहां रखा या उनका क्या किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### परेड के पूर्वाभ्यास में बहाया पसीना


ऐतिहासिक चौगान में गणतंत्र दिवस परेड का पूर्वाभ्यास करते छात्र।

**चंबा।** ऐतिहासिक चौगान में गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के तहत पुलिस, गृहरक्षक, महिला-पुरुष जवानों सहित वन रक्षकों, एनसीसी स्कूल/कॉलेज, स्कॉउट एंड गाइड व एनएसएस विद्यार्थियों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनोद धीमान की अध्यक्षता में पूर्वाभ्यास किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनोद धीमान ने गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर बताया कि समारोह का मुख्य आकर्षण का केंद्र मार्चपास्ट रहता है। जिसके तहत पुलिस, होमगार्ड, वन विभाग सहित विभिन्न स्कूल कॉलेजों के विद्यार्थियों द्वारा परेड में भाग लेने के लिए गत दो दिनों से पूर्वाभ्यास किया जा रहा है। गत दो दिनों तक जहां यह पूर्वाभ्यास पुलिस मैदान बारगाह में किया गया। वहीं इसी कड़ी में इस पूर्वाभ्यास को अंतिम चरण देने के तहत समारोह स्थल ऐतिहासिक चौगान में बुधवार को सुबह व शाम जहां पूर्वाभ्यास के दो सत्र आयोजित किए गए। वहीं वीरवार को इसका एक सत्र पूर्वाभ्यास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि परेड की अगुआई परेड कमाडंर मयंक शर्मा द्वारा की जाएगी। वहीं गणतंत्र दिवस के दिन बेहरीन मार्चपास्ट के लिए परेड दल को व उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुलिस व गृहरक्षक जवानों को प्रशंसा पत्र देकर मुख्यातिथि द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा।

### भरमौर में बैठकों का दौर शुरू

**भरमौर।** विधानसभा क्षेत्र भरमौर की गैर जनजातीय 24 पंचायतों को अलग विधानसभा घोषित करने के लिए बैठकों का दौर शुरू हो गया है। गैर जनजातीय क्षेत्र की 24 पंचायतों को अलग विधानसभा क्षेत्र घोषित करने के लिए लोगों में अब एक कमेटी बनाने का फैसला किया है। लोकसभा चुनावों के नजदीक आने के मध्य नजर गैर जनजातीय क्षेत्रों ने अपने हक को बुलंद करने के लिए आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया है। जिसके लिए कमेटी ने जल्द लोगों की राय को इकट्ठा करने के लिए बैठक करने का निर्णय लिया है। जिसके बाद एक कमेटी गांव-गांव जाकर लोगों की राय जानेगी। गौरतलब है भरमौर के गैरजनजातीय पंचायत के लोग विधानसभा क्षेत्र भरमौर में विधानसभा का चुनाव नहीं लड़ सकते हैं। यह सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। लिहाजा 2026 में होने वाले परिसीमन के मध्यनजर यहां के लोगों ने इस क्षेत्र को अलग विधानसभा क्षेत्र बनाने के लिए कदमताल तेज कर दी है। इसके लिए लोगों ने राजनीति से ऊपर उठकर इकट्ठा होने की अपील की है। कमेटी के संचालक बबलू वकील ने कहा है कि उनका हक है कि उनके क्षेत्र के लोग भी विधानसभा चुनाव लड़ने का हक मिले।उनका कहना है की विधानसभा क्षेत्र भरमौर में सिर्फ अनुसूचित जनजाति के लोग ही चुनाव लड़ सकते हैं क्योंकि यह सीट एसटी के लिए आरक्षित है । उनका कहना है कि इस क्षेत्र के लोगों को राजनीति से ऊपर उठकर अपने इस मांग को उठाना चाहिए।

### ढोंगी बाबा नाटक से बताई सरकारी स्कीमें

**सलूणी।** डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के तहत ग्राम पंचायत सलूणी में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में सूचना एवं जन संपर्क विभाग के साथ संबद्ध मां सरस्वती म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत समूहगान आज हिमाचल बढ़ चुका चहूं विकास की ओर तथा ढोंगी बाबा नुक्कड़ नाटक ने सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लोगों के समक्ष रखा। विभाग द्वारा प्रकाशित विशेष प्रचार सामग्री का वितरण कर लोगों को विभिन्न विभागीय योजनाओं से जुड़कर लाभ लेने को प्रेरित किया गया।

# कोविड में लगी चुवाड़ी-ददरियाड़ा पठानकोट सरकारी बस सेवा हांफी

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

भटियात विस क्षेत्र के लोगों को पथ परिवहन निगम पंजाब तक सीधा सेवा मुहैया करवाने के उद्देश्य से कोविड के दौरान आरंभ की गई बस सेवा अब हांफ गई है। हालांकि इस दिशा में कई बार निगम के चंबा डिपो व सब डिपो चुवाड़ी अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसका खामियाजा यात्रियों को टैक्सी वाहनों को आठ गुणा किराया देकर सहना पड़ रहा है।

गौर हो कि पठानकोट से चुवाड़ी के लिए एक ही बस आती है। जो शाम को 6:30 बजे पहुंचती है उसके बाद गांव ददरियाड़ा के लिए भेजी जाती है व रात को ददरियाड़ में ठहरती है। लॉकडाउन के बाद इस बस सेवा की सेवाएं धीरे-धीरे कम होने का सिलसिला आरंभ हुआ। जो कि वर्तमान में महीने में दो से तीन बार तक पहुंच कर रह गई है। वहीं कई बार निगम द्वारा



ऐसी बस चुवाड़ी ददरियाड़ा पठानकोट रूट पर भेजी जा रही है जो कि बीच रास्ते में ही हांफ जा रही है। इस बारे में चुवाड़ी स्थानीय निगम डिपो प्रभारी का कहना है कि निगम चंबा डिपो व पठानकोट डिपो दोनों को इस दिशा में सूचना जारी कर दी है। जिस पर आगामी निर्णय उच्च अधिकारियों के अधिकार क्षेत्र का विषय है। वहीं पथ परिवहन निगम चंबा डिपो क्षेत्रीय प्रबंधक शुगल सिंह का कहना है कि चुवाड़ी-ददरियाड़ा-पठानकोट बस सेवा का मामला आया है। जिसके तहत उचित जांच कर लोगों की सुविधा के तहत बस सेवा को निरंतर बहाल करने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# पीडब्ल्यूडी ऑफिस होली का घेराव किया

## होली-उतराला सड़क निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों के सब्र का बांध टूटा

**ओपी शर्मा, भरमौर**

होली-उतराला सड़क निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों के सब्र का बांध टूटता जा रहा है। बुधवार को स्थानीय लोगों ने होली-उतराला सड़क संघर्ष समिति के बैनर तले लोक निर्माण विभाग होली कार्यालय का शांतिपूर्वक घेराव किया जो कि निकट भविष्य में कभी भी एक बड़ा जन आंदोलन बन सकता है।

होली-उतराला सड़क संघर्ष समिति के प्रधान गगन ठाकुर की अगुआई में लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता होली को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के तहत एसडीओ होली को अवगत करवाते हुए प्रधान गगन ठाकुर ने बताया कि बहुचर्चित होली-उतराला सड़क के लाके वाली माता से सुरेई नाला तक की सड़क जो विभाग द्वारा बनाई गई है उसका पुर्नद्धार कार्य अब तक शुरू नहीं किया जा रहा है। सरकार द्वारा सुरेई पुल तथा दो किलोमीटर तक की सड़क बनने के पश्चात ही उससे आगे का निर्धारित तीन किलोमीटर का निर्माण कार्य आरंभ हो सकता है। उन्होंने कहा कि आंदोलन के पहले दिन शांतिपूर्ण तरीके से कार्यालय के बाहर सांकेतिक धरना दिया गया, वहीं सड़क निर्माण का कार्य शुरू न होने की स्थिति में यह शांतिपूर्व आंदोलन उग्र रूप भी धारण कर सकता है। जिसके जिम्मेदार सरकार व संबंधित विभाग होंगे।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार अथवा विभाग इस मार्ग को लेकर संवेदनशील रवैया नहीं अपनाता है तो यह धरना भविष्य में और तेज किया जा सकता है। समिति एवं साधारण जनता आग्रह करती है कि शीघ्र विभाग अपने स्तर पर कार्य आरंभ कर संपूर्ण क्षेत्र की जनता को लाभ पहुंचाए। इस मौके पर होली-उतराला सड़क संघर्ष समिति पदाधिकारियों, सदस्यों सहित सैकड़ों स्थानीय लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। (अनंत ज्ञान)


होली-उतराला सड़क निर्माण को लेकर बुधवार को सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग होली को ज्ञापन सौंपते होली उतराला-सड़क संघर्ष समिति के सदस्य।

# चंबा अस्पताल में फ्री दवाइयां खत्म

## बीमारियों की चपेट में आ रहे लोग, नहीं मिल रही सुविधा



पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

जहां एक ओर शुष्क ठंड के प्रकोप से आए दिन लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा में सर्द ऋतु में इस्तेमाल होने वाली कई दवाओं का टोटा पड़ गया है। जिससे चिकित्सालय पहुंचने वाले रोगियों को निशुल्क मिलने वाली दवाइयां बाजार से मंहगे दामों पर खरीदने पर विवश होना पड़ रहा है। गौर हो कि पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा में गत दो माह से कई एंटीबॉयटिक दवाइयों सहित खांसी की दवा तक खत्म है। जिसके तहत कई बार विभागीय स्टाफ प्रबंधन को अवगत करवा चुका है, लेकिन इसके बावजूद जिन दवाइयों के अभाव से विभाग गुजर रहा है उसकी खेप का कोटा पहुंच नहीं पाया है।

जिसके चलते मामूली सी खांसी की दवा से लेकर संचारी एवं गैर संचारी रोगों से जुड़ी अधिकांश दवाइयां विभागीय दवा काउंटर व स्टोर में उपलब्ध नहीं है। इस खुलासे पूर्व चिकित्सालय में कैनुला, आईबी सैट व ग्लूकोज अभाव तक का समाचार प्रकाशित हो चुके है, लेकिन बावजूद इसके अभी तक अभावी व्यवस्था जस की तस बरकरार है। जिसमें अगर कुछ परिवर्तन हुआ है तो वह अभाव की सूची में कई दवाओं के नाम शामिल हो गए है, जोकि विभाग के पास मौजूद नहीं है।

पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा प्रबंधन द्वारा चिकित्सालय में चल रहे दवाइयों के अभाव को दूर करवाने के लिए 40 लाख की दवाइयां व पांच लाख रुपए के ग्लूकोज का आर्डर जारी कर दिया है। जिसकी डिलीवरी जल्द ही चंबा पहुंच जाएगी। इसके अतिरिक्त चिकित्सालय में उपचार संबंधी अन्य अभावों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।

**- डॉ. एसएस डोगरा, प्राचार्य, पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा**

# एक विधायक एक पेंशन योजना लागू की जाए

**डलहौजी।** पंजाब सरकार द्वारा जुलाई माह में विधानसभा में एक विधायक एक पेंशन का बिल पास किया गया था। उसे अब राज्यपाल से मंजूरी मिल गई है। सरकार ने उसकी नोटिफिकेशन भी जारी कर दी है। हिमाचल आम आदमी पार्टी के चंबा जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोनू ठाकुर ने कहा कि पंजाब की तर्ज पर हिमाचल में भी एक विधायक एक पेंशन योजना को लागू किया जाना चाहिए, ऐसा करने से हिमाचल के खजाने के कई सौ करोड़ की हर महीने में बचत होगी। उनका कहना है कि प्रदेश सरकार खजाना खाली का रोना रोती रहती है, यदि वो ऐसा करते है तो प्रदेश सरकार को करोड़ों का लाभ होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से अपील की है कि वे भी पंजाब सरकार द्वारा लागू किए गए इस बिल को हिमाचल में लागू करें ताकि जनता के टैक्स के पैसे को अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य पर खर्च किया जा सके।

# खड़ामुख में हैंडपंप खराब पानी के लिए मचा हाहाकार

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर के खड़ामुख में हैंडपंप में पानी न आने के कारण पानी के लिए हाहाकार मच गया है। पानी की सप्लाई के लिए यहां पर लगाए गए दोनों हैंडपंप पिछले कुछ समय से खराब पड़े हुए हैं। वार्ड मेंबर लता देवी ने कहा है कि पानी की कमी के कारण यहां पर लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि यहां पर दिन में दर्जनों बसें एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए खड़ी होती है और सैकड़ों आदमी एक जगह से दूसरी जगह पर जाते हैं, लेकिन पानी की सप्लाई कम होने के कारण लोगों को पीने के पानी के लिए काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि विभाग द्वारा यहां पर पानी की सप्लाई पूरी करने के लिए दो हैंडपंप लगाए गए हैं, लेकिन दोनों हड़पंप पिछले कई समय से खराब चले हुए हैं। लिहाजा पानी के लिए यहां पर



लोगों को काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड पंच लता देवी ने सरकार व विभाग से मांग की है कि यहां पर जल्द से जल्द पीने के पानी की व्यवस्था की जाए ताकि लोगों को पीने के पानी के लिए दर-दर नहीं भटकना पड़े। गौरतलब है पिछले कई समय से यहां पर बारिश न होने के कारण पेयजल स्रोत भी सूखने लगे हैं। लिहाजा जनजातीय क्षेत्र में पानी की भारी कमी अभी से ही सताने लगी है। उधर इस बारे में जेई पवन कुमार ने बताया है कि उन्हे इस मामले की जानकारी नहीं है अगर वहां पर पानी की दिक्कत है तो जल्द से जल्द इस समस्या को हल कर दिया जाएगा।

# 15 पंचायतों के 5500 परिवारों को तीन साल से नहीं मिली 'लाडा' की राशि

## हिमाचल ऊर्जा निदेशालय के पास जमा हैं 11 करोड़ रुपए

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

विधानसभा क्षेत्र भरमौर की 15 पंचायतों के लगभग 5500 परिवारों को वर्ष 2020 से एनएचपीसी चमेरा तीन प्रोजेक्ट प्रभावित परिवारों को लाडा की राशि का भुगतान नहीं हो पाया है। लगभग 11 करोड़ रुपए की धनराशि प्रभावित परिवारों को अभी तक जारी नहीं हो पाई है। यह राशि हिमाचल ऊर्जा निदेशालय के पास जमा है।

प्रभावित पंचायत के परिवारो को लाडा की राशि के तुरंत जारी करने के लिए एचआरटीसी के निदेशक सुरजीत भरमौरी ने बाकायदा मुख्यमंत्री, जनजातीय विकास मंत्री मंत्री व ऊर्जा निदेशालय को पत्र भी लिखा है। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द पिछले तीन सालों से पेंडिंग पड़ी राशि को प्रभावित परिवारों को वितरित करने की मांग की है। इस बारे में सुरजीत भरमौरी ने कहा कि वर्ष 2020-21, 2021-22 और 22-23 की लगभग 11 करोड़ रुपए की धनराशि को अभी तक प्रभावित परिवारों को रिलीज नहीं किया गया है। जिसके कारण प्रभावित पंचायत के परिवारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एनएचपीसी चमेरा चरण तीन के द्वारा प्रभावित परिवारों को हर वर्ष एक प्रतिशत प्रभावित पंचायतों को कुल उत्पादन के एक प्रतिशत राशि लाडा के तहत बांटी जाती है। उन्होंने कहा है कि यह राशि ऊर्जा निदेशालय के पास जमा है लेकिन अभी तक प्रभावित परिवारों को नहीं बांटी गई है। पिछले तीन वर्षों से प्रभावित परिवारों को जो उनका हक है पैसे को नहीं बांटना समझ से परे है।


सुरजीत भरमौरी, निदेशक एचआरटीसी।

परियोजना निर्माण के दौरान राडी, सुनारा लोथल, खुंदेल, लेच, सैहली, छतराडी, दुगेठी, बेही, गैहरा, गरोला, उंलासा खणी, पूलन, औरा पंचायत को शामिल किया गया था । जहां पर इन परिवारों के मुखिया को हर वर्ष लाडा के तहत एक प्रतिशत राशि का भुगतान किया जाता था। उन्होंने पंचायत से भी निवेदन किया है कि अगर किसी परिवार के मुखिया की मृत्यु हो गई है तो प्रभावित पंचायत भी विभाग से कागजी कार्रवाई पूरी करके इस परिवार को धनराशि प्रदान करें।

**कार्यक्रम**

# 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम में विस अध्यक्ष ने सुनीं समस्याएं

## 31 शिकायतों और 66 मांगों का किया समाधान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सलूणी**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में बुधवार को डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के तहत ग्राम पंचायत सलूणी में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डलहौजी विधानसभा के विधायक डीएस ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम में लोगों द्वारा 31 शिकायतें तथा 66 मांगें रखी गई। विधानसभा अध्यक्ष ने लोगों से सीधा संवाद करते हुए समस्याओं को सुना और अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया।

उन्होंने कहा कि 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के माध्यम से जहां एक ओर लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है। सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के आयोजन को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा हर पहलू को ध्यान में रखा गया है।


ग्राम पंचायत सलूणी में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के दौरान मौजूद मुख्यातिथि विस अध्यक्ष व अन्य।

उन्होंने यह भी कहा कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम को हिमाचल प्रदेश में शुरू किया गया है। कार्यक्रम में राजस्व विभाग द्वारा इस मौके पर छह भूमि के इंतकाल किए गए तथा 48 प्रमाण पत्र भी जारी किए। 13 लोगों के आधार कार्ड तथा चार आयुष्मान तथा पांच आभा कार्ड बनाए गए।

विधानसभा अध्यक्ष ने कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत छह लाभार्थियों को 21 हजार राशि की एफडीआर भी वितरित की। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, एसडीम सलूणी नवीन कुमार शर्मा, महासचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी धर्म सिंह पठानिया, कार्यकारी अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी कमल ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी पवन ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### 152 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक मेगा चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया गया। शिविर में 152 लोगों की स्वास्थ्य जांच, 62 विभिन्न प्रकार के निशुल्क टेस्ट व दवाइयों का वितरण तथा 50 अपंगता प्रमाण पत्र जारी किए गए। आयुष विभाग द्वारा भी 153 लोगों के स्वास्थ्य की जांच तथा 21 लोगों के खून की जांच करने के साथ दवाइयां भी वितरित की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### ज्ञापन सौंप लगाई न्याय की गुहार



ज्ञापन सौंपते मनरेगा व निर्माण एवं सर्व कामगार संगठन के पदाधिकारी।

**बालीचौकी।** सरकार व प्रशासन के उदासीन रवैये के कारण मनरेगा व निर्माण एवं सर्व कामगार संगठन के अध्यक्ष संत राम के नेतृत्व में प्रधान सचिव श्रम एवं रोजगार हिमाचल प्रदेश शिमला को एसडीएम बालीचौकी के माध्यम से ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन में कहा है कि बालीचौकी ब्लॉक भौगोलिक दृष्टि से अति दुर्गम व कठिन क्षेत्र है। क्षेत्र के अधिकतर लोग अपनी जीविका के लिए मनरेगा व अन्य निर्माण के कामों पर निर्भर है। मजदूरों के पक्ष में बालीचौकी क्षेत्र की पंचायतों के चुने हुए 50 प्रतिनिधियों जिसमें जिला परिषद से लेकर के पंचायत समिति पंचायत प्रधान व वार्ड पंचों द्वारा हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र भी दिया गया। संत राम ने कहा कि बालीचौकी ब्लॉक के हजारों गरीब कामगारों के पिछले तीन वर्षों से लंबित करोड़ों रुपए के दावों जैसे शादी, प्रसूता, छात्रवृत्ति, चिकित्सा, मृत्यु इत्यादि को लेकर गुहार लगा रहे हैं, लेकिन सरकार ध्यान नहीं दे रही है।

### भाजयुमो का नव मतदाता सम्मेलन आज

**मंडी।** भाजपा युवा मोर्चा वीरवार को नव मतदाता सम्मेलनों का अयोजन सभी विधानसभा क्षेत्रों में करने जा रहा हैं, जिसमें वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री जुड़ेंगे व नव मतदाताओं को संबोधित करेंगे। युवाओं को मत का प्रयोग अवश्य करने के लिए जागरूक करना इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। निहाल चंद शर्मा ने बताया कि सराज विधानसभा में कार्यक्रम की अध्यक्षता बालीचौकी में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर व बल्ह के डडौर में विधायक इंद्र सिंह गांधी, द्रंग में भाजपा मंडल अध्यक्ष भारती व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष योगेश ठाकुर, जोगिंद्रनगर में विद्यायक प्रकाश राणा व सदर में पायल वैद्य करेंगे।

### वंशिका ने चमकाया बस्सी स्कूल का नाम



युवा सेवा एवं खेल विभाग कार्यक्रम के दौरान वंशिका को सम्मानित करते हुए।

**जोगिंद्रनगर।** उपमंडल की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बस्सी की दसवीं कक्षा की वंशिका ठाकुर ने साइंस मॉडल से पूरे देश में नाम रोशन किया है। वंशिका ठाकुर ने बताया कि जब वह आठवीं कक्षा में पढ़ती थी उस समय उसने अपना पहला साइंस प्रोजेक्ट बनाया था। प्रोजेक्ट बनाने के लिए दस हजार रुपए दिए गए थे और जिला स्तरीय प्रतियोगिता जो कि मंडी में हुई थी वहां वंशिका ठाकुर ने प्रथम स्थान हासिल किया। उसके बाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया, वहां भी प्रथम स्थान हासिल किया और जिला स्तरीय युवा महोत्सव, राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लेने के बाद राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में महाराष्ट्र में भी प्रथम स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य राजकुमारी ने बताया कि वंशिका ठाकुर ने स्कूल के साथ-साथ अपने माता-पिता व पूरे देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि स्कूल से छह बच्चों का चयन सोलन में होने वाली प्रतियोगिता के लिए हुआ है जो कि फरवरी महीने में आयोजित होगी।

### कथोण पंचायत में जागरूक की महिलाएं



ग्राम पंचायत कथोण में आयोजित शिविर में मौजूद महिलाएं।

**जोगिंद्रनगर।** एकल नारी संगठन खंड चौंतड़ा के सौजन्य से बुधवार को लडभड़ोल की ग्राम पंचायत कथोण में पंचायत प्रधान मधु देवी की अध्यक्षता में महिलाओं के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एकल नारी संगठन खंड चौंतड़ा की ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर लीला देवी और रजनी देवी ने पेंशन सुविधाओं से वंचित महिलाओं को जागरूक किया और जिसमें वृद्धा अवस्था, तलाकशुदा, पति ने महिला को छोड़ दिया हो और पति लापता आदि के बारे में महिलाओं को जागरूक किया गया। इस जागरूकता शिविर में कथोण पंचायत की 50 महिलाओं ने भाग लिया। लीला देवी ने बताया कि एकल नारी संगठन खंड चौंतड़ा लगातार ब्लॉक में ऐसे कार्यक्रम करता आ रहा है और महिलाओं को समय-समय पर जागरूक भी कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस पंचायत में 15 सदस्य महिलाएं नई जुड़ी हैं।

### डॉक्टरों को नहीं बुलाया गया वार्ता में

**मंडी।** गत एक सप्ताह से चिकित्सक अपनी मांगों को लेकर सरकार का ध्यान खींचने के लिए कंधों पर काले बिल्ले लगाकर ड्यूटी दे रहे हैं, लेकिन सरकार ने उन्हें वार्ता के लिए नहीं बुलाया। इससे इस वर्ग में लगातार रोष बढ़ता जा रहा है। बुधवार को जोनल अस्पताल में जिला स्तरीय बैठक प्रधान डॉ. अमित ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। इसमें महासचिव डॉक्टर विकास ठाकुर भी मौजूद रहे। बैठक में हैरानी जताई गई कि पूरे प्रदेश में केवल चिकित्सकों के 150 ग्रेड पे के मानदेय को मंडी जिला में ही नहीं दिया गया अन्य जिलों में दे दिया गया। बैठक में मुख्यमंत्री व निदेशक स्वास्थ्य से इस विसंगति को दूर करने की मांग उठाई गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि राज्य स्तर पर आगामी रणनीति बनाए जाने तक कंधों पर काले बिल्ले लगाकर ही काम किया जाएगा।

#### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और प्रदेश सरकार के कुशल मार्गदर्शन में मेडस्वान फाउंडेशन की सेवा जरूरतमंदों के लिए बनी वरदान

# मंडी में दो साल में 35000 लोगों ने उठाया एंबुलेंस सेवा का लाभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और प्रदेश सरकार के कुशल मार्गदर्शन में मेडस्वान फाउंडेशन द्वारा हिमाचल प्रदेश राज्य में संचालित की जा रही 108 और 102 राष्ट्रीय एंबुलेंस सेवा ने 16 जनवरी 2024 को हिमाचल प्रदेश राज्य में अपनी सेवा के दो सफल वर्ष पूरे कर लिए हैं।

अपने दो वर्षों के संचालन में मेडस्वान फाउंडेशन द्वारा संचालित आपातकालीन एंबुलेंस सेवाओं से लाखों लाभार्थी लाभान्वित हुए हैं। यह सेवा हजारों अनमोल मानव जीवन बचाने में सक्षम रही है। 108 राष्ट्रीय एंबुलेंस सेवा के तहत प्रदेशभर में 248 एंबुलेंस संचालित की जा रही हैं जो संकटग्रस्त लोगों को सातों दिन सफल सेवाएं प्रदान कर रही हैं। इसी प्रकार 102 सेवा के तहत प्रदेशभर में 148 एंबुलेंस संचालित की जा रही हैं।





फाइल फोटो।

108 एंबुलेंस सेवा ने राज्य में अपने संचालन के पिछले दो वर्षों के दौरान लाखों लोगों का विश्वास जीता है, जो आंकड़ों से भी स्पष्ट है क्योंकि हिमाचल प्रदेश राज्य में औसतन लगभग हर चार मिनट में एक लाभार्थी 108 एंबुलेंस सेवा द्वारा आपात स्थिति में लाभान्वित हुआ है। प्रबंधक सौरभ ने बताया कि जिला मंडी में 108 राष्ट्रीय एंबुलेंस सेवा ने पिछले दो वर्षों की अवधि में लगभग 35000 चिकित्सा आपात स्थितियों में समय रहते सहायता प्रदान की है जिनमें से 6150 से अधिक गर्भावस्था संबंधित आपात स्थितियां थी। इतना ही नहीं जिला मंडी में 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों द्वारा 210 सफल प्रसव करवाए गए हैं। प्रत्येक आपात स्थिति में समय पर प्रतिक्रिया से सैकड़ों लोगों की जान बचाई गई है।

#### 1964 सफल प्रसव भी करवाए

मेडस्वान फाउंडेशन के जिला मंडी के प्रबंधक सौरभ ने बताया कि पिछले दो वर्षों के दौरान प्रदेशभर में औसतन प्रत्येक माह 11000 से अधिक लोग 108 एंबुलेंस सेवाओं से लाभान्वित हुए हैं, जिसमें कई गंभीर रेफरल आपात स्थितियों में समय पर सेवाएं भी शामिल हैं। एंबुलेंस सेवाओं ने प्रदेशभर में 264000 से अधिक चिकित्सा संबंधित आपातकालीन स्थिति में महत्वपूर्ण योगदान देकर बहुमूल्य मानव जीवन बचाया है। इसके अलावा इस सेवा ने 16000 से अधिक पुलिस एवं 900 से अधिक अग्नि संबंधित आपातकालीन स्थिति में समय रहते सहायता प्रदान की है। 108 एंबुलेंस सेवा ने गर्भावस्था संबंधित आपात स्थितियों में कुशल प्रबंधन दिखाते हुए प्रशिक्षित एंबुलेंस कर्मचारियों द्वारा 1964 सफल प्रसव करवाए हैं।

### ढेलू में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम दो को

**जोगिंद्रनगर।** प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सरकार गांव के द्वार के तहत आगामी दो फरवरी को जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत ढेलू में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर करेंगे। यह जानकारी बुधवार को एसडीएम कृष्ण कुमार शर्मा ने दी। एसडीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और लोगों की विभिन्न समस्याओं को उनके घर-द्वार सुलझाने के लिए सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम आरंभ किया गया है।

### सर्राफ स्वर्णकार मनाएंगे गणतंत्र दिवस

**मंडी।** सर्राफ स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन मंडी के सदस्य हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को हर्षोल्लास के साथ मनाएंगे। प्रेस सचिव राजा सिंह मल्होत्रा ने कहा कि इस दिन मंडी के सभी ज्वेलर्स अपनी दुकानें बंद रखेंगे।

### टीचर्स को प्रशिक्षण देने के सीखे गुर

**मंडी।** नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत मंगलवार को शुरू हुई मास्टर ट्रेनरों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को वल्लभ कॉलेज मंडी में संपन्न हो गया। इस कार्यक्रम में मंडी कुल्लू बिलासपुर व लाहौल-स्पीति जिला के 42 मास्टर ट्रेनरों ने हिस्सा लिया। इस दौरान एससीईआरटी की एसोसिएट प्रोफेसर एवं कार्यक्रम समन्वयक रजनी सांख्यान व सहायक प्रोफेसर एवं कार्यक्रम की सदस्य सारिका तलवार ने शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण हासिल कर मास्टर ट्रेनर अपने-अपने खंडों में वालंटियर टीचर्स को प्रशिक्षण देंगे, जो 15 से ऊपर आयु वर्ग के असाक्षर लोगों को आधारभूत भाषा व गणित का ज्ञान प्रदान करेंगे। कार्यक्रम के समापन पर उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा अमरनाथ ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और मास्टर ट्रेनरों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान डाइट मंडी से जिला नोडल अधिकारी आशा राणा, डाइट कुल्लू से जिला नोडल अधिकारी पुष्पा वैद्य व जिला बिलासपुर से नोडल अधिकारी राकेश ठाकुर मौजूद रहे।

### बनांदर स्कूल में अभिभावकों के लिए कार्यशाला

**जोगिंद्रनगर।** प्राथमिक शिक्षा खंड चौंतड़ा दो में खंड स्तरीय नर्सरी के बच्चों के अभिभावकों की सामुदायिक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन बुधवार को राजकीय प्राइमरी स्कूल बनांदर में किया गया। इसका शुभारंभ खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी श्याम सिंह ने किया गया। शिक्षकों द्वारा शिक्षण अधिगम सामग्री की प्रदर्शनी भी लगाई गई। ममाण स्कूल के एचटी करतार सिंह ममाणिया एचटी ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा खंड चौंतड़ा-दो में प्री प्राइमरी बच्चों के अभिभावकों का सामुदायिक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया और खंड के 30 प्राइमरी स्कूलों में उनके बच्चे और अभिभावक शामिल हुए। सभी स्कूलों से विभिन्न प्रकार के टीएम का प्रदर्शनी स्टॉल लगाए, जिन्हें लोगों ने बड़ी उत्सुकता के साथ देखा और उनके बारे में जाना।

# पांच साल का 13 लाख 50 हजार रुपए का बिल थमाया

## नगर निगम ने सब्जी मंडी कांगणी को कूड़ा उठाने के बदले में जारी किया नोटिस

**अनिल शर्मा, मंडी**

कूड़ा प्रबंधन को लेकर नगर निगम मंडी ने कमर कस ली है। सरकारी संस्थानों सहित निजी संस्थानों को बिल का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किए जा रहे हैं। वल्लभ कॉलेज मंडी, सर्किट हाउस, देव सदन और ब्यास सदन को नोटिस जारी कर बिल की अदायगी करने को कहा गया है। वहीं सब्जी मंडी कांगणी को पांच साल का 13 लाख 50 हजार रुपए का बिल थमाया गया है।

इसके साथ ही जोनल अस्पताल मंडी को भी 18 लाख रुपए का बिल थमाया गया था, जिस पर अस्पताल प्रबंधन ने आपत्ति जताते हुए कहा है कि चार साल बाद एक साथ बिल देकर नियमों को दरकिनार किया गया है। बुधवार को अस्पताल प्रबंधन और नगर निगम प्रबंधन के बीच वार्ता हुई जिसमें अस्पताल प्रबंधन ने बिल का भुगतान चार किस्तों में करने को कहा है। इस पर नगर निगम प्रबंधन के सफाई कर्मियों ने एक सप्ताह से अस्पताल परिसर में पड़े कूड़े को दो डंपर में भर कर विंद्रावणी चहुंचाया। वहीं सब्जी मंडी कांगणी में भी कूड़े को वहां से हटा दिया है, लेकिन भुगतान करना अभी बाकी है।

नगर निगम मंडी कूड़े का भुगतान करने पर प्रतिदिन सब्जी मंडी से कूड़ा उठाएगा। हालांकि सफाई कर्मियों ने यहां से कूड़ा हटा दिया है, लेकिन नोटिस के अनुसार जब तक भुगतान नहीं होगा, तब तक कूड़ा नहीं उठाया जाएगा। गौर हो कि सब्जियां सड़ गल जाती हैं, इस कारण बदबू से बीमारियां फैलने का खतरा बना रहता है। नगर निगम मंडी प्रबंधन ने कहा कि यदि सब्जी मंडी बिल का भुगतान नहीं करती है तो डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण एवं निपटान अधिनियम 2018 की धारा 11 उप धारा दो के तहत बिजली और पानी का कनेक्शन काट दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)





नगर निगम मंडी। (फाइल फोटो)

- मंडी कॉलेज, सर्किट हाउस देव सदन, ब्यास सदन को भी चेताया





> नगर निगम प्रबंधन ने फैसला लिया है कि जिनका बिल भुगतान बाकी है उन्हें नोटिस जारी कर बिल भरने को कहा गया है। अन्य संस्थानों को भी नोटिस जारी किए गए हैं। नगर निगम मंडी सफाई व्यवस्था को लेकर वचनबद्ध है। शहर को साफ-सुथरा रखना हम सबका कर्तव्य है।
>
> -वीरेंद्र भट्ट, महापौर, नगर निगम, मंडी।

# भद्रोता के विकास को 40 लाख

## रखोटा स्कूल के समारोह में चंद्र मोहन शर्मा ने दी सौगात

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

सरस्वती विद्या मंदिर रखोटा ने वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया। समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर व विशिष्ट अतिथि समाजसेवी और जिला पार्षद चंद्र मोहन शर्मा शामिल हुए। सरस्वती विद्या मंदिर को चंद्र मोहन शर्मा ने गोद लेकर आजीवन इसकी देखरेख का जिम्मा उठाया और तीन लाख स्कूल को प्रदान किए, जबकि 10 लाख रुपए एक सप्ताह के भीतर खाते में जमा करवाने की घोषणा की है।

बच्चों को जहां गोविंद सिंह ठाकुर का मार्गदर्शन मिला वहीं चंद्र मोहन शर्मा ने उनके पठन पाठन को बेहतर बनाने का भार अपने ऊपर ले लिया है। इस मौके पर चंद्र मोहन शर्मा ने अपनी जिला परिषद की निधि से भद्रोता की 16 पंचायतों को 18 लाख बांटे वहीं करीब 23 लाख रुपए लोगों को अपनी जेब से बांटे गए। इस अवसर पर 45 महिला मंडलों को 25-25 कुर्सियां बांटी गई और लगभग 30 गरीब परिवारों को 10-10 हजार की राशि बांटी गई।

रखोटा के पंचायत घर को 50 हजार, टिक्कर पंचायत के कठोगन गांव के महिला मंडल, मंदिर और पूर्व सैनिकों को विकास कार्यों को लगभग चार लाख रुपए देने की घोषणा की है। इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश शिक्षा समिति के महामंत्री सुरेश कपिल और कार्यक्रम के अध्यक्ष राजकुमार ठाकुर, पूर्व में भाजपा मंडल की अध्यक्ष निशा ठाकुर, पूर्व भाजपा सचिव शीतला देवी, महिला मोर्चा की महामंत्री प्रेम कुमारी, हिमाचल प्रदेश शिक्षा समिति के संरक्षक सोहन सिंह शास्त्री, संकुल के प्रमुख शशि शर्मा, कैप्टन बलदेव चौहान, पूर्व प्रधानाचार्य अश्विनी शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



सरस्वती विद्या मंदिर रखोटा में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित मुख्यातिथि व अन्य।

### वेदांत कुटीर में स्वामी मोक्षानंद की पुण्यतिथि मनाई

**मंडी।** छोटी काशी मंडी में ब्यास घाट पर स्थित वेदांत कुटीर में स्वामी रामानंद एवं स्वामी मोक्षानंद सरस्वती की पुण्यतिथि मनाई गई। वेदांत कुटीर मंडी में ब्रह्मलीन स्वामी रामानंद परिव्राजक महाराजश्री की 45वीं पुण्यतिथि एवं स्वामी मोक्षानंद सरस्वती महाराज की चतुर्थ पुण्यतिथि माता साध्वी सेवानंद सरस्वती की अध्यक्षता में बुधवार को मनाई गई। इस अवसर पर कुटीर में प्रातः श्री रामलिङ्गेश्वर भगवान का रुद्राभिषेक हुआ। उसके बाद दोपहर में संतों एवं भक्तों द्वारा सामूहिक दश वैदिक मंत्र, श्रीमद्भागवत गीता पाठ किया गया तत्पश्चात भक्तों एवं संतों द्वारा महापुरुषों को श्रद्धांजलि दी गई। माता साध्वी सेवानंद सरस्वती ने महापुरुषों को स्मरण करते हुए संतों की महिमा सुनाई। ब्यास घाट पर स्थित वेदांत कुटीर में इस अवसर पर आस पास के सैंकड़ों लोगों ने भाग लिया।

# बाल स्कूल जोगिंद्रनगर में होनहारों को बांटे इनाम



बाल स्कूल में समारोह के दौरान मुख्यातिथि को सम्मानित करते आयोजक।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल जोगिंद्रनगर में बुधवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जीवन सिंह ठाकुर थे।

समारोह में स्थानीय बाल पाठशाला के विद्यार्थियों के आलावा केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर, राजकीय माध्यमिक पाठशाला बालकरूपी दारट के विद्यार्थियों को भी मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। एकेडमिक पुरस्कार लवप्रीत, विवेक, लविश, मोहित, समीर मृदुल, कृष, निखिल, अग्रिम बाबा, अदिति ठाकुर, तरुण, मोहित, सौरभ, अनुज ठाकुर, ऋषभ कुमार, मोहित आदि को दिए गये। बेस्ट स्टूडेंट का पुरस्कार सिद्धार्थ और उद्धवीर को दिए गए, धीरज कुमार को मोस्ट एक्टिव स्टूडेंट का पुरस्कार दिया गया। वहीं इस वर्ष बेस्ट हाउस का पुरस्कार येलो हाउस डॉक्टर होमिनी जहांगीर बाबा को दिया गया। प्रधानाचार्य आशीष कोड़ा ने वार्षिक रिपोर्ट में वार्षिक उपलब्धियां का ब्यौरा रखा।

# मंडी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड शुरू

## सोनोग्राफी कक्ष के बाहर बुधवार को लगी मरीजों की भीड़

**अनंत ज्ञान इंपैक्ट**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जोनल अस्पताल मंडी में सोमवार से मरीजों को अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिलनी शुरू होनी थी जो छुट्टी के कारण शुरू नहीं हो पाई। जानकारी के अनुसार मंगलवार को जोनल अस्पताल मंडी में यह सुविधा मिलना शुरू होनी थी, लेकिन बंद पड़ी मशीनों को शुरू करने में थोड़ा समय लगना था जिसके कारण मंगलवार शाम के समय यह सुविधा शुरू हुई। बुधवार से सुचारु रूप से मरीजों को यह सुविधा मिलना शुरू हो गई है। बुधवार को अल्ट्रासाउंड सोनोग्राफी कक्ष के बाहर काफी भीड़ देखने को मिली। जोनल अस्पताल के एमएस धर्म सिंह वर्मा ने बताया कि अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट डॉ. यशपाल ने ज्वाइनिंग कर ली है और अल्ट्रासाउंड की सुविधा अब लोगों को सुचारु रूप से मिलना शुरू हो गई है। बता दें की बीते साल 31 मार्च को जोनल अस्पताल में तैनात रेडियोलॉजिस्ट ने इस्तीफा दे दिया था उसके बाद से यह पद तीन महीनों तक रिक्त रहा। तीन महीने के बाद जुलाई के आरंभ में रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती की गई थी जिनका पदोन्नति के कारण हमीरपुर अस्पताल में तबादला हो गया जिसके कारण फिर से अल्ट्रासाउंड की मशीनें धूल फांकने को मजबूर थी। मजबूरन लोगों को निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर जाकर 1000 से 1500 रुपए का भुगतान करना पड़ता था। अनंत ज्ञान ने मरीजों को आ रही इस समस्या को 13 जनवरी के अंक में प्रमुखता से उठाया था और लोगों को इस समस्या से निजात मिले इसलिए प्रशासन के समक्ष इस समस्या को प्रमुखता से रखा।



हार्मोनल टेस्ट की मशीन खराब

पुष्पराज, मंडी

जोनल अस्पताल मंडी में सरकारी लैब में टेस्ट तो हो रहे है लेकिन हार्मोनल टेस्ट की एक मशीन खराब होने के चलते कुछ टेस्ट सरकारी लैब में भी नहीं हो पा रहे हैं। जिनमें टी3, टी4, टीएसएच जैसे टेस्ट शामिल है। वहीं क्रस्ना लैब के कर्मचारियों की हड़ताल के चलते टेस्ट नहीं होने से लोगों को निजी लैब में हजारों रुपए का भुगतान

अल्ट्रासाउंड के लिए नहीं मिला रेडियोलॉजिस्ट

बोल दिया गया है जैसे ही मशीन ठीक होगी तो हार्मोनल टेस्ट की सुविधा भी लोगों को मिलना शुरू हो जाएगी। बीते लंबे समय से जोनल अस्पताल मंडी में रेडियोलॉजिस्ट का पद खाली चल रहा है जिसके चलते अल्ट्रासाउंड की सुविधा जोनल अस्पताल में



अनंत ज्ञान समाचार पत्र के 13 जनवरी के अंक में प्रकाशित खबर।

#### मांग — व्यापारी एसोसिएशन ने नगर निगम से उठाई गुहार

# इंदिरा मार्केट में लगाए जाएं सीसीटीवी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी शहर में इंदिरा मार्केट और सेरी मंच आकर्षण का केंद्र हैं, वहीं इंदिरा मार्केट की छत पर बने सेल्फी प्वॉइंट पर लोग रोज तस्वीरें खींचते हैं और सोशल मीडिया पर पोस्ट करते है। आपको बता दें की सेल्फी प्वॉइंट का निर्माण नगर निगम द्वारा लगभग दो वर्ष पहले किया गया था और अब तक करीब तीन बार टूट भी चुका है।

कुछ शरारती तत्वों द्वारा इसे कई बार नुकसान भी पहुंचाया गया है वहीं साथ में लगी रेलिंग के कुछ पुर्जों को भी चोरी कर लिया गया है। इंदिरा मार्केट व्यापारी एसोसिएशन के प्रधान अशोक शर्मा ने बताया की व्यापार मंडल बनते ही पहले दिन से इंदिरा मार्केट में सीसीटीवी कैमरों की डिमांड नगर निगम के पास रखी और मंडी प्रशासन को भी इस बारे में मांग पत्र सौंपा है पर अभी तक इस पर कोई भी खास कार्रवाई नहीं हो पाई। उन्होंने बताया की इंदिरा मार्केट में कैमरों की जरूरत इसलिए है क्योंकि रात के समय कुछ शरारती लोगों द्वारा इंदिरा मार्केट में तोड़फोड़ की जाती है। यदि कैमरे लगे हो तो ऐसे लोगों की पहचान आसानी से की जा सकती है और कैमरे लगने से लोगों में डर भी रहता है। उन्होंने बताया की ऐतिहासिक घंटा घर भी लंबे समय से खराब पड़ा है जिसको लेकर नगर निगम ने कहा था की इसका प्रारूप डिजिटल कर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा की जब भी नगर निगम के पास कोई समस्या को लेकर जाते है तो निगम बजट का अभाव बता कर बात को टाल देता है। वहीं सीनियर सिटीजन वेलफेयर काउंसिल के अध्यक्ष राणा रणपत सिंह ने बताया कि लंबे समय से नगर निगम से यह मांग की जा रही है कि मंडी की इंदिरा मार्केट के चारों कोनों और सेल्फी प्वॉइंट के पास सीसीटीवी कैमरे लगाएं जाए। उन्होंने बताया की कुछ शरारती तत्वों द्वारा इंदिरा मार्केट परिसर में तोड़फोड़ की जाती है और दीवारों पर गुटखा भी थूका जाता है जिससे आकर्षण के केंद्र को गंदा किया जा रहा हैं।

उन्होंने नगर निगम से इस ओर ध्यान देने की मांग रखी है। वहीं नगर निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने बताया की सीसीटीवी कैमरों की डिमांड आई है। इस पर नगर निगम विचार कर रहा है। बजट का प्रावधान होते ही इस मांग को शीघ्र ही पूरा किया जाएगा।



इंदिरा मार्केट की दीवारों पर थूका हुआ गुटखा।

### जीवन ठाकुर ने रोड का भूमि पूजन किया

**जोगिंद्रनगर।** प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर द्वारा चक्का से दबडैहल बाया आल पाबो एवं शानन मझोगला से आंबा रा गहरा रोड का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह बहुत हर्ष का विषय है कि आज प्रदेश को ऐसा मुख्यमंत्री मिला है जो हर वर्ग के लोगों के दुख दर्द को समझता है। उन्होंने कहा कि सुखविंद्र सिंह सुक्खू जैसा नेतृत्व प्रदेश को वर्षों बाद मिला है उनके नेतृत्व में आज प्रदेश में ऐसे कार्य हो रहे हैं जो आज तक संभव नहीं हो पाए थे। इस अवसर पर अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग जेपी नायक, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति राकेश, अधिशाषी अभियंता बिजली विभाग पूर्ण चंद, बीडीओ चौंतड़ा सरवन, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सौरव ठाकुर, ओम प्रकाश, जोगिंद्र, ज्ञान चंद, इंद्र पाल, राजेश, राहुल, अभिषेक, अक्षय, लक्की आदि मौजूद रहे।

# सरकार ने शाट गांव में निपटाई शिकायतें

## सात पंचायतों की अधिकतर शिकायतों का मौके पर किया निपटारा, शेष को निपटाने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के शाट गांव में बुधवार को सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर ने की। कार्यक्रम में शाट पंचायत सहित सात पंचायत से विभिन्न विभागों से संबंधित 30 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से अधिकतर शिकायतों का मौके पर निपटारा किया गया।

सीपीएस ने शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय के भीतर निपटारे के निर्देश दिए। सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों की समस्याओं व शिकायतों का मौके पर समाधान सुनिश्चित बनाने लिए सरकार गावं के द्वार कार्यक्रम शुरू किया है। जिसमें जिले से संबंधित सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित हो रहे हैं, ताकि लोगों की शिकायतों का लोगों के घरद्वार के निकट हल किया जा सके, साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई महत्वकांक्षी योजनाओं व कार्यक्रमों व सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी दी जा सके।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश सरकार द्वारा गत एक वर्ष के कार्यकाल में समाज के सभी वर्गों के समग्र विकास के किए गए कार्यों तथा जनहित में लिए गए निर्णय के बारे में जनता के द्वार पर जाकर जानकारी प्रदान करना है। उन्होंने अधिकारियों को लोगों से प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेने तथा तत्काल समाधान परिवर्तन को महसूस कर सके।

उन्होंने कहा कि जिले को आपदा के समय विशेष राहत पैकेज के तहत 45 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई, इसके अलावा 10 करोड़ रुपए की राशि एनडीआरएफ व एसडीआरएफ के तहत भी जारी की गई। उन्होंने कहा कि गत वर्ष जुलाई माह में आई प्राकृतिक आपदा से जिले को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि जिया से मणिकर्ण सड़क के नवीकरण के लिए सीआईआरएफ के तहत 38 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। कांग्रेस पार्टी जिलाध्यक्ष सेस राम आजाद व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष हिम सिंह ने भी संबोधित किया। पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा उपमंडलाधिकारी विकास शुक्ला सहित पंचायती राज संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)





मणिकर्ण घाटी के शाट गांव में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के दौरान जनता की मांगों को सुनते हुए तथा (दाएं) पांच बेटियों के अभिभावकों को सम्मानित करते हुए सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर।

### 36 करोड़ के कुल्लू विस में हो रहे कार्य

**कुल्लू** विधानसभा क्षेत्र में मिटिगेशन प्लान के तहत 36 करोड़ के कार्य स्वीकृत किए गए हैं, इतनी ही राशि के कार्य पाइपलाइन में है। जिन्हें शीघ्र स्वीकृति मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में ईको पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है मणिकरण क्षेत्र मे ईको पर्यटन के दो गंतव्य विकसित किए जा रहे हैं।

### पांच बेटियों के अभिभावकों को किया सम्मानित

**सरकार** गांव के द्वारा कार्यक्रम के दौरान बुधवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य पर पांच बेटियों के अभिभावकों को बेटी है अनमोल योजना के तहत बेटियों के नाम की 21000 रुपए की राशि की एफडी भेंट की। उन्होंने सशक्त महिला योजना के अंतर्गत 10वीं व 12वीं कक्षा में जिला में मेरिट आने वाली तीन मेधावी छात्राओं को 6000 रुपए की राशि का भी चेक भेंट किया। उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत पांच नवजात बालिकाओं अथवा उनके अभिभावकों को बधाई पत्र व किट भी वितरित की।

### कलाकारों ने किया जागरूक

**कार्यक्रम** के दौरान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से अनुमोदित मन्नत कला मंच के कलाकारों द्वारा प्रदेश सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रमों व योजनाओं के बारे में नुक्कड़ नाटक तथा गानों के माध्यम से जागरूक किया गया। इस दौरान कलाकारों ने समाज मे ब्याप्त नशे की आदत के कारण लोगों विशेष कर युवाओं पर पड़ रहे दुष्प्रभावों के बारे में भी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर स्टूडेंट्स को किया जागरूक



राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यक्रम के दौरान मंगलौर स्कूल की छात्राएं।

**अनंत ज्ञान, बंजार**

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बाल विकास परियोजना बंजार के सौजन्य से बालिका दिवस का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंगलौर में किया गया है।

इस मौके पर बाल विकास परियोजना अधिकारी चंपा शर्मा ने कहा कि बाल विकास परियोजना बंजार ने 19 से 24 जनवरी तक महिला व बालिकाओं को जागरूक और सशक्तिकरण के विभिन्न कार्यक्रम किए गए। इस मौके पर बुधवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंगलौर में किशोरियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया और बाल विवाह जैसी कुरीतियों को त्यागने की अपील की।

पर्यवेक्षक मोती राम ने किशोरियों को लिंग भेदभाव दूर करने और महिलाओं के संरक्षण के लिए बनाए गए विभिन्न अधिनियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंगलौर की प्राचार्य सुनीता देवी और पर्यवेक्षक कुमारी रेखा उपस्थित थीं।

## न्यूज ब्रीफ

### गणतंत्र दिवस को लेकर जवानों ने किया अभ्यास



ढालपुर मैदान में परेड का अभ्यास कर रहे पुलिस और आईटीबीपी के जवान।

**कुल्लू।** जिला मुख्यालय के ऐतिहासिक ढालपुर मैदान में 26 जनवरी को आयोजत होने जा रहे गणतंत्र दिवस परेड की जम कर तैयारी चल रही है। बुधवार को ढालपुर मैदान में गणतंत्र दिवस पर आयोजित की जाने वाली भव्य परेड की रूपरेखा तैयार करते हुए पुलिस के जवानों ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की निगरानी में जम कर परेड का अभ्यास किया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश पुलिस कुल्लू, हिमाचल प्रदेश महिला पुलिस कुल्लू, गृह रक्षक जवान, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बबेली के जवानों ने लगातार दो दिनों से चली आ रही परेड के अभ्यास में पूरे जोश के साथ भाग लिया। इसके अलावा एनसीसी कैडेट्स कुल्लू, स्काउट्स एंड गाइड कुल्लू, एनएसएस कुल्लू के सदस्यों ने वरिष्ठ परेड निरीक्षकों के निर्देशानुसार परेड की रिहर्सल करते हुए परेड की पूरी रूपरेखा को समझते हुए अभ्यास जारी रखा। इस दौरान परेड में हिस्सा ले रहे सभी जवानों ने खाकी वर्दी में गणतंत्र दिवस की परेड के लिए एक-दूसरे के साथ कदम से कदम मिलाते हुए पूरे जोश के साथ अभ्यास किया। इस अवसर पर परेड की पूरी रूपरेखा पर नजर रख रहे पुलिस अधिकारियों ने भी सभी जवानों के उत्साह को बरकरार रखते हुए उन्हें परेड के लिए आपसी तालमेल ओर अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर परेड का अभ्यास देख रहे स्थानीय लोगों में भी परेड के प्रति खासा लगाव देखने को मिला।

### ढालपुर में लोहे की पाइप पर लैंड हुआ पैराग्लाइडर



ढालपुर में लोहे की पाइप पर लैंड हुआ पैराग्लाइडर।

**कुल्लू।** पीज- ढालपुर की पैराग्लाइडिंग साइट पर बुधवार को एक हादसा होते होते बच गया। एक पैराग्लाइडिंग पायलट हवा में अपना नियंत्रण खो बैठा और पैराग्लाइडर को लैंड करवाते वक्त गणतंत्र दिवस के लिए सजाए जा रहे मंच के पास रखी पाइपों के ऊपर जा गिरा, हालांकि इसमें किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन एक बहुत बड़ा हादसा होने से टल गया है। इस दौरान कुल्लू पुलिस के जवान भी 26 जनवरी की परेड की रिहर्सल के दौरान वहां मौजूद थे, हालांकि जहां पर पैराग्लाइडर लैंड हुआ वह जगह लैंडिंग के लिए नहीं है क्योंकि पैराग्लाइर की ढालपुर में लैंडिंग के लिए हरे और लाल रंग के मेट बिछाए हुए हैं, जिसे देखकर पायलट अपनी उड़ान को उतरता है, लेकिन जहां पैराग्लाइडर लैंड हुआ वह जगह इससे 100 मीटर दूर है तो वहीं पाइपों के ऊपर लैंड होते वक्त पैराग्लाइडर पायलट अपना संतुलन खो बैठा था या यूं कहे ढालपुर में परेड के रिहर्सल कर रहे बहुत से पुलिस वालों को देखकर घबरा गया था। उस वक्त हवा भी चल रही थी कारण कुछ भी रहे हो, लेकिन गनीमत यह रही कि आज एक बहुत बड़ा हादसा आज होने से टल गया। गौर रहे कि जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर में इन दिनों पैराग्लाइडर हवा में उड़ते हुए नजर आ रहे हैं, जिसमें पर्यटक भी काफी मस्ती कर रहे हैं।

# एलपीएस ने तय की आलू बीज की कीमतें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

एशिया की दूसरी बड़ी सोसायटी एलपीएस ने बुधवार को लाहौल के किसानों द्वारा पैदा किए गए बीज आलू की फाइनल कीमत तय कर दी है। एलपीएस प्रबंधन समिति की बैठक में कुफरी ज्योति 4200, कुफरी चंद्रमुखी, हिमानी, खाने के आलू व सन्ताना 3000 रुपए प्रति क्विंटल तय कर दिया है। वहीं बी-ग्रेड आलू की कीमत 1100 रुपए प्रति बेग के हिसाब से दिया जाएगा। केसीएम रेट बाजार में पूल नहीं हो पाया है फिर भी किसानों 1500 रुपए प्रति बेग की दर से दिया जा रहा है। लाहौल के किसानों अप्रैल के पहले सप्ताह से एलपीएस को दिए गए आलू की फाइनल पेमेंट मिलेगी। वहीं इस बार एलपीएस कृषि विभाग से मिलकर लाहौल के किसानों को 800 बोरी कुफरी ज्योति के ब्रीडर और 800 ही बैग कुफरी ज्योति के एफ वन बीज के वैरायटी मुहैया करवाएगी। एलपीएस के चेयरमैन सुदर्शन जस्पा ने बताया कि आगामी मार्च अप्रैल में एलपीएस किसानों को 3000 बैग संताना बीज भी उपलब्ध करवाएगी। वहीं, बीज आलू को 25 प्रतिशत सब्सिडी भी मिलेगी।

उन्होंने कहा कि देश की देश की बड़ी कंपनी मेकिंस, हाइफन बालाजी की तर्ज पर आबंटित होगी। वहीं एलपीएस किसानों को खाली बोरी फ्री में देंगे और लोडिंग का खर्चा भी उठाएगी। यदि बीज के वजह से फसल नहीं आती है तो किसानों को मुआवजा मिलेगा। फसल तैयार होने के बाद आलू की 75 प्रतिशत कीमत किसानों को दिया जाएगा और 25 प्रतिशत बकाया एक महीने के अंदर दी जाएगी। वर्ष 1966 के बाद एलपीएस की ओर से कुफरी ज्योति को अधिकतम 4200 रुपए प्रति क्विंटल की मिलने से किसानों को फायदा मिलेगा। इस मौके पर एलपीएस के वाईस चेयरमैन मंगलचंद ठाकुर, निदेशक मंडली सुभाष ठाकुर आदि उपस्थित रहे।



एलपीएस प्रबंधन समिति की बैठक में उपस्थित चेयरमैन सुदर्शन जस्पा व अन्य।

## खांगसर में हालड़ा उत्सव



जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की तिनन घाटी के खांगसर में हालड़ा उत्सव के दौरान ग्रामीण। गौर रहे कि लाहौल में इन दिनों विभिन्न घाटियों में हालड़ा उत्सव मनाया जा रहा है।

# पांच लाख से अधिक नए युवा मतदाताओं को भाजपा से जोड़ा जाएगा : मोनू भारद्वाज

**अनंत ज्ञान, आनी**

भाजपा युवा मोर्चा द्वारा 25 जनवरी को देशभर के 5000 से अधिक स्थानों पर नव मतदाता सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा और इसी कड़ी में प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में भी इन सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा।

भाजपा जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष मोनू भारद्वाज ने बताया कि इन सम्मेलनों में नए मतदाताओं को वर्चुअल माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचार सुनने को मिलेंगे। मोनू भारद्वाज ने बताया कि 25 जनवरी को आयोजित होने वाले इस नवमतदाता सम्मेलन का मूल उद्देश्य 18 से 25 वर्ष की आयु वाले नए मतदाताओं को भाजपा की मूल विचारधारा से जोड़ना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के निर्देशों पर आयोजित हो रहे इन राष्ट्रीय सम्मेलनों के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश के सभी 68 विधानसभा चुनाव क्षेत्र में भाजपा मंडलों द्वारा चिह्नित स्थानों पर नए मतदाताओं को एकत्रित करके उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों और कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी और एलईडी की बड़ी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री के यशस्वी विचार सुनने को मिलेंगे।

उन्होंने कुल्लू जिले के सभी चारों चुनाव क्षेत्रों के भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वह अपने-अपने बूथों से कम से कम पांच नए युवा युवती मतदाताओं को सम्मेलन स्थल तक लेकर आएं ताकि कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। हिमाचल प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष डॉक्टर राजीव बिंदल नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज शर्मा के नेतृत्व में आयोजित होने वाले सम्मेलनों में सभी 68 विधानसभा चुनाव क्षेत्रों के माध्यम से हिमाचल प्रदेश के पांच लाख नए युवा मतदाताओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। सम्मेलन की तैयारी के लिए प्रदेश भर के सभी जिलों और मंडलों में भाजपा द्वारा संयोजक तैनात किए गए हैं जो युवा भाजपा कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने भाजपा युवा मोर्चा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह सम्मेलन को सफल बनाने के लिए अपने-अपने बूथ से अधिक से अधिक नए मतदाताओं को सम्मेलन स्थल तक लाने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर उनके साथ भाजयुमो आनी मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा, महामंत्री संदीप चौहान वरिष्ठ उपाध्यक्ष भजन सिंह आदि उपस्थित थे।

# जिया में अवैध खनन करते एलएनटी व डंपर जब्त

- पुलिस ने जिया संगम स्थल में कई गाड़ियों के काटे चालान
- आपदा के बाद अब एक बार फिर सक्रिय हुआ खनन माफिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, भुंतर**

भुंतर के पास जिया संगम के पास पुलिस ने अवैध खनन करने वालों पर कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार जिया पंचायत के प्रधान संजीव कुमार ने पुलिस को यहां हो रहे अवैध खनन की जानकारी दी और पुलिस ने इस पर कार्रवाई करते हुए जिया में एलएनटी और डंपर को जब्त किया। यहां मौजूद अन्य गाड़ियों के चालान किए गए। वहीं, लोगों का कहना है कि कानून का शिकंजा सबके ऊपर चलना चाहिए जिया में और भी गाड़ियां अवैध खनन करने पहुंचती है। उनके ऊपर भी कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन गांव के लोगों ने कहा कि जिन गाड़ियों को जब्त किया गया, वह सही मायने में अपना कार्य कर रही थी।

ऐसे में पुलिस जैसे ही खनन पर कार्रवाई कर जिया से पार्वती नदी पर बने अस्थायी रोड को पार कर वापस आई तो हाथीथान की जनता उनसे उलझ गई। जनता का कहना था कि कार्रवाई सभी पर होनी चाहिए किसी एक को निशाना न बनाए। हमें टापू से खतरा है और यहां से टापू हटना चाहिए, जबकि पुलिस ने उन्हे बताया कि अवैध खनन में जुटी सभी गाड़ियों के हमने चालान किए हैं।

उधर, एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला का कहना है कि आज ही सरकार को मलबा उठाने की परमिशन के लिए कागजी कर्रवाई भेजी जाएगी। जैसे ही परमिशन आती हैं तो ब्यास व पार्वती में बने टापुओं से मलबा हटा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल मलबा इकठ्ठा करवाया जा रहा है जिसके टेंडर हुए हैं बाद में इसकी ऑप्शन होगी। बड़े-बड़े बोल्डर बीच नदी से हटाकर किनारे लगाए जाएंगे ताकि सुरक्षा बनी रहे। गौरतलब है कि बाढ़ ने जिला कुल्लू में बहुत बड़ा नुकसान पहुंचाया इस बाढ़ से हाथीथान को बहुत बड़ा नुकसान पहुंचा लोगों के मकान और दुकानें बाढ़ में बह गई।



भुंतर के जिया में नदी में एलएनटी और डंफर जिनको पुलिस द्वारा जब्त किया गया है।

## अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया आठ फरवरी से

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के मंडी, कुल्लू और लाहौल-स्पीति जिले के युवा आठ फरवरी से 21 मार्च तक अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर टेक्निकल, अग्निवीर ट्रेडमैन और अग्निवीर टेक्निकल के लिए ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन करें। कर्नल डीएस सामंत भर्ती निर्देशक सेना भर्ती कार्यालय, मंडी ने जानकारी दी है कि इसके लिए सभी उम्मीदवारों ने वेबसाइट पर लॉगिन करके आवेदन करना होगा। उम्मीदवारों के सुविधा के लिए वेबसाइट में वीडियो लिंक है, जिसमें उम्मीदवार पंजीकरण कैसे करें और ऑनलाइन परीक्षा में कैसे उपस्थित हो, समझने के लिए देख सकते है। वेबसाइट पर ऑनलाइन प्रैक्टिस टेस्ट की सुविधा भी उपलब्ध है।

# कैप्टन प्रेमजीत रोकपा ट्रस्ट ने शमेंद्र को दी आर्थिक मदद

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

लिवर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे शमेंदर की मदद के लिए कैप्टन प्रेमजीत रोकपा मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट एक उम्मीद बन कर सामने आया। कैप्टन प्रेमजीत रोकपा मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की संचालिका पी डोलमा ने शमेंदर बहल को इलाज के लिए ट्रस्ट की तरफ से 15000 रुपए की आर्थिक सहायता भेंट की। 43 वर्षीय शमेंदर बहल (छोटु) पुत्र स्वर्गीय फतेह सिंह बहल गांव बड़ा भुईन तहसील भुंतर के निवासी हैं और चिकित्सकों ने उन्हें लिवर ट्रांसप्लांट के लिए कहा है जिसका पूरा खर्चा करीब 45 लाख रुपए है। डाक्टर ने इन्हें तीन महीने के भीतर ट्रांसप्लांट के लिए कहा है अन्यथा इनके जीवन को खतरा हो सकता है। शमेंदर की अपने इस इलाज का खर्च उठाने में समर्थ नहीं है इसलिए समय पर इलाज हेतु उन्हें आर्थिक मदद की दरकार है।

यदि किसी भी संस्था या व्यक्ति विशेष को लगता है कि वह शमेंदर की मदद कर सकते हैं तो शमेंदर बहल के संपर्क नंबर 7018871788 पर बात कर सकते हैं और साथ ही उनके बैंक एकाउंट के खाता नंबर 556002010002494 यूनियन बैंक, आईएफसी कोड ubin0555801 ओर गुगल पे नंबर इस नंबर 9816893193 पर कर सकते हैं।



लिवर की बीमारी से जूझ रहे शमेंदर के इलाज के लिए आर्थिक मदद करती हुई पी डोलमा।

**जायजा** माता हिडिंबा परिसर में लगे अस्थायी शेड में आगजनी की घटना सुनियोजित : गोविंद ठाकुर

# सुक्खू सरकार में बदहाल कानून व व्यवस्था की स्थिति

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मनाली के हिडिंबा माता मंदिर परिसर के समीप अस्थायी शेड्स में आगजनी की घटना पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने दुख जताया है। उन्होंने कहा कि डूंगरी गांव के दलित समुदाय के लोग यहां अनेक वर्षों से अपना कारोबार कर रोजी-रोटी कमाते थे। घटना की सूचना मिलते ही गोविंद सिंह ठाकुर घटनास्थल पहुंचे।

बुधवार को उन्होंने यहां स्थानीय लोगों से मुलाकात की और इस आगजनी की घटना के बारे में जानकारी ली। पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि यह आग सुनियोजित तरीके से लगाई गई है सभी अस्थायी शेड्स को व्यक्तिगत तौर से टारगेट किया गया है। उन्होंने कहा कि घटनास्थल से कुछ दूरी पर सियाली महादेव मंदिर के पास दो बाइकों को भी जलाया गया है। उन्होंने आशंका जताई है कि उन दोनों बाइक से तेल निकाल कर इस घटना को अंजाम दिया गया है।

पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि गत दिन पहले 18 जनवरी को यहां शरारती तत्वों ने कुछ गाड़ियों की भी तोड़फोड़ की है। उन्होंने कहा कि मनाली मुख्यालय स्थित माता हिडिंबा मंदिर के परिसर में आगजनी की घटना को अंजाम देना प्रशासन के ऊपर अनेक प्रश्न चिन्ह खड़ा करती है। गोविंद सिंह ठाकुर ने इस घटना की निष्पक्ष जांच करने की मांग उठाई है। इस दौरान स्थानीय प्रभावित परिवार टेक चंद, धर्म चंद, मनोहर शर्मा, अजय, शानू, अरुण, राजा, विक्रांत, आशा, कला देवी सहित अन्य मौजूद रहे।



घटनास्थल पर पहुंचे गोविंद सिंह ठाकुर, साथ हैं स्थानीय लोग।

### आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे पुलिस

**उन्होंने** कहा कि घटनास्थल के समीप सीसीटीवी कैमरा लगे हुए हैं जिसकी पुलिस प्रशासन फुटेज निकालकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार पर भी निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह से बदहाल है। आए दिन इस तरह की अनेक घटनाएं क्षेत्र में घटित हो रही है जिसकी उन्होंने घोर निंदा की है।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला पहाड़ी गीत-संगीत प्रतियोगिता आयोजित

**सुजानपुर।** केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के मार्ग-दर्शन पर जिला हमीरपुर में आयोजित महिला पहाड़ी गीत-संगीत प्रतियोगिता का आयोजन सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की पंचायत पनोह के चौरी गांव में बने सामुदायिक भवन में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने शिरकत की। इस मौके पर अनुराग ठाकुर द्वारा चलाए गए सांसद स्वास्थ्य सेवा के अंतर्गत मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया गया। स्वयं सहायता समूह द्वारा प्रदर्शनियां लगाई गईं। अनुराग ठाकुर के मार्ग-दर्शन पर जिला हमीरपुर में महिला गीत संगीत प्रतियोगिता आयोजित करवाई जा रही है, जिसमें महिलाएं बढ़-चढ़कर भाग ले रही हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर भाजपा जिला महिला मोर्चा और मंडल सुजानपुर की नारी शक्ति को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम में कैप्टन रंजीत सिंह राणा, अर्चना चौहान, रीना सपहिया, बबली देवी, विक्रम राणा, सरोज ठाकुर आदि कई लोग उपस्थित रहे।


प्रो. प्रेम कुमार धूमल का स्वागत करते शिक्षक व अन्य।

### मतदान का अधिकार सबसे बड़ा अधिकार

**हमीरपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने नव-मतदाताओं के नाम संदेश जारी करते हुए कहा है कि लोकतंत्र में मतदान का अधिकार सबसे बड़ा अधिकार होता है और मतदान करना बहुत गौरव की बात होती है। उन्होंने नए मतदाताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सब पहली बार मतदाता बनने जा रहे हैं। 25 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आप सभी को संबोधित करने जा रहे हैं। आप सब प्रधानमंत्री का संबोधन सुनिए अपने दायित्व को पहचानिए और लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

### मुकेश अग्निहोत्री हमीरपुर में फहराएंगे तिरंगा

**हमीरपुर।** 75वां गणतंत्र दिवस समारोह में इस बार उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और भव्य परेड की सलामी लेंगे। इस भव्य परेड में हिमाचल प्रदेश पुलिस के अलावा होमगार्ड, एनसीसी, एनएसएस और स्काउट एंड गाइड्स की टुकड़ियां भी भाग लेंगी। उपमुख्यमंत्री 25 जनवरी शाम को हमीरपुर पहुंचेंगे और 26 जनवरी को सुबह 11 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) हमीरपुर के मैदान में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्यातिथि के रूप में भाग लेंगे।

### बालिका दिवस पर छात्राओं को दिए टिप्स

**भोरंज।** भोरंज के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भयाड़-दो सर्कल तरक्वाड़ी में बालिका दिवस का आयोजन किया, जिसमें अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिसमें स्थानीय स्कूल की छात्राओं, महिलाओं तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। आयुर्वेदिक अस्पताल डूंगरी के डॉक्टर पंकज वर्मा ने स्थानीय स्कूल की बच्चियों को बालिका दिवस के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा माध्यमिक पाठशाला के अध्यापकों ने भी अपने अपने विचार रखे। इसके अतिरिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मी देवी, पुष्पा देवी, जमना देवी, आशा, वंदना, रानी आदि भी उपस्थिति रहीं तथा वृत्त पर्यवेक्षिका तरक्वाड़ी निशा चांगरा ने सबका अभिवादन किया।

### पेंटिंग प्रतियोगिता में शिवांशी प्रथम

**भरेड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लुद्दर महादेव स्कूल में राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें महिला एवं बाल विकास विभा वृत्त जाहू के सुपरवाइजर सुनील कुमार नड्ढा भी उपस्थित रहे। इस दौरान बच्चों में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें शिवांशी शर्मा प्रथम, श्रेजल ठाकुर द्वितीय और शिवांशी तीसरे स्थान पर रही। इस दौरान सुनील कुमार ने कहा कि हर वर्ष 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। इसके मनाने का मुख्य कारण 24 जनवरी 1966 को भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। महिलाओं की आवाज को सशक्त बनाने के लिए वर्ष 2008 से महिला एवं बाल विकास विभाग इस दिन को हर वर्ष की तरह मनाया जा रहा है।

### सेरा स्कूल में मनाया आर्द्र भूमि संरक्षण दिवस

**धनेटा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सेरा में आज आद्र भूमि संरक्षण दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य बीएल कौशल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रातकालीन सभा सत्र में समस्त स्टूडेंट्स को सपथ दिलाई गई। इसमें चंदन ईको क्लब व राष्ट्रीय सेवा योजना के भर्ती और मन्नत ने आद्र भूमि के संरक्षण में उपाय व सुझाव प्रस्तुत किए। इसके अतिरिक्त आर्द्र भूमि के संरक्षण के मूल तथ्य पर पेंटिग बनाकर इसके उद्देश्य को सार्थक किया। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### 'बजाओ ढोल स्वागत में...' पर भक्तिमय हुआ माहौल

**भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के तहत राजकीय प्राथमिक पाठशाला (बाल) भरेड़ी का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त बीएमओ डॉ. पिसी सैणी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और शैक्षणिक व खेल गतिविधियों में अव्वल रहे स्टूडेंट्स को पुरस्कार वितरित किए। मुख्याध्यापक विनोद कुमार ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। उसके उपरांत मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्टूडेंट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। 'बजाओ ढोल स्वागत में मेरे घर राम आए हैं' पर नृत्य करके माहौल को भक्तिमय किया।

### हैप्स में गणतंत्र व मतदाता दिवस मनाया

**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर में गणतंत्र दिवस, मतदाता दिवस और राज्य स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। प्रार्थना सभा में बच्चों ने भाषण द्वारा अपने विचारों से सबको जागरूक किया। उन बच्चों ने स्वतंत्रता के महत्व को बताया। पहली से आठवीं तक सभी कक्षाओं में पीपीटी के माध्यम से जागरूकता दी गई और एक छोटी-सी प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। कक्षा आठवीं की छात्राओं ने देशभक्ति गायन करके सारे वातावरण को गुंजायमान कर दिया। वहीं दूसरी और कक्षा छठी की छात्राओं ने देशभक्ति नृत्य करके सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। कक्षा तीसरी, चौथी के स्टूडेंट्स ने कला अध्यापकों के मार्ग-दर्शन में ट्राई कलर पेपर क्राफ्ट बनाया।

### मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राजकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ ने कॉलेज प्राध्यापकों की लंबित पड़ी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को एक ज्ञापन सौंपा। संघ के प्रदेश महासचिव डॉ. संजय कानूनगो ने सरकार से मांग की कि अभी हाल ही में माननीय उच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश ने अनुबंध प्राध्यापकों को प्रथम नियुक्ति से सभी सेवा लाभ दिए जाने को लेकर जो फैसला दिया है, उसे लागू किया जाए। उन्होंने मांग की है कि कॉलेज प्राध्यापकों की लंबित पड़ी समस्याओं का भी समाधान करें। महाविद्यालयों में प्रोफेसर का पद सृजित किया जाए।

### दो पूर्व सैनिकों ने थामा कांग्रेस का हाथ

**टौणी देवी।** सुजानपुर के विधायक राजेंद्र राणा की मौजूदगी में ग्राम पंचायत बारी के दो पूर्व सैनिकों ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया है। बुधवार को हुए एक कार्यक्रम में सेना से रिटायर हुए बारी गांव के निवासी कैप्टन रणबीर सिंह तथा सूबेदार राकेश कुमार कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए हैं। विधायक राजेंद्र राणा ने इन्हें हार पहनाकर पार्टी में शामिल किया।

# आयुर्वेदिक अस्पताल हमीरपुर में सर्जन न होने से नहीं हो रहे ऑपरेशन

## एक साल से सर्जन का पद चल रहा खाली, मरीजों को आज रही दिक्कत

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

जिला आयुर्वेदिक अस्पताल हमीरपुर में डाक्टरों की कमी की वजह से मरीजों को इलाज करवाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आयुर्वेदिक अस्पताल हमीरपुर में पिछले से एक साल से स्थायी सर्जन नहीं है। जिला आयुर्वेदिक अस्पताल में वर्ष 2013 से लेकर 2017 तक स्थायी सर्जन होने से बवासीर और अन्य ऑपरेशन किए जाते रहे हैं। उसके उनकी स्थानांतरण मनवी हेल्थ सेंटर में हो गया। मनवी में तैनाती होने के बाद वहां पर अस्पताल में भी सर्जन ने काफी लोगों के ऑपरेशन किया। उसके बाद वर्ष 2020 में सर्जन के सेवानिवृत्त हो गए।

सेवानिवृत्त होने से सर्जन की कमी के कारण मरीज ऑपरेशन नहीं करवा पा रहे थे। उसके बाद आयुर्वेदिक अस्पताल में सर्जन का पद खाली चल रहा था, जिसे आयुष विभाग द्वारा डेपुटेशन से भरा गया था, लेकिन मेटरनिटी लीव के चलते पिछले एक साल से आयुर्वेदिक अस्पताल में ऑपरेशन नहीं हो पा रहे हैं, इससे पहले आयुर्वेदिक अस्पताल में डेपुटेशन पर आई डाक्टर सप्ताह में तीन बार ऑपरेशन करती थी। अस्पताल में सर्जन न होने की वजह से ओपीडी में भी मरीजों की संख्या कम होती जा रही है, हालांकि आयुर्वेद विभाग के हेल्थ सेंटरों में ओपीडी में काफी संख्या में मरीज अपना इलाज करवाने के लिए आ रहे हैं इसका मुख्य कारण है कि हेल्थ सेंटरों पर कई विशेषज्ञ अपनी सेवाएं दे रहे हैं जबकि जिला आयुर्वेदिक अस्पताल में विशेषज्ञों की कमी है। (अनंत ज्ञान)


आयुर्वेदिक हॉस्पिटल हमीरपुर। (फाइल फोटो)

> इस बारे में आयुर्वेदिक अस्पताल के स्वास्थ्य अधीक्षक दलीप कुमार ने बताया कि इस बारे में विभाग को अवगत करवा दिया गया है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही अस्पताल में सर्जन की नियुक्ति कर दी जाएगी।
> -दलीप कुमार, स्वास्थ्य अधीक्षक

# ओएसए ने भोरंज स्कूल में करवाई भाषण प्रतियोगिता


भोरंज स्कूल में भाषण प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित किशोर आजाद व अन्य।

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज में ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन योगदान भोरंज ने प्रश्नोत्तरी और भाषण प्रतियगिता आयोजित करवाई गई। यह प्रतियोगिता भोरंज स्कूल के चार सदन जैसे अंबेडकर सदन, सावित्रीवाई फूले सदन, स्वामी विवेकानंद सदन और अब्दुल कलाम आजाद सदन के बीच में करवाई गई। जिसमें लगभग 20 बच्चों ने भाग लिया।

संस्था के सचिव किशोर आजाद ने बताया कि आज भोरंज स्कूल में भाषण और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रधानाचार्य ओंकार सिंह भाटिया ने बताया कि ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन भोरंज लगातार स्कूल में गतिविधियां आयोजित करती रहती है।

इस प्रतियोगिता में संस्था के अध्यक्ष सुदेश ठाकुर, सचिव किशोर आजाद और हिंदी विषय की प्रवक्ता नीता ने बतौर जज की भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता में बच्चों से विज्ञान, करंट अफेयर्स, खेल और हिमाचल सामान्य ज्ञान से प्रश्न पूछे गए, जिसमें विवेकानंद सदन ने प्रथम स्थान, अब्दुल कलाम आजाद सदन ने दूसरा स्थान और अंबेडकर सदन ने तीसरा स्थान हासिल किया। भाषण प्रतियोगिता में डॉक्टर अंबेडकर सदन और अब्दुल कलाम सदन ने प्रथम, सावित्री बाई फुले सदन ने दूसरा और स्वामी विवेकानंद सदन ने तीसरा स्थान हासिल किया।

# भगवती स्कूल के मेधावी बच्चों को दिए मेरिट सर्टिफिकेट


मेधावी बच्चे मेरिट सर्टिफिकेट प्राप्त करने के बाद प्रिंसीपल के साथ।

**अनंत ज्ञान, नादौन**

भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में हिमाचल प्रदेश बोर्ड द्वारा सत्र 2022-23 के 27 मेधावी बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मेरिट सर्टिफिकेट वितरित किए गए।

कक्षा दसवीं से 18 छात्रों में सान्या कटोच व आकृति ने मेरिट सूची में 16वां स्थान, इसी तरह कृतिका ने 32वां, आरव कौंडल ने 69वां, सूरज ने 74वां, शैलजा ने 82वां, कार्तिक ने 83वां, अंबिका ने 92वां, खुशबू ने 99वां, कनक ने 100वां, आर्यन ने 107वां, तन्वी और कार्तिक ने 109वां, आसना ने 127वां, परीक्षित ने 129वां, अंशिका ने 131वां, निखिल पटियाल ने 134वां, अभिषेक ने 138वां स्थान हासिल किया। सभी मेधावी बच्चों को हिमाचल प्रदेश बोर्ड द्वारा मेरिट सर्टिफिकेट वितरित किए गए। कक्षा 12वीं से नौ स्टूडेंट्स कृतिका शांडिल को 46वां, मुस्कान को 72वां, मैथिली को 88वां, आकाश को 99वां, राहुल को 106वां, स्वयम को 109वां, रिशव को 113वां, नेहा को 114वां, सिद्धार्थ को 118वां स्थान हासिल करने पर हिमाचल प्रदेश बोर्ड द्वारा मेरिट सर्टिफिकेट वितरित किए गए। प्रिंसीपल आरती कटोच ने बच्चों को बधाई दी।

# शिवकुमार हिमकॉन अवार्ड से सम्मानित

**भोरंज।** भोरंज क्षेत्र से संबंध रखने वाले प्रमुख समाजसेवी व पंचायत समिति के सदस्य शिवकुमार वर्मा को हिम जागृति मंच व बेटियां फाउंडेशन के सामूहिक कार्यक्रम में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय देहरा के ऑडिटोरियम में आयोजित एक भव्य समारोह में उनकी समाज के विभिन्न क्षेत्रों में दी जारी सेवाओं के लिए हिमकॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया। शिवकुमार वर्मा ने उन्हें यह अवार्ड देने के लिए डॉक्टर ज्योत्सना जैन व एमडी प्रांजल जैन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार राकेश कथूरिया, प्रख्यात गायक संजीव दीक्षित, करनैल राणा, कुमार साहिल ,पूनम भारद्वाज, पीयूष राज, विनायक ठाकुर आदि पस्थित थे।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सप्ताह रहा उपलब्धियों भरा : सीडीपीओ

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर उपमंडल में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सप्ताह का अंतिम दिन बेटियों के नाम पौधारोपण को समर्पित रहा। पौधरोपण के इस कार्यक्रम में फलदार पौधों को नवजात बेटियों के नाम रोपित कर बेटी एवं प्रकृति के समान संरक्षण और उनकी महत्ता का संदेश स्थानीय समुदाय को देने का प्रयत्न किया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का यह साप्ताहिक कार्यक्रम उपलब्धियों भरा रहा।

उक्त जानकारी देते हुए सीडीपीओ सुजानपुर कुलदीप सिंह चौहान ने बताया कि 19 जनवरी 2023 को प्रेस के माध्यम से घोषित साप्ताहिक कार्यक्रम को स्थानीय जनता और संबद्ध विभागों का भरपूर समर्थन प्राप्त हुआ। सप्ताह के प्रथम दिन उपमंडल क्षेत्र के सभी सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, पंचायत घरों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में बेटियों के संरक्षण, उनके सतत विकास के लिए लैंगिक पूर्वाग्रह रहित परिवेश की स्थापना और समान अवसरों के सृजन की शपथ दिलाई गई। सप्ताह के दूसरे दिन कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर संदेश देकर अलख जगाया। इस अवसर पर ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया।

सप्ताह के तीसरे दिन उपमंडल के विद्यालयों में रंगों के खेल, चित्रकला, नारा लेखन, कविता पाठ जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से बेटियों के बाल मन को टटोलने का प्रयत्न किया गया। उपमंडल की सभी पंचायतों में जनसमुदाय और स्थानीय नेतृत्व से जनसंवाद हेतु सशक्त महिला योजना के अंतर्गत विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।


नवजात बेटियों के नाम रोपे गए पौधे।

# अनुराग ठाकुर झूठा प्रचार करने के मास्टर : कौशल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर झूठा प्रचार करने के मास्टर हैं और हमेशा झूठे बयान देकर सुर्खियां बटोरने की राजनीति करते हैं। यह बात प्रदेश कांग्रेस मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने यहां जारी प्रेस बयान में कही।

उन्होंने कहा कि एक तरफ असम के मुख्यमंत्री अपने पुलिस प्रमुख को राहुल गांधी के विरुद्ध भीड़ को भड़काने के लिए केस दर्ज करने की हिदायत दे रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ अनुराग ठाकुर यात्रा को जनसमर्थन नहीं मिलने का बयान देकर हास्य का पात्र बन रहे हैं।

कौशल ने कहा कि भाजपा नेतृत्व ने देश की राजनीति में भ्रष्टाचार के आरोपों में लिप्त तमाम नेताओं को भाजपा में शामिल कर यह साबित कर दिया कि भाजपा की कोई स्थायी विचारधारा नहीं है और भ्रष्टाचारियों से भी भाजपा को जरा-सा भी परहेज नहीं है। भाजपा भ्रष्टचारियों की शरणस्थली बन चुकी है। उन्होंने कहा कि चुनावों के समय भाजपा राष्ट्रवाद, भ्रष्टाचार मिटाओ, बेरोजगारी हटाओ, विकसित भारत जैसे नारों के मुखौटे में अपना असली चेहरा छिपा लेती है। फिर चुनावों के उपरांत ऐशो आराम तथा पूंजीपतियों के विकास के एजेंडे को आगे बढ़ाने के साथ भ्रष्ट नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल कर उन्हें पुरस्कृत करने का कार्य करती है।



# 26 जनवरी को स्नेक सेवर माथुर धीमान होंगे सम्मानित



**सुजानपुर।** समाजसेवी स्नेक सेवर नाम से मशहूर माथुर धीमान को सुजानपुर प्रशासन द्वारा उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा। 26 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम में मुख्यातिथि एसडीएम सुजानपुर राकेश शर्मा द्वारा उन्हें यह सम्मान दिया जाएगा।

माथुर धीमान सुजानपुर के साथ लगते आलमपुर के निवासी हैं। आज तक वह हजारों सांपों को रेस्क्यू कर चुके हैं। उनके द्वारा न केवल सांपों की जान को बचाया गया है, बल्कि लोगों में सांपों के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया गया है। उनके द्वारा जिला कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर, के अंतर्गत विभिन्न गांवों और शहरों में सांपों को बचाया जा चुका है। बीते दिनों उन्हें सांप को रेस्क्यू करते समय एक जहरीले सांप ने काट लिया था, लेकिन सांप द्वारा काटे जाने के बावजूद उन्होंने सांपों का रेस्क्यू करना अभी तक नहीं छोड़ा है। वह पर्यावरण को बचाने के लिए अपनी जान पर खेल कर अभी भी सांपों को बचाने का काम कर रहे हैं।

# नई सड़कों के निर्माण से विकास को मिलेगी गति

**बड़ा।** नादौन विधानसभा क्षेत्र में सड़कों के निर्माण और सुदृढ़ीकरण पर 80 लाख 50 हजार रुपए की राशि खर्च होगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने यह राशि मनसाई, बलडूहक और चोडू में नई सड़कें बनाने और पुरानी सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिए स्वीकृत की है। इन सड़कों के बनने और मरम्मत कार्य से विकास को और गति मिलेगी।

मनसाई पंचायत के गांव मनसाई में कुलदीप चंद के घर की और जाने वाले संपर्क मार्ग के सुदृढ़ीकरण पर साढ़े 12 लाख रुपए की राशि खर्च होगी। मनसाई पंचायत में गांव धनोआ के लिंक रोड के सुदृढ़ीकरण पर 30 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। बलडूहक पंचायत में कुहार से बलडूहक तक नए लिंक रोड के लिए आठ लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। चोडू पंचायत में कुहार से बाबे दी कुटिया कुहल-बातल-चोडू सड़क के लिए 30 लाख रुपए की राशि मंजूर की गई है। मुख्यमंत्री ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को इन सड़कों का निर्माण और सुदृढ़ीकरण का कार्य अतिशीघ्र करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखने को कहा है। वहीं बलडूहक, चोडू निवासियों ने इस कार्य के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू का किया धन्यवाद किया है।

# राम मंदिर का निर्माण गर्व की बात : राजेंद्र राणा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

राम मंदिर का निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हर सनातनी के लिए गर्व की बात है। हम सब की आस्था प्रभु श्रीराम में है। विधायक राजेंद्र राणा ने विधानसभा क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि हजारों-लाखों लोगों की कुर्बानियां देने के बाद आज भव्य राम मंदिर बना है, जिसका हम स्वागत करते हैं। श्रीराम मंदिर का निर्माण होना हम सब के लिए गर्व की बात है।

न्यायालय का फैसला आने के बाद मंदिर का निर्माण हुआ प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हुआ अब हम सब लोग प्रभु श्रीराम के दर्शन करेंगे। सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता प्रभु श्रीराम के मंदिर में जाए और प्रभु का दीदार करे, इसके लिए विधानसभा क्षेत्र से विशेष बसों को चलाने की व्यवस्था की जाएगी, इसके लिए उनका प्रयास जारी है। विधायक राजेंद्र राणा विधानसभा क्षेत्र की पंचायत बारीं व डूहक में विभागीय अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं को सुना और मौके निपटारा किया गया।

उन्होंने पंचायत बारी में बड़ा पानी का टैंक बनाने की घोषणा की, ताकि लोगों को पेयजल की किल्लत न हो।


लोगों की समस्याएं सुनते हुए विधायक राजेंद्र राणा।

# गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर की रिहर्सल


गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर रिहर्सल करते पुलिस, होमगार्ड व एनसीसी कैडेट्स।

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

बाल स्कूल मैदान हमीरपुर में 75वें गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर रिहर्सल प्रक्रिया जोरों पर चल रही है। मैदान में पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी सहित करीब नौ टुकड़ियां पिछले तीन-चार दिनों से दिन भर रिहर्सल का कड़ा अयास कर रही हैं, ताकि रिर्हल में कोई कमी ना रह सके।

जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्यातिथि के रूप में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भाग लेंगे। इसी को मद्देनजर रखते हुए बाल स्कूल मैदान में रिर्हल प्रक्रिया जोर-शोर से चल रही है। पुलिस, होमगार्ड, कॉलेज व स्कूल के एनसीसी व एनएसएस के स्वंयसेवी सुबह से लेकर शाम तक कड़ा अभयास कर रहे हैं। दोपहर के समय फायर बिग्रेड के माध्यम से मैदान में पानी का छिड़काव किया गया, ताकि धूल इत्यादि से कैडेट्स को किसी तरह की परेशानी न झेनी पड़े। (अनंत ज्ञान)

# हिम आंचल पेंशनर्स संघ के संस्थापक के बेटे का निधन

**हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ ने संस्थापक बीडी शर्मा छोटे बेटे एडवोकेट अविनाश शर्मा (अबू) (49) का निधन हो गया है। उनकी मौत ब्रेन हेमरेज के कारण बताई जा रही है। चंडीगढ़ पीजीआई में उन्हें उपचार के लिए ले जाया गया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। संघ के सदस्यों प्रदेशाध्यक्ष योग राज शर्मा, जिला प्रधान केसी गौतम, महासचिव शंभू राम जसवाल, टौणी देवी प्रधान जगदीश चंद शर्मा, हमीरपुर प्रधान देव राज पटियाल, दीप चंद शर्मा, अवनीश कुमार, ब्रह्म दास शर्मा, राम चंद कटोच, लेख राम कौशल, रोशन लाल पटियाल, पुरुषोत्तम शर्मा, कर्म चंद कानूनगो, प्रेम कौशल, सुभाष चंद शर्मा आदि ने उनके निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई।

**सौगात** विधायक आपके द्वारा कार्यक्रम में लोगों की सुनी समस्याएं

# विधायक सुरेश ने भौंखर पंचायत घर का किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

भोरंज विधानसभा क्षेत्र के भौंखर पंचायत साढ़े 12 लाख रुपए से बने नवनिर्मित पंचायत घर का बुधवार को विधायक उद्घाटन करके जनता को समर्पित किया तथा विधायक आपके द्वारा कार्यक्रम के दौरान लोगों को समस्याओं को सुना और उनका निपटारा किया।

इस दौरान भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। लोगों की स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और पानी जैसी सुविधाओं को मुहैया करवाने का प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की सुख आश्रय योजना शुरू करके अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ स्टेट के रूप में अपनाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस योजना में प्रदेश के 4000 हजार बच्चों को शामिल किया गया है। अनाथ बच्चों की मदद के लिए कानून के तहत योजना बनाने वाला हिमाचल प्रदेश पहला राज्य बना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के भोरंज विधानसभा क्षेत्र के दौरे में जो मांगा वह दिया हैं। उन्होंने कहा कि लदरौर और पट्टा के लिए नई पेयजल योजना बनेगी।

उन्होंने कहा कि प्रसिद्ध धार्मिक स्थल लदरौर के सौंदर्यकरण कार्य शुरू हो गया है। सड़क के किनारे पक्की नालियां और फुटपाथ बन रहा है। इसके अलावा पुलिस चौकी और सार्वजनिक पुस्तकालय भी खोला जाएगा। उन्होंने पंचायत की मांग पर पंचायत घर के साथ डंगा लगाने तथा शौचालय के निर्माण के लिए प्राकलन तैयार करने के आदेश दिए। इस दौरान भोरंज ब्लॉक के अध्यक्ष विजय बन्याल, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजीव लाल मैहर, कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण बैंक के निदेशक रोशन लाल शर्मा, जिला उपाध्यक्ष नरेश ठाकुर व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।


विधायक सुरेश कुमार भौंखर पंचायत घर के उद्घाटन के बाद जनसमस्याएं सुनते हुए।

# विद्यालय के नाम जल्द होगी स्थानांतरित जमीन

## 11 वर्षों से अपनी छत को तरस रहे केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं का सपना अब शीघ्र होने जा रहा पूरा

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

पिछले 11 वर्षों से अपनी छत को तरस रहे केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं का सपना अब शीघ्र पूरा होने जा रहा है, पिछले एक दशक से केंद्रीय विद्यालय के भवन के लिए चयनित जमीन की फाइल प्रदेश तथा केंद्र सरकार के विभागों के चक्कर काट रही थी, लेकिन आखिरकार अब जल्द ही घुमारवीं कोर्ट के पास चयनित 2.26 हेक्टेयर जमीन अब जल्द ही केंद्रीय विद्यालय के नाम स्थानांतरित हो जाएगी।

अब सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। बताते चलें कि घुमारवीं में पिछले 11 साल से मंदिर की सराय में चल रहे केंद्रीय विद्यालय को राज्य सरकार से जमीन नहीं मिल पा रही थी, जिसमें फॉरेस्ट क्लीयरेंस न मिलना सबसे बड़ी बाधा माना जा रहा था, लेकिन संबंधित अधिकारियों की मानें, तो जमीन के लिए फॉरेस्ट क्लीयरेंस मिल गई है, जिसमे बाद संबंधित मंत्रालय की ओर से प्रदेश सरकार की तरफ से दो एफिडेविट अपलोड करने को कहा गया था, जिन्हें नोडल अधिकारी की ओर से पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है, जिसके बाद जमीन को लेकर सारी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि कुछ दिनों में मंत्रालय से पुष्टि होने के बाद प्रदेश सरकार की ओर से चयनित जमीन को स्कूल के नाम स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

अधिकारियों की माने तो मार्च महीने तक जमीन स्थानांतरित हो जाएगी, इसके बाद भवन बनाने का रास्ता साफ हो जाएगा। उम्मीद है कि अगले दो महीनों के अंदर यह जमीन केंद्रीय विद्यालय के नाम स्थानांतरित हो जाएगी।

इसके बाद विद्यालय के भवन बनने का रास्ता भी साफ हो जाएगा तथा जल्द ही लोगों को घुमारवीं में केंद्रीय विद्यालय की बेहतरीन सुविधा मिलना शुरू हो जाएगी उम्मीद जताई जा रही है कि जमीन स्कूल के नाम स्थानांतरित होने के बाद करीब दो साल के अंदर केंद्रीय विद्यालय का अपना भवन तैयार हो जाएगा। बताते चलें कि विद्यालय के पास अपना भवन न होने के कारण पिछले 11 वर्षों से विद्यालय में जमा एक तथा जमा दो की कक्षाएं नहीं लग पाई हैं, जबकि कमरों की कमी के कारण मात्र एक कक्षा में 40 विद्यार्थियों का ही दाखिला हो पाता है, लेकिन नए भवन बनने के बाद इस भवन में करीब 24 क्लास रूम बनाए जाएंगे, जिसमें 12वीं तक दो-दो सेक्शन की पढ़ाई हो सकेगी तथा प्रत्येक कक्षा में 80 बच्चों को प्रवेश मिल पाएगा। इसके अतिरिक्त स्टाफ रूम, रासायनिक, भौतिक और जीव विज्ञान के साथ-साथ कंप्यूटर विषय की प्रयोगशालाओं के लिए बड़े-बड़े हाल भी तैयार किए जाएंगे। स्कूल परिसर में शिक्षक क्वार्टर, खेल मैदान, लाइब्रेरी की सुविधा भी उपलब्ध हो सकेगी। इस सारे परिसर को तैयार करने में करीब 50 करोड़ रुपए खर्च होंगे। (अनंत ज्ञान)

### नए भवन बनने के बाद इसमें करीब 24 क्लास रूम बनाए जाएंगे



केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं।

### पिछले एक दशक से लटका पड़ा था काम

2012 में केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं में खुला तो लोगों को उम्मीद थी कि अब बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलेगी और निजी विद्यालयों की मनमानी नहीं होगी, लेकिन भवन न बन पाने के कारण अभिभावकों का सपना पूरा नहीं हो पाया। जमीन के लिए राज्य सरकार तथा वन विभाग को कई बार प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही थी, जिस कारण भवन निर्माण का काम पिछले एक दशक से लटका पड़ा था।

> वैसे तो सारी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं, लेकिन मंत्रालय की तरफ से दो एफिडेविट मांगे गए थे, जिन्हें पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। मंत्रालय की तरफ से पुष्टि होते ही जमीन विद्यालय के नाम स्थानांतरित हो जाएगी।
> **अवनी भूषण जिला वन अधिकारी, वन विभाग बिलासपुर।**

> हमारी तरफ से कोई भी औपचारिकता बाकी नहीं है। उम्मीद है आने वाले एक दो महीनों में जमीन विद्यालय के नाम कर स्थानांतरित हो जाएगी। इसके बाद भवन का कार्य शुरू हो जाएगा।
> **जोगिंद्र राव, उपनिदेशक उच्च शिक्षा विभाग बिलासपुर।**

> पिछले दो महीनों से हम पूरी कोशिश कर रहे थे कि सभी औपचारिकताएं पूरी की जाएं, जिसके लिए मैंने संबंधित विभागों से बात कर इन औपचारिकताओं को जल्द पूरा करने के लिए कहा था। अब जब औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं, तो जल्द ही जमीन भी विद्यालय के नाम हो जाएगी। काफी बड़ा स्कूल कैंपस बनेगा, जिस पर करीब 50 करोड़ रुपए खर्च हो सकते हैं।
> **राजेश धर्माणी तकनीकी शिक्षा मंत्री, हिमाचल प्रदेश सरकार।**

# पीएम मोदी जो कहते हैं, उससे अधिक करके दिखाते : कटवाल



विकसित भारत संकल्प पदयात्रा के तहत कार्यक्रमों को संबोधन करते जीतराम कटवाल।

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं, उससे अधिक करके दिखाते हैं।

उनकी कही हुई बात गारंटी का दूसरा नाम है। पिछले करीब 10 वर्षों में कई अन्य वादों के साथ ही अब उन्होंने अयोध्या में श्रीराम का भव्य मंदिर बनाने का वादा भी पूरा करके दिखाया है। इस ऐतिहासिक और गौरवशाली मौके का साक्षी बनना सभी देशवासियों के लिए सौभाग्य की बात है। राम मंदिर का लगभग 500 वर्ष पुराना सपना साकार होने से करोड़ों सनातनियों में खुशी का माहौल है। रामलला के दर्शन करने के लिए अयोध्या में हर रोज लाखों रामभक्तों की भीड़ उमड़ रही है। झंडूता विस क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प पदयात्रा के तहत बुधवार को पिछड़ा क्षेत्र कोटधार के भरतपुर में भाजयुमो उपाध्यक्ष राजीव ठाकुर और नघ्यार में प्रधान बबिता के घर पर आयोजित कार्यक्रमों के दौरान अपने संबोधन में जीतराम कटवाल ने कहा कि भाजपा के लिए राजनीति जनसेवा का माध्यम है।

इसे ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार ने कई जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं, जिनका लाभ करोड़ों लोगों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि महिलाओं, किसानों, गरीबों और युवाओं की कोई जाति नहीं होती। उनकी सरकार ने सभी योजनाएं इन्हीं चार वर्गों को ध्यान में रखते हुए बनाई हैं। इनमें आयुष्मान भारत, उज्ज्वला, जनधन तथा किसान सम्मान निधि जैसी कई अन्य योजनाएं शामिल हैं। मातृ शक्ति के उत्थान के लिए लोकसभा और विधानसभा में 33 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

### तकसीम के लंबित 514 में से 185 मामलों का कुछ महीनों में किया निपटारा

# 329 मामलों को निपटाने के लिए तेज गति से प्रक्रिया जारी: अभिषेक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर में पिछले कई वर्षों से लंबित तकसीम के मामलों के समयबद्ध निपटारे के लिए एसडीएम आईएएस अभिषेक कुमार गर्ग ने संकल्प लिया है। कुछ महीनों की वर्किंग के तहत ज्यादातर मामलों को निपटाया जा चुका है, जबकि शेष मामलों के निपटारे की प्रक्रिया जारी है। एसडीएम के अथक प्रयासों की बदौलत यह संभव हो पाया। एक लक्ष्य के तहत शेष मामलों के निपटारे पर पूरा फोकस किया गया है।

बिलासपुर में सालों से तकसीम यानी जमीन के बंटवारे के मामले लंबित चल रहे थे। एसडीएम ने एक साल पहले जब ज्वाइन किया, तो उन्होंने तकसीम और इंतकाल इत्यादि के सभी केस स्टडी किए और इन सभी का एक तय समयावधि के भीतर निपटारा करने का संकल्प लिया। बिलासपुर सदर उपमंडल की बात करें, तो यहां तकसीम के कुल 514 मामले लंबित थे। जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के मद्देनजर एक संकल्प लिया कि इन सभी मामलों का निपटारा एक निर्धारित अवधि में किया जाएगा, जिसके लिए तहसीलदार और नायब तहसीलदारों की जवाबदेही सुनिश्चित की गई और तकसीम के मामलों को निपटाने के लिए प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया। जानकारी के मुताबिक सदर बिलासपुर उपमंडल में तकसीम के लंबित कुल 514 में से 185 मामलों का निपटारा कर लिया गया है, जबकि अब तक 329 मामले शेष रहे हैं, जिनके निपटारे की प्रक्रिया जारी है। सदर तहसीलदार कार्यालय में 223 में से 71 मामले निपट चुके हैं और 152 शेष हैं, जिनके निपटारे की प्रक्रिया चल रही है।

### जनता की तमाम समस्याओं का निदान किया जाए



उधर, इस संदर्भ में बात करने पर सदर के एसडीएम ने बताया कि लंबित मामलों के निपटारे की प्रक्रिया जारी है और समयबद्ध इन सभी का निपटारा किया जा चुका है। प्रशासन का संकल्प है कि जनता की तमाम समस्याओं का निदान किया जाए, ताकि उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। शेष मामलों का निपटारा भी समयवद्ध करने के लिए कृतसंकल्प हैं।

> तकसीम के सभी लंबित मामलों का समयबद्ध निपटारे करने के लिए संकल्पित हैं। अभी तक ज्यादातर मामले निपटाए जा चुके हैं, जबकि शेष का निपटारा भी तय समय सीमा के अंदर कर लिया जाएगा।
> **अभिषेक कुमार गर्ग एसडीएम, सदर बिलासपुर उपमंडल।**

# बेटी है अनमोल योजना के अंतर्गत 21000 रुपए की एफडी प्रदान की



भराडी स्कूल में राष्ट्रीय बालिका दिवस के समापन समारोह पर मौजूद लोग।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भराडी में जिला स्तरीय राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया।

माननीय तकनिकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा निदेशक उच्च शिक्षा राव, प्रारंभिक शिक्षा बीडी शर्मा, स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाष कोशल, जिला कार्यक्रम अधिकारी हरीश मिश्रा, बाल विकास परियोजना अधिकारी नेक चंद विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पांच बेटियों ईशानी, शैलजा, शिवन्या, कशिश और प्रांशी के द्वारा एक बूटा बेटी के नाम पर अशोका का पौधा रोपित किया गया और बेटियों का जन्मोतस्व भी मनाया गया। तकनीकी शिक्षा मंत्री ने पांच बेटियों को बेटी है अनमोल योजना के अन्तर्गत 21000 रुपए की एफडी प्रदान की।

राष्ट्रीय बालिका दिवस के शुभ अवसर पर बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा सर्वांगीण विकास के साथ-साथ बेटियों को कुशल बनाने के लिए प्रेरित किया। बिलासपुर में 19 से 24 तक राष्ट्रीय बालिका सप्ताह के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

### सफेद हल्दी उगाने वाला प्रदेश का पहला जिला बना बिलासपुर

# घुमारवीं में उगाई हल्दी की किस्में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में अब काली हल्दी की सफलता के बाद हरी और सफेद हल्दी का ट्रायल भी कामयाब हो गया है। बाबा नाहर सिंह बायोटेक एंड रिसर्च ने इसकी पहल की है।

पूर्व में काली हल्दी की सफलता के बाद अब हरी और सफेद हल्दी के साथ लाकाडांग हल्दी की विभिन्न किस्मों को उगाने वाला बिलासपुर जिला प्रदेश में पहला जिला बन गया है। कंपनी ने इस हल्दी का बीज केरल से मंगवाया था और इसे घुमारवीं क्षेत्र की जमीन पर लगाया गया। जहां पर यह सफलतापूर्वक तैयार हो गया है। बता दें कि रिसर्च टीम ने इससे पहले भी मिलेट्स पर आधारित उत्पाद तैयार कर बाजार में उतारे हैं, लेकिन रिसर्च टीम अब हल्दी को कॉस्मेटिक्स उत्पादों में बाजार में उतारेगी। हल्दी आधारित कॉस्मेटिक्स प्रोडक्ट्स जहां ऑर्गेनिक और नेचुरल होने से लोगों के स्वास्थ्य के लिए उपयोगी होंगे। वहीं, उन्हें बजाते मिलने वाले नकली केमिकल प्रोडक्ट्स से भी बचाव रहेगा। रिसर्च टीम जल्द ही बाजार में सभी प्रकार की हल्दी से बने अन्य उत्पाद बाजार में उतारेगी। वहीं, रिसर्च टीम ने इससे पहले प्रगति हल्दी पर आधारित कार्क्यूमिन ग्रीन टी बाजार में उतार दी है, जो कि मेडिशिनल होने के कारण सेहत के लिए लाभदायक है। वहीं, बाबा नाहर सिंह रिसर्च एंड बायोटेक के स्टूडेंट्स अखिल शर्मा ने बताया कि बिलासपुर में हल्दी को लेकर उपयुक्त वातावरण और मिट्टी उपलब्ध है, जिससे उनकी टीम इस पर बहुत ही गहनता से कार्य कर रही है।



सफेद हल्दी उगाने वाली कंपनी बिलासपुर के लोग।

### डीसी ने रिसर्च टीम के प्रयासों की सराहना की

वहीं, डीसी बिलासपुर आबिद हुसैन ने भी रिसर्च टीम के प्रयासों की सराहना की है। बिलासपुर जिले से संबंधित अन्य खाद्यानों पर भी रिसर्च करने की सलाह दी है, जिसके लिए रिसर्च टीम को जिला प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया है। वहीं, डिप्टी डायरेक्टर एग्रीकल्चर की ओर से भी टीम को इस ट्रायल के लिए बधाई दी है।

# घुमारवीं डिपो की बस निर्धारित रूट पर नहीं पहुंच रही, लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक**

हिमाचल पथ परिवहन निगम घुमारवीं डिपो की रूट पर जाने वाली बस अपने निर्धारित रूट पर नहीं पहुंच रही है।

समस्या जानने के बाद भी निगम लोगों की समस्या को लेकर गंभीर नहीं है। इसका ताजा उदाहरण घुमारवीं, लदरौर, तरघेल रूट पर जा रही निगम की बस में देखने को मिल रहा है। बताया जा रहा है कि कुछ वर्ष पहले यह बस डंगार चौक से मात्र दो किलोमीटर पीछे तरघेल में ही रोक दी जाती थी, लेकिन लोगों की मांग पर इस बस को डंगार चौक तक कर दिया गया। रात्रि ठहराव भी डंगार चौक में ही करके सुबह बस सात बजे डंगार चौक से तरघेल, तड़ौन, लदरौर के लिए चलती थी और यहां डंगार चौक में से सुबह सवारियां भी मिलती थी। उधर, बस अड्डा घुमारवीं के इंचार्ज सोहन लाल ने बताया कि जहां पर ये बस रूकी होती है, वहां पर भारी मात्रा में कोहरा पड़ा हुआ होता है और बस स्टार्ट नहीं होती है।

इस कारण बस स्टार्ट न होने के कारण बस रूट मिस हुआ। इस बस को डंगार चौक तक किया हुआ होता, तो डंगार चौक में कोहरा न पड़ने के कारण बस स्टार्ट होती और निर्धारित रूट पर चल सकती थी।

### कुछ वर्ष पहले बस डंगार चौक से मात्र दो किलोमीटर पीछे तरघेल में ही रोक दी जाती थी

### कैबिनेट मंत्री के गृह क्षेत्र सब डिपो का हाल

परिवहन निगम की बस में यात्रा करनी हो तो यहां यात्रियों को पहले सुबह-सुबह ठंड में खड़े होकर बस का इंतजार करने की परीक्षा देनी पड़ती है, शाम को बस रूट लेकर आती है, लेकिन सुबह स्टार्ट ही नहीं होती है।

# 125 बच्चों का किया एचआईवी टेस्ट

## आईटीआई दकड़ी चौक घुमारवीं में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया




डॉ. पुष्पेंद्र सिंह राणा के निर्देशानुसार संतोषी आईटीआई दकड़ी चौक में राष्ट्रीय युवा दिवस पर मौजूद लोग।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र सिंह राणा के निर्देशानुसार संतोषी आईटीआई दकड़ी चौक घुमारवीं में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इसमें एमडी एन शर्मा और प्रिंसिपल ओपी शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

इसमें स्वास्थ्य शिक्षक लीला शर्मा ने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन परिचय के साथ-साथ उनके आदर्शों पर विस्तार से बताया। विवेकानंद ने युवाओं को संदेश दिया था कि उठो, जागो और अपने लक्ष्य को प्राप्त करो के बारे में अवगत कराया गया। महिलाओं के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है इसके बारे में भी उन्होंने संदेश दिया था। इस दिवस पर युवाओं को नशे से दूर रहने, सही खान पान, व्यायाम करने तथा मोबाइल फोन का कम इस्तेमाल तथा एचआईवी एड्स की विस्तृत जानकारी दी गई। एडोलोसेंट हेल्थ काउंसलर सुभाष चौहान ने युवाओं को शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बताया , इस प्रोग्राम के उपलक्ष्य में आईसीटीसी काउंसलर मोनिका तथा टेक्नीशियन मंजुबला ने 125 बच्चों का एचआईवी टेस्ट किया। इस दिवस पर बच्चों ने रंगोली, पोस्टर मेकिंग, डिक्लामेशन प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें रंगोली में कनिका पहले स्थान पर, नेहा दूसरे स्थान पर तथा संजना तीसरे स्थान पर रही। पोस्टर मेकिंग में अक्षय पहले स्थान पर ललित दूसरे स्थान पर तथा अनीश तीसरे स्थान पर रहे।

# क्विज प्रतियोगिता में पूछे गए सड़क सुरक्षा के प्रश्न

**झंडूता।** जेजवीं स्कूल में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत क्विज कंपटीशन का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम स्थानीय पाठशाला की प्रधानाचार्य रेखा शर्मा तथा रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक रसायन विज्ञान प्रवक्ता डॉक्टर संदीप कुमार की अध्यक्षता में करवाया गया। इस कंपटीशन में जूनियर, सीनियर तथा सीनियर सेकेंडरी तीन स्तरों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। सीनियर लेवल पर टीम-ए की शिवानी, तमन्ना, आर्यन और अनमोल ने प्रथम स्थान हासिल किया टीम-बी में विवेक, हर्षित, शिवांश, आयुषी और ज्योतिषा ने द्वितीय स्थान। सीनियर सेकेंडरी स्तर पर टीम ए की आरती और तमन्ना ने प्रथम स्थान, टीम सी की आरती और श्वेता द्वितीय स्थान और टीम-बी की अक्षिता और कृतिका ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस कार्यक्रम में मंच संचालन की भूमिका वाणिज्य प्रवक्ता सतीश कुमार ने निभाई।

# दाबला पंचायत में केक काट कर मनाया बेटियों का जन्म उत्सव



दाबला में राष्ट्रीय बालिका दिवस वृत्त मोरसिंधी के आयोजन पर मौजूद महिलाएं।

**अनंत ज्ञान, दधोल**

बाल विकास परियोजना अधिकारी घुमारवीं के सौजन्य से राष्ट्रीय बालिका दिवस वृत्त मोरसिंधी की पंचायत दाबला में वृत्त पर्यवेक्षिता श्याम देई की अध्यक्षता में मनाया गया।

इस जागरूकता शिविर में वार्ड मेंबर पिंकी, आशा कार्यकर्ता व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के अलावा 50 लोगों ने भाग लिया। बालिका दिवस के मौके पर वृत्त पर्यवेक्षिका ने केक काटकर बेटियों का जन्म उत्सव मनाया गया।

इस अवसर पर बेटियों को उपहार भी दिए गए। बालिकाओं को शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार के प्रति शिविर में आए हुए लोगों को जागरूक किया।

**समस्या** कई बार वह जिला प्रशासन को करवा चुके अवगत, डंगा अब मात्र छोटा सा रास्ता बचा

# हाउसिंग बोर्ड में गिरे डंगे की प्रशासन नहीं ले रहा सुध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर शहर के साथ लगते हाउसिंग बोर्ड में स्थित वार्ड नंबर 11 में डंगा ढह जाने से राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे हो गए हैं कि यह डंगा अब मात्र छोटा सा रास्ता बन चुका है।

रात के समय यहां पर लोगों को चलने में भी भय बना हुआ है। क्योंकि अगर जरा सा भी पैर फिसलता है, तो यहां पर बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों में नानक राम, रमेश कुमार, सुनील कुमार, अशोक कुमार, सुशील कुमार, मीरा देवी, लीला देवी आदि ने बताया कि इस संदर्भ में कई बार वह जिला प्रशासन को अवगत करवा चुके हैं। कई बार वह नगर परिषद को इसकी लिखित तौर पर शिकायत कर चुके हैं, लेकिन यहां पर कोई भी अधिकारी नहीं आए हैं और न ही उनकी समस्या का हल निकाला जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि यहां पर जल्द से जल्द डंगा लगाया जाए, ताकि लोगों को इस डंगे की सुविधा मिल सके। हालात यह हैं कि किसी बुजुर्ग या मरीज को अस्पताल भी ले जाना हो, तो व्हील चेयर के चलने लायक भी रास्ता नहीं बचा है।

डर इस बात का भी है कि यदि और बारिश हो जाए तो बिलासपुर जिला मुख्यालय से करीब अढ़ाई किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह नगर परिषद वार्ड नं-11 से 12-14 परिवार बिलकुल कट जाएंगे। ऐसे में किसी भी आपातकालीन सेवा भी इन घरों तक नहीं पहुंच पाएगी और न ही किसी मेडिकल इमरजेंसी के लिए यह लोग अस्पताल पहुंच पाएंगे।



हाउसिंग बोर्ड में स्थित वार्ड नंबर 11 में गिरा हुआ डंगा, राहगीरों को भारी दिक्कतों का करना पड़ रहा सामना।

# कार्तिक शर्मा बने सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी

## कुठेड़ा स्कूल में वार्षिक पारितोषिक समारोह का किया आयोजन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं उपमंडल के अंतर्गत आने वाले मुख्यमंत्री राष्ट्रीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठेड़ा में वार्षिक पारितोषिक समारोह का आयोजन किया गया, जिसके मुख्यातिथि के रूप में सदर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर रहे।

समारोह की अध्यक्षता माध्यमिक पाठशाला के प्रधानाचार्य महोदय जगदीप सिंह ठाकुर ने की व वार्षिक पारितोषिक समारोह में पाठशाला की विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर आए हुए छठी से लेकर 12वीं कक्षा तक के बच्चों को सम्मानित किया गया। इस समारोह का मुख्य आकर्षण जमा एक क्लास में पढ़ने वाला विद्यार्थी कार्तिक शर्मा रहा, जिसने दसवीं की बोर्ड की परीक्षाओं में इस पाठशाला का नाम रोशन करते हुए स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला में 17वां स्थान प्राप्त किया था। कार्तिक शर्मा ने बोर्ड की परीक्षाओं में 478 अंक प्राप्त किए थे। वार्षिक पारितोषिक समारोह वितरण के मौके पर मुख्यातिथि के रूप में आए हुए पूर्व विधायक बंबर ने कार्तिक शर्मा को साल के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी के रूप में पुरस्कार प्रदान किया। वार्षिक पारितोषिक समारोह में स्कूल के पाठशाला के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें लोक नृत्य, पंजाबी डांस और देश भक्ति के गीत प्रमुख थे। कक्षा नवमीं के विद्यार्थियों की ओर से देश भक्ति कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर विधायक ने बच्चों को दिए गए अपने संदेश में कहा कि वर्तमान समय में नशे के कारोबारी द्वारा विद्यार्थियों को निशाना बनाया जा रहा है अतः बच्चों को इस बुराई से दूर रहना चाहिए।



कुठेड़ा स्कूल में वार्षिक पारितोषिक समारोह पर स्टूडेंट्स को सम्मानित करते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### उपमुख्यमंत्री का प्रवास कार्यक्रम

**ऊना।** ऊना विस क्षेत्र के तहत रायपुर सहोड़ां में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम वीरवार को आयोजित होगा, जिसकी अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री करेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के उपरांत उपमुख्यमंत्री तीन बजे पेयजल योजना बनगढ़ के संवर्धन का लोकार्पण करेंगे।

### नरेश शर्मा बने हिमुडा कालोनी के प्रधान

**बंगाणा।** हिमुडा कालोनी रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी बंगाणा का चुनाव बुधवार को यहां सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। एमजी वोहरा की अध्यक्षता में हुए चुनाव में नरेश शर्मा को अध्यक्ष चुना गया। कश्मीर चंद डोगरा को उपाध्यक्ष, जबकि लेख राज को महासचिव, कमलेश को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा तीन सदस्यीय कार्यकारिणी में बबिता, अनिता और रणजीतको शामिल किया गया है।

### रोजगार मेले में 31 को मिला रोजगार

**ऊना।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ऊना में बुधवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें मैसर्ज़ ग्रासिम इंडस्ट्रिज़ लिमिटेड गांव धनशौ पंजाब और बीटू हाईटेक साईकिल वैली, मैसर्ज़ स्वराज़ ईज़न लिमिटेड मोहाल व मैसर्ज़ हिम टेक्नोफोर्ज़ लिमिटेड बद्दी साक्षात्कार के लिए शामिल हुई। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य आईटीआई अंशुल भारद्वाज ने बताया कि रोजगार मेले में भिन्न-भिन्न आईटीआई के 39 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया, जिसमें 31 प्रशिक्षुओं का चयन कंपनियों द्वारा नियमित व एनएपीएस के तहत किया गया।

### अभ्युदय के तहत एससी अभ्यर्थी करें आवेदन

**ऊना।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित एवं अनुसूचित जनजाति विकास निगम ऊना के माध्यम से प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना का संचालन किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास निगम के जिला प्रबंधक विपन कुमार ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए पात्रता अनुसूचित जाति के स्थायी निवासी, जिनकी सालाना आय सभी साधनों से 2.50 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए, आयु 18 से 55 वर्ष के मध्यम तथा निगम के माध्यम से ऋण लेकर अपना रोजगार/धंधा चलाना चाहते हो व किसी ऋण देने वाली संस्था के ऋण दोषी भी नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि योजना के माध्यम से आवेदक पांच लाख तक का पूंजी अनुदान प्रदान किया जाएगा। अधिकारी जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नंबर 01975-223694 पर संपर्क किया जा सकता है।

### बीमित कर्मी के परिजनों को मिली बीमा राशि

**ऊना।** बंगाणा के तनोह निवासी देसराज के परिवार को पांच लाख रुपए बीमा राशि के चेक को बैंक प्रबंधन की ओर से सौंपा गया है। परिवार के मुखिया देसराज की हृदयगति रुकने से एक वर्ष पूर्व मौत हो गई थी। वन विभाग के तहत कार्यरत उक्त कर्मी का वेतन खाता ऊना के एचडीएफसी बैंक की शाखा में था। एचडीएफसी बैंक ऊना ब्रांच के प्रबंधक नरेश कुमार की अगुआई में टीम की ओर से औपचारिकताएं पूरी करने के बाद यह राशि बुधवार को परिवार को भेंट की गई। बीमित राशि का चेक को देसराज की पत्नी लता देवी को सौंपा है।

### बस ऑपरेटर यूनियन के चुनाव को लेकर चर्चा

**ऊना।** हरोली क्षेत्र के घालूवाल रेस्ट हाउस में जिला ऊना निजी बस ऑपरेटर्स की बैठक हुई। बैठक में निजी बस मालिकों को आ रही समस्या के बारे में विचार हुआ। यूनियन नेता राजेश पराशर ने बताया कि इस बैठक में विशेष तौर पर जिला ऊना बस यूनियन के चुनावों के बारे में भी चर्चा हुई, जिसमें सभी ने सर्वसम्मति से 26 जनवरी को चुनाव करवाने का प्रस्ताव पारित किया। जिला ऊना के सभी बस ऑपरेटर्स आह्वान किया गया कि 26 जनवरी को घालूवाल रेस्ट हाउस में 11 बजे सुबह पहुंच कर चुनावी प्रक्रिया का हिस्सा बनें। बैठक में राजेश पराशर, मोहिंद्र मनकोटिया, सुकेश ठाकुर, बब्बू प्रधान, दिनेश सैनी, संजीव रायज़ादा, संदीप शर्मा, रामप्रकाश शर्मा, संजू ठाकुर, शशि शर्मा, गुलशन ठाकुर, जगमोहन जसवाल, दविंद्र जसवाल, अक्षित पूरी, कन्नू शर्मा, शाम जसवाल, नरेंद्र शारदा, रिंकू जट, काला मनन और बॉबी आदि उपस्थित रहे।

### बौल में सड़क हादसा, युवक घायल

**ऊना।** उपमंडल बंगाणा के बौल गांव में मंगलवार को सड़क हादसे में एक युवक घायल हो गया। घायल की पहचान रिंकू कुमार पुत्र चरण दास निवासी बौल गांव के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बंगाणा थाने में दी गई शिकायत में शिकायतकर्ता रोहित कुमार पुत्र जगतार सिंह ने लिखा है कि मंगलवार रात करीब साढ़े नौ बजे वह विंदेश्वरी फिलिंग स्टेशन पर काम कर रहा था। तभी इसे वाहन के टकराने की आवाज सुनाई दी। वह राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर गया तो वहां रिंकू घायल अवस्था में पड़ा हुआ था और पास ही उसका मोटरसाइकिल भी गिरा पड़ा था। बाद में पता चला कि कोई अज्ञात वाहन रिंकू को टक्कर मारकर फरार हो गया है। बंगाणा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्जकर आरोपी की धर पकड़ और जांच शुरू कर दी है।

### चिंतपूर्णी में रास्ता रोकने वाले पर केस

**ऊना।** चिंतपूर्णी मंदिर के आस पास ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात पाने के लिए पुलिस का अतिक्रमण विरोधी अभियान जारी है। मंगलवार को चिंतपूर्णी थाने की एक टीम ने सड़क पर रेहड़ी-फड़ी लगाने वाले एक व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी कमल किशोर पुत्र शंगनू राम, निवासी गांव अमोकलां प्रीतम, तहसील अंब ने अपनी रेहड़ी-फड़ी सड़क पर लगा रखी थी, जिससे आम जनता को आने-जाने व यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही थी। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### संतोषगढ़ में एक और सट्टेबाज पकड़ा

**ऊना।** संतोषगढ़ पुलिस ने दड़ा-सट्टा कारोबारियों के खिलाफ मुहीम तेज कर दी है। इलाके में पिछले कई दशकों से दड़ा-सट्टा का कारोबार निरंतर जारी है। मंगलवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति संतोषगढ़ बाजार में दड़ा-सट्टा का काम कर रहा है। पुलिस ने उसकी तालाशी ली तो उससे 2330 रुपए और दड़ा-सट्टा की पर्चियां बरामद हुईं। संतोषगढ़ थाने में पुलिस ने आरोपी रणजोत पुत्र अतर सिंह निवासी मेघपुर, नंगल, जिला रूपनगर, पंजाब के विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

### उत्सव में उपद्रव करने वालों पर केस दर्ज

**ऊना।** अयोध्या प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन दियोली में कुछ उपद्रवियों ने उत्सव मना रहे लोगों के साथ मारपीट की। प्राप्त जानकारी के अनुसार गगरेट के दियोली गांव के अमन दीप पुत्र अवतार सिंह ने गगरेट पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि 22 जनवरी की रात आठ बजे वह ठाकुरद्वारा मंदिर दियोली में अपने साथियों के साथ दीप जला रहा था। तभी गांव के ही रहने वाले राजेश और उसके चार साथियों ने उत्सव में विघ्न डाल दिया। उन्हें गालियां निकालीं और मारपीट की। हमलावर लगातार उसे जान से मार डालने की धमकियां भी दे रहे थे। गगरेट पुलिस थाने में उक्त आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

### 21 लोगों ने मौके पर भरा 12000 का चालान

**ऊना।** जैसे-जैसे हम वित्तीय वर्ष की आखिरी तिमाही के समापन की ओर बढ़ रहे हैं, वैसे-वैसे पुलिस की चालान गति भी तेज हो रही है। मंगलवार को ऊना पुलिस ने ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 164 वाहनों के चालान किए हैं। इनमें से 21 लोगों ने मौके पर भुगतान कर दिया, जिसमें पुलिस को 12000 रुपए जुर्माने के रूप में प्राप्त हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने एक टिप्पर और एक जेसीबी का भी चालान किया है। अवैध खनन करने वाले इन वाहनों से पुलिस ने जुर्माने के रूप में 7500 रुपए वसूले हैं, साथ ही चार लोगों पर कार्रवाई हुई है जो सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करते हुए पकड़े गए थे। उनसे भी पुलिस ने 300 रुपए प्राप्त हुए हैं।

### चालकों को पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंगाणा में यातायात नियमों को लेकर स्टूडेंट्स ने सड़क पर दो पहिया वाहनों को हेलमेट और चार पहिया वाहनों को सीट बेल्ट लगाकर गाड़ी चलाने के लिए जागरूक किया। स्कूल प्रवक्ता नरेंद्र धीमान ने कहा कि सभी को सड़क यातायात नियमों की अच्छे से जानकारी होनी चाहिए खासतौर से बच्चे और युवा लोगों को जो महत्वपूर्ण सड़क दुर्घटना के खतरे पर रहते हैं।

# अच्छे कर्म ही दिखाते हैं धर्म का मार्ग: साध्वी त्रिपदा


साध्वी त्रिपदा भारती

**अनंत ज्ञान, अंब**

**दिव्य** ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा पांच दिवसीय श्री देवी कथामृत का शुभारंभ बुधवार को रामलीला ग्राउंड अंब में किया गया। कथा के प्रथम दिवस में श्री गुरु आशुतोष महाराज जी की परम शिष्या साध्वी त्रिपदा भारती ने कहा कि जब इंसान के अच्छे कर्म इकट्ठा होते हैं, तो वह धार्मिक समागम में पहुंचता है, श्रीदेवी कथा के आगे बड़े-बड़े तीर्थ और व्रत नगण्य हैं। इसके सुनने से पाप सूखे वन की भांति जलकर नष्ट हो जाते हैं, जिससे मनुष्य को शोक, क्लेश, दुःख आदि नहीं भोगने पड़ते। जिस प्रकार सूर्य के प्रकाश के सामने अंधकार छंट जाता है, उसी प्रकार भगवान की महिमा श्रवण से मनुष्य के सभी कष्ट, व्याधियां और संकोच समाप्त हो जाते हैं। इस अवसर पर विशेष रूप में स्वामी सज्जनानंद, साध्वी रुक्मणि भारती, साध्वी राजवंत भारती, साध्वी कत्यानी भारती, सतीश शर्मा (पूर्व चेयरमैन बीडीसी), कृष्णपाल शर्मा (वाइस चेयरमैन जिला परिषद), सुशील कालिया (जिला परिषद दौलतपुर), रजनी मनकोटिया (जिला परिषद), निशा भुल्लर (जिला परिषद), सीमा पटियाल (समाज सेवक), कुलदीप, नीरज नाथ (एडवोकेट), रिचा अरोड़ा, पूनम अरोड़ा, उर्मिला (जिला परिषद), अशमिल मोहम्मद (ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर), संजीव कुमार, विनोद मनकोटिया, एडवोकेट मंगल सिंह राणा और भारी मात्रा में श्रद्धालुगण शामिल हुए।


दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य

### भगवत महिमा श्रवण से ही मानव कल्याण संभव



**अंब।** क्षेत्र के गोंदपुर बनेहड़ा में इन दिनों श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का आयोजन चल रहा है, जिसमे भगवत महिमा का वर्णन अटल शास्त्री वृंदावन वाले के मुखारविंद से भगवत प्रेमियों पर आशीर्वाद स्वरूप बरस रहा है । बुधवार को अटल शास्त्री ने शुकदेवजी के द्वारा राजा परीक्षित द्वारा जिज्ञासावश पूछे जा रहे सवालों के कई अमूल्य प्रसंग समझाए। इसी दौरान आचार्य ने तुम रुठे रहो मोहन, हम तुम्हें मना लेंगे, इक बार तो आजा आओ राधा से मिला देंगे, जहां ले चलोगे वहीं मैं चलूंगा, जहां नाथ रहोगे, वहीं मैं रहूंगा तथा जरा इतना बता कान्हा कि तेरा रंग काला क्यों? जैसे मनमोहक भजनों से समूचे वातावरण को कन्हैया नाम की महिमा रस में डुबकियां लगाते हुए भक्तिमय बना दिया।

# सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

## ऊना जिले में गणतंत्र दिवस के मद्देनजर सीमाओं पर सुरक्षा हुई कड़ी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**गणतंत्र** समारोह को लेकर जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। मुख्यालय के समीपवर्ती पुलिस द्वारा नाकाबंदी करके बाहर से आने जाने वाले प्रत्येक वाहन की जांच की जा रही है।

गणतंत्र दिवस के मद्देनजर जिले में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद हो गई है। पंजाब से सटे ऊना जिले के प्रवेश द्वारों के अलावा जिला मुख्यालय के पास भी नाकाबंदी करके सभी वाहनों की चेकिंग की जा रही है। इस कार्य के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। जिले के बाथु, पंडोगा, गगरेट, मरवाड़ी और मैहतपुर प्रवेश द्वारों पर भी पुलिस द्वारा चौकसी बढ़ा दी है।

पुलिस के जवान इन नाकों पर सभी वाहनों की गहन छानबीन कर रहे हैं। सुरक्षा के कारणों से यह अभियान दो दिन पहले शुरु हुआ था, जो गणतंत्र दिवस के बाद भी जारी रहेग। उधर, जिला मुख्यालय में पुलिस और होमगार्ड तथा एनसीसी की टुकड़ियां गणतंत्र दिवस में सलामी परेड के लिए अभ्यास कर रही हैं। कड़ाके की ठंड में भी सुबह से ही यह टुकड़ियां अभ्यास कर रही थीं। इसके अलावा समारोह स्थल एसडी स्कूल मैदान को सजाया जा रहा है। इस गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि राज्य के कैबिनेट मंत्री चौधरी चंद्र कुमार होंगे।

डीएसपी हेडक्वार्टर अजय ठाकुर ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से जिले की तमाम सीमाओं पर चौकसी बढ़ाई गई है। उन्होंने बताया कि सभी वाहनों की जांच के अलावा संदिग्ध लोगों पर भी नजर रखी गई है। फिलहाल यह अभियान जारी रहेगा।



ऊना के डिग्री कॉलेज के समीप लगाए गए पुलिस नाके में वाहनों को जांच के लिए रोकते पुलिस कर्मी।

### विषय विकारों से मुक्त जीवन ही मर्यादा जीवन है नशा चाहे कैसा भी हो...



**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा की उपली राजली में चल रही श्रीद्भागवत कथा के तृतीय दिवस पर कथा व्यास आचार्य शिव कुमार शर्मा ने कहा कि विषय विकारों से मुक्त जीवन ही मर्यादा जीवन है नशा चाहे किसी भी प्रकार का हो विश्व चाहे कोई क्यों न हो, मनुष्य के बचपन से लेकर वृद्धा अवस्था के समय को बर्बाद कर देता है और वह कंगाल मनुष्य और कुछ नहीं कर पाता तृतीय दिवस में चल रही कथा में व्यास जी ने कहा कि परमात्मा ने मनुष्य को यह सुंदर जीवन सुंदर कार्य करने के लिए दिया है हमें देश के हित में राष्ट्र के हित में हम अपना समय अपनी बुद्धि अपना जीवन लगे तो हमारा इस संसार में आना कल्याण का कारण होगा भागवत की ही इस पावन कथा में विदुर जी का पावन चरित्र सुनाया गया जो हमें प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को एकाग्र मन से कथा श्रवण करनी चाहिए। क्योंकि श्री मद भागवत कथा ही मनुष्य को भवसागर पार लगवाती है।इस कथा का संचालन करवा रहे सदस्य ने कहा कि उपली राजली के ग्राम वासियों सभी जनता के सहयोग से हर वर्ष कथा का आयोजन करवाया जाएगा। कथा विराम के बाद आरती ओर उसके बाद सैकड़ो भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सुदेश शर्मा , संजीव कांनगो, राजेश शर्मा, हंसराज, संतोष कुमारी, उषा देवी ,पवन कुमारी, अंजू वाला, के अलावा अनेकों भक्त शामिल रहे।

### अयोध्या में दर्शनों के लिए जाने वाले श्रद्धालु उठा सकेंगे हिमाचली धाम का आनंद

# 26 जनवरी से 26 मार्च तक अयोध्या में संचालित होगा हिमाचली लंगर

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

**करीब** पांच सौ साल बाद अयोध्या में विराजमान हुए श्रीरामलला के दर्शनों के लिए आने वाले राम भक्तों को हिमाचली धाम का आनंद उठाने का भी मौका मिलेगा। हिमाचली लोगों के सहयोग से अयोध्या में 26 जनवरी से लेकर 26 मार्च तक हिमाचली धाम का लंगर लगाया जाएगा।

बुधवार को जनसहयोग से एकत्रित किए गए राशन के एक ट्रक को हिमाचल की ओर से लगाए जा रहे लंगर के व्यवस्था प्रमुख प्रदेश भाजपा सचिव एवं पूर्व विधायक राजेश ठाकुर, पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर, जिला भाजपा अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक बलवीर चौधरी की मौजूदगी में नाथ संप्रदाय के महंत सूर्यनाथ ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस लंगर को तैयार करने वाले बोटी भी हिमाचली होंगे तो लंगर का वितरण भी हिमाचली ही करेंगे। अयोध्या धाम में लगने वाले इस हिमाचली लंगर के लिए राशन की व्यवस्था जनसहयोग से की गई है। श्रीराम के प्रति आस्था रखने वाले लोगों ने यथाशक्ति लंगर लगाने के लिए राशन दान दिया है। महंत सूर्यनाथ ने कहा कि सिर्फ सनातन धर्म को मानने वालों को ही श्रीरामलला के दर्शनों के लिए अयोध्या नहीं जाना चाहिए, बल्कि मुस्लिम समाज के लोग भी श्रीरामलला के दर्शन करने जरूर जाएं।

**जनसहयोग से एकत्रित राशन लेकर महंत सूर्यनाथ ने झंडी दिखाकर गगरेट से अयोध्या रवाना किया ट्रक**


अयोध्या में राम भक्तों के लिए लंगर लगाने के लिए राशन से भरा ट्रक रवाना करते महंत सूर्यनाथ।

# सिर पर माता-पिता का साया नहीं, मदद को आगे आई मानव सेवा समिति खुरवाई

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**जिला** ऊना उपमंडल बंगाणा क्षेत्र की पंचायत अम्बेहडा धीरज के गांव अमरोह में एक गरीब परिवार की वेटी पिंकी की शादी 31 जनवरी को निर्धारित की गई है। पिंकी का एक छोटा भाई पुनीत है जो कि वर्तमान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अम्बेहडा में दस जमा दो का छात्र है।इन दोनों बच्चों के माता-पिता को गुजरे हुए लगभग दस बाहरा वर्ष का समय हो चुका है। घर में बुजुर्ग दादी की एक मात्र सहारा है।

वहीं पर मानव सेवा समिति के अध्यक्ष शिव लाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इन दोनों बच्चों के माता-पिता को गुजरे हुए लगभग दस से बाहरा वर्ष हो चुके हैं। इन दोनों बच्चों की देखभाल उनकी बुजुर्ग दादी ही करती है।

वहीं पर इस परिवार की बेटी की शादी 31 जनवरी को निर्धारित की गई है। जैसे ही समिति सदस्यों को इस बात की सुचना मिली। समिति सदस्यों द्वारा इस परिवार की मदद को हाथ बढ़ाया। इस परिवार सदस्यों को 21,000 की सहायता राशि वितरित की गई। वहीं पर मानव सेवा समिति खुरवाई द्वारा यह निर्णय भी लिया गया है कि शादी वाले दिन भी समिति सदस्यों द्वारा जो उचित होगा और भी मदद देने कोशिश की जाएगी।

**पोती की शादी 31 जनवरी को, दादी है एक सहारा**


बेटी की शादी के लिए 21000 की मदद देती मानव सेवा समिति खुरवाई के सदस्य।

**समारोह** | चताड़ा स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिक समारोह, कुटलैहड़ के विधायक पहुंचे बतौर मुख्यातिथि

# कुटलैहड़ में करोड़ों खर्च कर मूलभूत ढांचे को किया सुदृढ़ : भुट्टो

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

**कुटलैहड़** विस क्षेत्र में हम ने एक वर्ष के कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में सुधार करने का प्रयास किया है और कुटलैहड़ विस क्षेत्र के हर सरकारी स्कूल के भवन, खेल मैदान, शिक्षक व अन्य समस्याओं के सुधार के लिए करीब छह करोड़ की धनराशि खर्च करके मूलभूत ढांचे का सुधार किया है, ताकि कुटलैहड़ विस क्षेत्र शिक्षा के मामले में एक मॉडल क्षेत्र बने। बच्चों को अच्छी शिक्षा एवं खेल प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर मंच मिले। यह शब्द विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चताड़ा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यतिथि शिरकत करके संबोधन में कहे।


रावमापा चताड़ा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेते विधायक भुट्टो अन्य लोग।

### स्टूडेंट्स के सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए 11 हजार

**स्कूल** प्रबंधन द्वारा विधायक देवेंद्र भुट्टो का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और शॉर्ट-टोपी व समृद्धि चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं स्टूडेंट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से सभी का मनमोह लिया। इसके साथ ही स्कूल प्रधानाचार्य की मांग पर विधायक भुट्टो ने उनकी मांगों पर स्कूल के लिए स्वीकृति दी। वहीं स्टूडेंट्स के सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए 11 हजार स्कूल के हाल के लिए दस लाख, मंदिर निर्माण के लिए पांच लाख, शेड निर्माण के लिए तीन लाख देने की घोषणा की। इस मौके पर कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, उपप्रधान जीवन शर्मा, स्कूल स्टाफ अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# हिमाचल में नकली दवाइयों का बढ़ता गोरखधंधा

**हिमाचल** में नकली दवाइयों का गोरखधंधा बढ़ता ही जा रहा है और माफिया पर कोई लगाम नहीं कसी जा रही है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की जांच में हिमाचल प्रदेश में 25 दवा उद्योगों में निर्मित 40 दवाओं के सैंपल फेल होना शर्मनाक है। इस प्रकरण से हिमाचल की शाख गिरी है। सवाल यह है कि हिमाचल में आखिर बार-बार दवाओं के सैंपल फेल क्यों हो रहे हैं? इंजेक्शन सब-स्टैंडर्ड पाए गए हैं। दवाएं जो गुणवत्ता के पैमाने पर खरा नहीं उतर पाई हैं, उनमें अस्थमा, बुखार, डायबिटीज, हाई बीपी, एलर्जी, मिर्गी, खांसी, एंटीबायोटिक, ब्रोंकाइटिस और गैस्ट्रिक के उपचार में इस्तेमाल की जाने वाली दवाएं और इंजेक्शन शामिल हैं। इसके अलावा, कैल्शियम सप्लीमेंट सहित मल्टी विटामिन भी जांच में फेल हो गए हैं। यह सीधे-सीधे मरीजों की जान से खिलवाड़ है। अगर यह दवाएं मार्केट में उतर जातीं तो न जाने कितने लोग मौत के आगोश में समा जाते। दरअसल, सीडीएससीओ ने दिसंबर महीने में ड्रग अलर्ट जारी किया था, जिसमें यह खुलासा हुआ है। सब-स्टैंडर्ड पाई गई दवाओं का निर्माण बद्दी, बरोटीवाला, नालागढ़, सोलन, कालाअंब, पावंटा साहिब, संसारपुर टैरेस स्थित दवा उद्योगों में हुआ है। हिमाचल ही नहीं अपितु उत्तराखंड, पंजाब, गुजरात, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, मुंबई, तेलंगाना, दिल्ली स्थित और भी कई दवा उद्योगों में निर्मित 38 तरह की दवाओं के सैंपल भी जांच में फेल हो गए हैं। नकली दवाएं बनाने का धंधा जोर-शोर से चला हुआ है। यह बहुत बड़ा रैकेट है। अभी हाल ही में ऊना मं भी नकली दवा बनाने वाली फैक्टरी का भंडाफोड़ हुआ है। दवा माफिया नकली दवाओं की फैक्टरी खोलने से पहले इनको बनाने-पैकिंग के तरीके सीखते हैं और बाद में इस धंधे में पड़ जाते हैं। बद्दी में भी दवा और सिरप बनाने का प्रशिक्षण दिया जाता है। ये शातिर लोग कंपनियों की पुरानी मशीनें खरीदकर नकली दवा बनाने की खुद ही फैक्टरी शुरू कर देते हैं। बद्दी में दवा-सिरप के लिए कच्चा माल कहां से आता है, यह भी सोचने वाली बात है। कौन-कौन सी मशीनें उपयोग होती हैं, इसकी जानकारी पुलिस के पास भी नहीं है। बद्दी में नकली दवा बनाने की फैक्टरी पहले भी पकड़ी जा चुकी है। दवा और सिरप का कच्चा माल खरीदने के लिए एजेंटों का सहारा लिया जाता है। डिप्टी ड्रग कंट्रोलर ने सभी संबंधित दवा कंपनियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिए हैं। जिन उद्योगों के बार-बार सैंपल फेल हो रहे हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडित दोषियों पर कार्रवाई की बात तो कर रहे हैं, लेकिन साथ ही यह भी कह रहे हैं कि यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे साफ झलकता है कि प्रदेश सरकार नकली दवा बनाने वालों के खिलाफ कितनी सख्त है। सरकार को सख्त तो होना ही पड़ेगा। पुलिस को भी शिकंजा कसना होगा। नकली दवाएं आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती हैं, क्योंकि प्रामाणिक होने के बावजूद उनमें गलत तत्व हो सकते हैं। लोगों को दवाई खरीदते वक्त सावधानी बरतनी चाहिए और एक्सपायरी डेट भी जरूर देखनी चाहिए। लोगों की सेहत से खिलवाड़ किसी भी सूरत में नहीं होना चाहिए क्योंकि जिंदगी एक बार मिलती है, दोबारा नहीं, इसलिए लोगों को खुद भी जागरूक होना होगा।

–डॉ. दिलीप धाकड़

# बुजुर्ग हमारे लिए बोझ नहीं, बल्कि मार्गदर्शक

**22 जनवरी, 2024** को अयोध्या में बने भव्य मंदिर में प्रभु श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा विधि-विधान से मंत्रोचार के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। प्राण प्रतिष्ठा का का मतलब मूर्ति में जीवन लाना। पूरा देश राममयी हो गया। इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हजारों लोगों ने बड़े उल्लास के साथ भाग लिया। हिंदुओं के साथ-साथ दूसरे धर्मों के लोगों ने भी इस भव्य समारोह में भाग लिया। विदेशों में भी सनातनियों ने भगवान श्री राम को याद किया और जश्न मनाया। पूरे देश भारत में हर घर में दिवाली जैसा माहौल था। लगभग 496 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद यह शुभ घड़ी आई और रामलला अपने विशाल मंदिर में विराजमान हुए।

इस शुभ घड़ी के लिए न जाने कितने लोगों ने अपना जीवन प्रभु के चरणों में समर्पित कर दिया। अपने प्रभु श्री राम तो सदियों से हमारे दिलों में बसे हुए हैं, लेकिन कई वर्षों तक टेंट में रहने के पश्चात अपने सुंदर और भव्य मंदिर में विराजमान होना करोड़ों भारतीयों के लिए गर्व की बात है। प्रभु श्री राम हमारे आदर्श हैं। यदि कवि तुलसीदास द्वारा रचित रामचरित मानस में प्रभु श्री राम के जीवन का जो वर्णन किया गया है, उसके अनुसार श्री राम जी का जीवन पूरे विश्व के एक प्रेरणा स्त्रोत है। प्रभु श्री राम का अपने माता-पिता के प्रति स्नेह और सम्मान यह दर्शाता है कि किस प्रकार भगवान राम ने अपने पिता दशरथ द्वारा कैकई को दिए वचन को पूरा करने के राजमहल के सुखमय जीवन को त्याग कर 14 वर्ष के वनवास को निकल पड़े और जंगलों में असंख्य कष्ट झेले। इसी प्रकार माता सीता ने राजभवन के मोह को त्याग कर अपने पति के साथ जाने का निश्चय किया और 14 वर्षों तक अनेक कष्ट झेले। इसी प्रकार प्रभु श्री राम के छोटे भाई लक्ष्मण ने भी अपने बड़े भाई के साथ जंगलों में चौदह वर्ष का वनवास काटा। भगवान श्री राम हमारे अराध्य तो हैं ही, और युगों-युगों से इस मानव जाति का कल्याण करते आए हैं, लेकिन आज के समय में प्रभु श्री राम के आदर्श हमारे लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं क्योंकि आज के समय में हम भौतिकतावादी जीवन में इतने लीन हो गए हैं कि अपने कर्तव्य को ही भूलते जा रहे हैं जो कि एक चिंता की बात है।

हम आए दिन देखते हैं कि किस प्रकार लोग आजकल अपने मां बाप को वृद्धाश्रमों में भेज रहे हैं। जिस मां ने अपने बच्चे को नौ महीने तक अपनी कोख में पालकर जन्म दिया और अनेकों कष्ट झेलकर उसे पाल-पोसकर बड़ा किया और न जाने किस प्रकार पढ़ा लिखा कर अपने पैरों पर खड़ा होने के लायक बनाया, वही बच्चा अपने मां बाप की अच्छे से देखभाल न करे और वृद्धाश्रम में अपने बच्चों के लिए तरसती हुई आंसुओं से भरी आंखों के साथ छोड़ दे, इससे बड़ी शर्मनाक बात और क्या हो सकती है। लोगों विशेषकर युवाओं को भगवान श्री राम से सीख लेनी चाहिए कि किस प्रकार अपने पिता दशरथ के मात्र भर कहने से प्रभु श्री राम ने अपना वैभव त्याग कर उनके आदेश का पालन किया। इतना त्याग तो हम मानव प्राणी नहीं कर सकते, लेकिन अपने बूढ़े मां-बाप को अपने साथ रख कर उनकी सेवा तो कर ही सकते हैं।



नरेंद्र शर्मा
जोगिंद्रनगर।

496 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद यह शुभ घड़ी आई और रामलला अपने विशाल मंदिर में विराजमान हुए। प्रभु श्री राम का अपने माता-पिता के प्रति स्नेह और सम्मान यह दर्शाता है कि किस प्रकार भगवान राम ने अपने पिता दशरथ द्वारा कैकई को दिए वचन को पूरा करने के राजमहल के सुखमय जीवन को त्याग कर 14 वर्ष के वनवास को निकल पड़े और जंगलों में असंख्य कष्ट झेले।



भारत जैसा देश जहां देवी-देवताओं की पूजा की जाती है और अपने मां-बाप की सेवा करना हम अपना कर्तव्य समझते हैं, वहां पर इस प्रकार की बातों का होना बहुत ही निंदनीय कार्य है। इसके लिए हमें प्रभु श्री राम जी से सीख लेनी चाहिए। बुजुर्ग हमारे लिए बोझ नहीं, बल्कि एक मार्गदर्शक हैं, जिनके मार्गदर्शन से हम अपने जीवन में आगे सफलतापूर्वक आगे बढ़ सकते हैं। इसी प्रकार लक्ष्मण का अपने भाई श्री राम के प्रति अपार स्नेह भाई-भाई के बीच आपसी प्रेम का एक बहुत बड़ा उदाहरण है। आजकल हम भाई-भाई छोटी-छोटी बातों को लेकर आपस में झगड़ पड़ते हैं और अपनी मर्यादा को भूल जाते हैं। भगवान श्री राम और लक्ष्मण की जोड़ी आपसी प्रेम और विश्वास का एक अनूठा उदाहरण है।

इसी प्रकार माता सीता और श्री राम का आपसी स्नेह और त्याग आजकल के टूटते रिश्तों को बचाने के लिए एक बहुत बड़ी बात है। प्राण प्रतिष्ठा प्रभु श्री राम को अपने मंदिर में स्थापित करना भर ही नहीं है बल्कि यह तो पूरे विश्व के लिए आज्ञा, अनुशासन, प्रेम, स्नेह और त्याग करने का एक बहुत बड़ा संदेश है। परिवर्तन संसार का नियम है। इसके लिए हमें आगे बढ़ते रहना चाहिए और खूब मेहनत करनी चाहिए, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि भौतिकता की दौड़ में हम अपने मूल्यों और आदर्शों को ही भूल जाएं। हमारा देश भारत विभिन्न धर्मों और संस्कृतियों का देश है।

हम सबको प्रभु श्री राम के दिखाए आदर्शों पर चलना होगा, तभी तो यह जो हमारा भाईचारा है, यह बना रहेगा। जिस देश में भगवान श्री राम जी के आदर्श स्थापित हों, उस देश को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। प्रभु श्री राम ने तो सबरी के जूठे बेर खाए थे। वह तो सभी से प्यार करने वाले भगवान हैं, तो फिर हम एक-दूसरे के साथ प्रेमभाव से क्यों न रहें। प्रभु श्री राम युगों-युगों से हमारे साथ हैं और युगों-युगों तक हमारे साथ ही रहेंगे। अब जब प्राण प्रतिष्ठा हो गई और पूरा देश भारत राममय हो गया है तो प्रभु श्री राम के आदर्शों पर चलकर हमें अपना और दूसरों का जीवन सुखमय बनाना होगा। हमारे पास चाहे कितना भी धन और संपत्ति हो, यदि जीवन में शांति नहीं है तो कुछ भी नहीं है। प्रभु श्री राम के बताए मार्ग पर चलकर ही हम सुख और समृद्धि की परिकल्पना कर सकते हैं। लगभग 140 करोड़ देशवासियों के लिए यही प्रभु राम का यह संदेश है, इसे हमें भूलना नहीं होगा। हमारे धर्म अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन आपसी प्रेम और भाईचारा तो सभी धर्मों का संदेश है।

नजरिया

# फेसबुक बना पैसे उगाही और अश्लीलता का अड्डा

**फेसबुक** मानो अब स्वयं ही हैक होकर रह गई है। सोशल मीडिया के इस प्लेटफार्म का अब अधिक गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। लगभग सभी फेसबुक अकाउंट की गोपनीयता खतरे में पड़ चुकी है। कल तक फर्जी अकाउंट बनाकर लोगों से पैसों की मांग करना इसका प्रमुख कांटेंट रहा है।

फर्जी ट्रैवल एजेंट फेसबुक पर अपने पेज बनाकर युवाओं को विदेशों के सजवाग दिखाकर उन्हें लूटने में मशगूल है। वर्तमान समय में फेसबुक पर जिस तरह की अश्लीलता परोसी जा रही है, इससे हवस की आड़ में पारिवारिक रिश्ते भी तार-तार होकर रह गए दिखाए जा रहे हैं। फेसबुक पर सरेआम अश्लील वीडियो चलाने से खासकर नन्हे बच्चों के मानसिक संतुलन पर क्या प्रभाव पड़ रहा है, कोई सोचने को तैयार नहीं है। फेसबुक अधिकतर अश्लीलता का अड्डा बनकर रह चुका है। ऐसा कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं है। फेसबुक पर परोसी जा रही अश्लीलता को लेकर समाज और सरकारें गहरी निंद्रा में है। बलात्कार की बढ़ती घटनाओं के पीछे एक बड़ा कारण इसे भी माना जा सकता है।



सुखदेव सिंह
नूरपुर

कोरोना कॉल दौरान छात्रों की क्लासें ऑनलाइन लगने कारण उनमें स्मार्टफोन का सदैव इस्तेमाल किए जाने की बुरी लत लग चुकी है। स्कूली छात्रों की पढ़ाई में दिलचस्पी पूर्व की भांति नहीं रही है। स्कूलों में निरंतर न जाना, हर बात पर गुस्सा करना, जिद्दीपन, चिड़चिड़ापन, सही न खाना, हर समय अकेला रहना, उनकी आदतें बन चुकी है। छात्रों की इस फिलिंग को खत्म करने के लिए उन्हें खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों में हिस्सा लेना बहुत जरूरी है।

फेसबुक पर लोगों द्वारा कई फेक आईडी बनाकर गोरखधंधे को चलाया जा रहा है। इस गोरखधंधे की आड़ में लोग रोजाना लाखों रुपए लुटाए जा रहे हैं। सोशल मीडिया में अपनी व्यक्तिगत जानकारियां पोस्ट करने से अब परहेज किए जाने की जरूरत है। जागरूक व्यक्ति ही साइबर अपराध से बच सकता है अन्यथा कब किसी का बैंक अकॉउंट खाली हो जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता है।

## अंदाज-ए-बयां

### प्यारा हिमाचल

*सारे मुल्खां ते न्यारा नौखा*
*आसां रा हिमाचल प्यारा ।*
*कुदरता री सौगात कन्ने सजी रा*
*आसा रा हिमाचल*
*प्यारा।।*
*लोका जो मना जो*
*मोहीं बर्फा री ऊच्चीयां*
*ऊच्चीयां धारां।*
*ठंडी ठंडी बागरी चीला*
*रे चलारु लगाहीं लोका*
*री पौवा रा।।*
*लूड्डी, नाटिया ते हिमाचला जो*
*पहचानी गया भारत सारा।*

*भोले भाले माहणुया ते पहचानी*
*जहां हिमाचला सारा ।।*
*नदियां, नाह्लू री कलकल*
*उतराहीं दिल्ला जो सारा*
*।।*
*शिलाजीत, ठांगी, जीरे*
*रे भंडारा ते भरी*
*हिमाचल सारा ।।*
*खूब तरक्की मिलो*
*हिमाचला जो मिली रा*
*वरदान सारा।*
*हिमाचल रा अपनी बोली*
*पहचान देखने रा नजारा सारा।*



हीरा सिंह कौशल
गांव व डाकखाना महादेव
जिला मंडी

# रिश्तों में जब विश्वास और सम्मान की कमी हो जाती है तो रिश्तों की डोर कमजोर हो जाती है

**जिंदगी** में खूनी रिश्तों को बरकरार रखने के लिए धैर्य व संयम की जरूरत होती है, लेकिन वर्तमान परिवेश में अधिकतर लोगों मे बर्दाश्त की बहुत कमी है। लोग छोटी-छोटी बातों पर प्रतिक्रिया देते हैं, एक परिवार में सभी व्यक्ति एक-दूसरे की जरूरतों को पूरा करने का वादा करते हैं। हालांकि उनकी रुचि उनके लिए सबसे ऊपर है। यह रुचि उनके किसी भी रिश्ते के पीछे छिपी हुई है।

अधिकांश समय, संबंध का मूल्य अपने स्वार्थ को पूरा करने के लिए होता है। यदि उनके हितों को पूरा नहीं किया जाता है, तो परिवार पनप नहीं पाते हैं। रिश्ते की डोर कमजोर होने लगती है। वह ऐसे रिश्तों से संबंध रखने में असमर्थ हैं, जिससे उसे लाभ नहीं है। उसे समय की बर्बादी लगती है, शायद रिश्ते जरूरत या स्वार्थ पर टिके रहते हैं, जरूरत खत्म तो रिश्ता भी खत्म। अब देखिए दोस्ती में स्वार्थ नहीं होता इसलिए वह कमजोर नहीं पड़ती। रिश्तों में जब विश्वास और सम्मान की कमी हो जाती है तो रिश्तों की डोर कमजोर हो जाती है। जैसे एक पेड़ को लगाने के बाद उसे समय समय से पानी और खाद देनी होती है, वैसे ही हमारे रिश्ते भी होते हैं। इन्हें भी हमे प्यार, भरोसे और विश्वास से सींचना पड़ता है, तभी वे मजबूत होते हैं, अन्यथा जैसे पानी और खाद और रोशनी के बिना पेड़ मुरझा के सूख जाता है, वैसे रिश्ते भी होते हैं। घर से बाहर की बात तो छोड़िए, एक घर के अंदर रहने वाले एक ही परिवार के लोग एक-दूसरे को सम्मान नहीं देते और वाद-विवाद में पड़ जाते हैं।



लेखिका : रेणु शर्मा
बिलासपुर

सास-बहू, बेटा-मां, भाई-भाई आपस मे उलझे रहते हैं, और ये सब इसलिए है कि घर के बड़े माता-पिता बच्चों को रिश्तों की अहमियत नहीं बताते। उदाहरण के लिए यदि माता-पिता बचपन से यह बात बच्चों को बार-बार समझाएं कि घर मे किसी बड़े की बात का जवाब नहीं देना है। घर के हर एक बड़े को चाचा-चाची, बुआ, फूफा जी, दादा-दादी इत्यादि किसी से भी कभी बदतमीती नहीं करना है, सबके साथ सम्मान से पेश आना है। यदि यह बात बचपन से बच्चों के संस्कारों में शामिल करें तो क्या बेटे/बेटी की इतनी हिम्मत हो सकती है कि वे अपने चाचा या किसी खानदान के व्यक्ति को जवाब दें। इसके उल्ट घर की औरतें बच्चों के सामने अपनी सास, देवरानी, जेठानी, ननद आदि की बुराई करती हैं और बच्चों को भी सिखाती हैं कि उनकी बात नहीं सुननी है, अब बच्चा जो आसपास देखता है, वही सीखता है, तो रिश्तों में मधुरता कहां से आएगी।

रिश्तों को निभाने के लिए झुकना पड़ता है, सहन करना पड़ता है, तब कहीं जा कर रिश्ते मधुर होते हैं। आजकल अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिए रिश्तेदार कुछ भी कर गुजरते हैं। आज का यह रिश्ता एक कीमत मांगता है और अवसर मिलने पर वह इसकी कीमत वसूल भी कर लेता है, इसलिए आजकल रिश्तों में विश्वास कम होता जा रहा है। इसलिए लोग एक दूसरे को समझें जाने तो रिश्ते सदैव सुंदर और मजबूत बने रहेंगे।

# आकांक्षाओं पर खरे उतरना छात्रों के लिए चुनौती

**भारत** वर्ष में जनवरी, फरवरी और मार्च का महीना जैसे-जैसे पास आता गया, स्कूली विद्यार्थियों की नींद उड़ने लगती है। कई बार विद्यार्थियों के लिए भोजन कर पाना भी कठिन हो जाता है। यह स्वाभाविक भी है किसी भी कार्य को करने के लिए अगर जी-तोड़ मेहनत की हो और ऊपर से परिवार, सगे-संबंधी तथा स्कूल की आकांक्षाओं पर खरे उतरना विद्यार्थियों के लिए एक चुनौती बन जाता है। विद्यार्थियों में लगातार सिर दर्द होना और अक्सर चिढ़चिढ़ेपन के साथ ही कमजोरी महसूस होती है।

हर विद्यार्थी परीक्षा की तैयारी जी-तोड़ मेहनत के साथ करता है, परंतु मन में नकारात्मक विचार भी परेशान करते हैं, जैसे कि मुझसे यह नहीं हो पाएगा, मैं फेल हो जाउंगा या जाउंगी। मेरे अलावा हर कोई मुझसे बहुत अच्छा कर रहा है क्योंकि जिस तरह का संदेश हम मुख से प्रकृति को भेजते अथवा बोलते है, ठीक उसी तरह हमारे अंदर भी नकारात्मक और सकारात्मक ऊर्जा पैदा होती है। 'मैं नहीं कर सकता हूं' मतलब प्रकृति भी यही कह रही है कि 'तू नहीं कर सकता है'। हर गुजरते दिन के साथ विद्यार्थी और अधिक चिंतित महसूस करने लगते हैं। इस कारण पढ़ाई में उसका ध्यान नहीं लग पा रहा था और इन सब से उसके पढ़ने की क्षमता भी निरंतर प्रभावित होती है।



सिकंदर बंसल
शिक्षक रामपुर बुशैहर

परीक्षा का समय स्वाभाविक रूप से तनावपूर्ण होता है। परीक्षा के लिए बहुत कुछ याद रखने के अलावा, विभिन्न विषयों को समझना और उसे सहर्ष स्वीकारना, स्कूल में कड़ी प्रतिस्पर्धा, परिवार और रिश्तेदारों की अपनों से उम्मीदें और अच्छी ग्रेड्स या अंक लाने का दबाव, परीक्षा के दौरान ये सभी कारक विद्यार्थियों के तनाव में बढ़ोतरी करते हैं। परीक्षा का यह तनाव किसी भी विद्यार्थी के सीखने की प्रक्रिया पर बुरा असर डाल सकता है और उसके लिए पढ़ना एक कठिन कार्य हो सकता है। इसका असर यह होता है कि जो विद्यार्थियों के अच्छे अंकों को प्रभावित कर सकता है। इसके बाद विद्यार्थियों के अंदर नकारात्मक ऊर्जा का संचार शुरू होने लगता है।

वर्ष 2018 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बोर्ड की परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को तनाव मुक्त बनाने के लिए परीक्षा पर चर्चा की एक सार्थक पहल की गई, जिसका मुख्य उद्देश्य बोर्ड परीक्षा देने वाले बच्चों की मन की बात को सुनना और उनके डर को निकालना है। स्मार्टफोन का पढ़ाई में दुरुपयोग हो रहा है।

हमारे देश में वर्ष 2018 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बोर्ड की परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को तनाव मुक्त बनाने के लिए परीक्षा पर चर्चा की एक सार्थक पहल की गई, जिसका मुख्य उद्देश्य बोर्ड परीक्षा देने वाले बच्चों की मन की बात को सुनना और उनके डर को निकालना है। बोर्ड की परीक्षा का अच्छा परिणाम प्राप्त करने के लिए बच्चों के अंदर साहस इत्यादि बढ़ाना है। कोई भी परीक्षा हमारे जीवन की एक सहज हिस्सा होती है। परीक्षा हमारे विकास की यात्रा के छोटे-छोटे पड़ाव माने जाते हैं। ऐसे में इन पड़ावों से बहादुरी से निकलना ही परीक्षा पर चर्चा का मुख्य उद्देश्य माना जाता है। वर्तमान समय में शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति सफलता को प्राप्त कर सकता है। ऐसे में विद्यार्थियों को आगे की परीक्षाओं में बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए बोर्ड की परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करना बेहद आवश्यक हो जाता है।

आजकल विद्यार्थी मुख्यत: जिन अवसादों से गुजर रहा है, वह है मोबाइल फोन और अभिभावकों से कम संवाद या एकाकीपन। स्मार्टफोन का पढ़ाई में सदुपयोग न होकर दुरुपयोग हो रहा है। आशा है इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्कूली छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत कार्यक्रम 'परीक्षा पर चर्चा' का जब सातवां संस्करण 29 जनवरी को सुबह 11 बजे से भारत मंडपम, प्रगति मैदान में होगा, तब निश्चय ही मोबाइल फोन से हटकर किताबी संस्कृति की तरफ बढ़ना पर भी चर्चा और इसका समाधान निकालने का हल अवश्य ढूंढेंगे, क्योंकि विभिन्न तरह की गेमिंग एप्लीकेशन में अधिकतर समय व्यतीत करने के कारण विद्यार्थियों में एक नशे की भांति इसकी लत लग चुकी है। इससे विद्यार्थी में तनाव और चिड़चिड़ापन शुरू होने लग जाता है। इस कारण आशानुरूप विद्यार्थी अच्छा परिणाम देने में असफल हो जाते है।

अब मुख्यत: छात्रों को परीक्षा के दौरान तनाव मुक्त रहने के लिए कुछ जरूरी उपाय करना आवश्यक है। कुशलतापूर्वक अध्ययन के साथ अध्ययन-कौशल, तकनीकों और परीक्षा में आने वाली सामग्री का व्यवस्थित रूप से अध्ययन और अभ्यास से विद्यार्थी कुछ हद तक तनाव मुक्त रह सकता है।

पढ़ाई को एक ही बार में रटने से बेहतर है कि समय के साथ थोड़ा-थोड़ा अध्ययन किया जाए। विषयों के कठिन अंतर्वस्तु को सूचीबद्ध करके एक सतत समयसारिणी के अनुरूप अपने आपको ढालने और सीखने का प्रयास विद्यार्थियों को करना होगा।

परीक्षा से ठीक पहले अपने आपको शांत और आश्वस्त करना जैसे गहरी सांस लेना, सकारात्मक परिणाम की कल्पना करना, भगवद गीता का श्लोक जैसे कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन अर्थात् कर्म करते जाओ, फल की इच्छा मत करो इत्यादि को मन में और मस्तिष्क पर गांठ बांध लो। अच्छी नींद, पौष्टिक खाना आदि भी परीक्षा के दौरान जरूरी है।

# देवभूमि की जवानी का क्षरण करता ड्रग्स, बच्चों को बचाने की जरूरत

**महंगे** नशे में शुमार चिट्टा, नशा एक प्रकार का सिंथेटिक ड्रग्स है। इसे सूंघकर, डायरेक्ट सिरिंज से खून में इंजेक्ट कर या अन्य प्रकार से लिया जा सकता है। अभी हाल फिलहाल में छह महीने के अंदर हिमाचल प्रदेश में लगभग 50 करोड़ का सफेद नशा पुलिस द्वारा जप्त किया इसमें अभी तक 1230 लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज हुए हैं और 1670 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

इससे अनुमान लगा सकते हैं कि पंजाब के बाद अब हिमाचल प्रदेश में यह किस कदर धरातलीय तौर पर फैल चुका है। अभी पिछले ही दिनों में मंडी जिले के एक 19 वर्षीय युवक की मौत इस सफेद नशे की ओवरडोज लेने से हो गई। इसके कुछ दिनों के बाद मंडी के बीच बाजार में एक युवती इस तरह की ड्रग्स की ओवरडोज के कारण सुप्त अवस्था में पड़ी हुई मिली। वह साथी युवक द्वारा घसीटी जा रही थी। दोनों ड्रग का सेवन किए हुए थे। महंगा नशा होने के साथ यह ड्रग्स पाकिस्तान और अफगानिस्तान के रास्ते पंजाब होते हुए हिमाचल प्रदेश पहुंच रहा है। इस नशे से न जाने कितने घरों के इकलौते चिराग बुझ गए हैं, जो भविष्य के लिए अपने आप में और परिवार के लिए देवभूमि के लिए संकट का बहुत बड़ा कारण होगा।



ब्लॉगर

लेखक : ठाकुर तारा
समाजशास्त्री, सुंदरनगर जिला मंडी

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

मंडी, कुल्लू जिले के अनेक निजी शैक्षणिक संस्थाओं के युवा युवतियों निजी क्लीनिकों व चिकित्सा स्टोर में घातक गर्भपात करवाने वाली गोलियों की मांग कर रहे हैं और खपत बहुत ज्यादा बढ़ गई है। अगर पुलिस इन मेडिकल स्टोर्स में जाकर इन दवाइयां की बिक्री का सर्वे करे तो बहुत मात्रा में इन दवाइयों की खपत का रिकॉर्ड बरामद होगा।

परिवार वाले इतने महंगे नशे की कीमत को नहीं चुका सकते। युवा पीढ़ी को इस तरह के ड्रग्स का शिकार व लत लगने में देरी नहीं लगती। बाद में आदतन आदी होने के उपरांत ये युवा चोरी की वारदातों को अंजाम देकर उस पैसे से ड्रग्स को खरीदते हैं, जो समाज के लिए घातक है और जानलेवा भी। निजी संस्थानों, घर से बाहर हॉस्टल इत्यादि पीजी में पढ़ाई करने वाले इन युवा, युवतियों के दोस्तों, खर्च, व्यवहार, परिवर्तन, मनोवैज्ञानिक कारण व फीडबैक नियमित रूप से लेते रहें ताकि युवाओं को इस दलदल से बचाया जा सके।

**इस समस्या की गिरफ्त में युवतियां भीं :** 21वीं सदी में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा अनेक प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं। इस नशे को बेचने व लड़कों के साथ मिलकर ग्रुप में सफेद नशा ग्रहण करने में भी युवतियां सम्मिलित हैं और बहुत बार कानूनी गिरफ्त में भी आ चुकी है। कुल्लू जिले में एकमात्र महिला नशा मुक्ति केंद्र है। यहां पर 42 के करीब युक्तियां ड्रग्स की आदी होकर अपना पुनर्वास करवा रही हैं और 182 के करीब आउटडोर मरीज हैं।

चिंताजनक बात तो यह है कि यह तो आंकड़ों द्वारा चिन्हित युवतियां है और बाकी न जाने कितनी ऐसी मरीज हैं, जो समाज के डर के कारण घुटन भरी व तनाव से ग्रस्त होकर भूमिगत तौर पर अपना जीवन जी रही हैं। नशा नाश है मन का, शरीर का, भावनाओं का व साथ ही साथ परिवार और समाज नशेड़ी युवतियां को अपने परिवार की बहू नहीं बनाना चाहता। अगर युवतियां इस ड्रग्स को युवा साथी व ग्रुप में लेकर आदी हो रही हैं, तो यह उनके लिए घातक है।

## अपनी बात

**अनंत** ज्ञान अखबार में बुधवार को कांगड़ा के संस्करण में छपी गोवंश की समस्या वास्तव में ही विकराल रूप ले चुकी है। यह बात बिलकुल सही है कि इन बेसहारा गोवंश ने बहुत नुकसान पहुंचाया है और खेत बंजर हुए हैं। इसका सीधा असर किसानों पर पड़ा है, चाहे वह अनाज की पैदावार हो या सब्जी की। किसानों का जहां अनाज से उसका अपना साल भर का गुजारा हो जाता था, वहीं बाकी के अनाज को बेच कर उसकी अपनी आमदनी भी चलती थी। यही हाल सब्जियों का है, सब्जी बेचने से भी खुशहाली आती थी, अब उसके पास कहीं धियाड़ी लगाने के बगैर क्या विकल्प रह गया है और आम जनता भी कम परेशान नहीं है। बेसहारा गोवंश से कई अपनी जान तक गंवा चुके हैं। इस कारण सवाल उठता है कि इसके लिए जिम्मेदार कौन है? इसके लिए अकेला किसान या पशुपालक ही जिम्मेदार नहीं है, के साथ-साथ सबसे बड़ी नाकामी है सरकार और पशुपालन विभाग की भी है। बेसहारा गोवंश के लिए गोसदन भी नाकाफी पड़ रहे हैं। सबसे पहले सरकार या पशुपालान विभाग अपने में सुधार लाए और जो भी गोपालक हैं, उनके द्वारा रखे गए गोधन की पूरी गिनती हो। अगर वह सड़क पर अपने जानवरों को छोड़ता है तो कड़े दंड का प्रावधान हो क्योंकि टैग भी कोई सॉलिड व्यवस्था नहीं है। टैग उतारना मुश्किल नहीं है क्योंकि जितने भी बेसहारा पशु हैं, वे बगैर टैग के ही हैं। आजकल साइंस बहुत एडवांस है, या तो कोई ऐसी चिप गोवंश के अंदर लगाई जाए जिसको छोड़ने पर उसकी पहचान हो सके। गोवंश के अंदर लगाई गई चिप सहित गोवंश की जानकारी सरकार की वेबसाइट पर रहे, तब किसी सुधार के विषय में सोचा जा सकता है।

**–डॉ. लेखराज रोडी,** सेवानिवत्त मेडिकल ऑफिसर, आयुर्वेद विभाग

## आपकी डायरी

चुनाव दंगल है,
झोटे भिड़ते हैं
मर मिटते हैं,
बेचारी भेड़े कटती हैं
बलि चड़ती हैं
चुनाव होगा कैसा
राम राज्य के सपनों का
चारों ओर गहमा
गहमी है
बहुरूपिए चाटुकारों और
चोर लुटेरों की



डॉ. कमल के प्यासा।

अनंत ज्ञान

प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# महिला वर्ग में आईटीबीपी और पुरुष में यूटी लद्दाख रही विजेता

**अनंत ज्ञान, काजा**

**आइस** हॉकी एसोसियेशन आफ इंडिया, आइस हॉकी आफ लाहुल-स्पिति एंव स्पिति प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान से महिला वर्ग की 11वीं एंव पुरुष वर्ग की 13वीं राष्ट्रीय आइस हॉकी चैंपियनशिप 2024 का समापन बुधवार को समापन हो गया।

पुरुष वर्ग में फाइनल मैच यूटी लद्दाख ने आईटीबीपी 4-1 से हराया। वहीं महिला वर्ग के फाइनल में आईटीबीपी ने यूटी लद्दाख को 3-2 से मात दी। महिला वर्ग में आईटीवीपी को गोल्ड, यूटी लद्दाख को सिल्वर और हिमाचल प्रदेश की टीम को ब्रांज मेडल दिया गया। वहीं पुरुष वर्ग में यूटी लद्दाख को गोल्ड और आईटीवीपी को सिल्वर, जबकि आर्मी टीम को ब्रांज मेडल दिया गया। कोच अमित बेलबाल को एसडीएम ने सम्मानित किया। वहीं डीपीई सोनम, छेरिंग, केसंग, नवांग, छेरिंग आंगदुई, छुल्डिम, नोरबू, केसंग पदमा, छेरिंग दोरजे, सन्नी और नोरसंग को संजीवन ने सम्मानित किया। इसके अलावा रिंक मैनटेंस टीम के सदस्यों को कुंगा ने सम्मानित किया।



अपने-अपने मेडलों के साथ चारों टीमों के खिलाड़ी व स्टाफ। आइस हॉकी एसोसिएशन ऑफ इंडिया, आइस हॉकी आफ लाहुल-स्पीति एवं स्पीति प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में महिला वर्ग की 11वीं एवं पुरुष वर्ग की 13वीं राष्ट्रीय आइस हॉकी चैंपियनशिप 2024 का समापन बुधवार को हो गया।

## कार्यक्रम में ये लोग रहे मौजूद

**समापन** समारोह में बतौर मुख्यातिथि जिलाधीश तोरुल एस रवीश ने शिरकत की। आइस हॉकी एसोसियेशन आफ इंडिया के महासचिव हरजिंद्र जींदी, सीओ आईटीबीपी बंसत कुमार नोगल, अध्यक्ष आईस हॉकी एसोसिएशन अभय डोगरा और तहसीलदार डॉ. कंचन ने बतौर विशिष्ठ अतिथि शिरकत की। समापन समारोह में एडीसी राहुल जैन ने कहा कि फरवरी माह में स्पिति में स्पिति कप का आयोजन किया जाएगा। इसमें स्पिति की टीमें ही हिस्सा लेंगी। इस कार्यक्रम में सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, टीएसी सदस्य वीर भगत सिंह , आईस हॉकी एसोसियेशन लाहुल स्पिति के पदाधिकारी विशेष तौर पर मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### एफआईएच हॉकी-5 महिला विश्व कप में भारत ने पोलैंड को हराया

**मस्कट।** दीपिका सोरेंग और मुमताज खान के दो-दो गोल की मदद से भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी-5 महिला विश्व कप में बुधवार को पूल सी के पहले मैच में पोलैंड को 5-4 से हराया। मुमताज ने चौथे और 23वें मिनट में गोल किया, जबकि दीपिका ने छठे और 29वें मिनट में गोल दागा। मरियाना कुजूर ने 33वें मिनट में गोल किया। पोलैंड के लिए जूलिया के ( आठवां), कप्तान मारलेना रिबाचा (10वां), पाउला स्लाविंस्का ( 27वां ) और मोनिका पोलव्जाक (29वां ) ने गोल दागे। भारत ने चौथे ही मिनट में मुमताज के गोल पर बढ़त बना ली। इसके दो मिनट बाद दीपिका ने भारत की बढत दुगुनी कर दी। पोलैंड ने जवाबी हमले में दो मिनट में दो गोल किए। मुमताज के दूसरे गोल के दम पर पहले हाफ में स्कोर 3-2 था। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने रक्षात्मक खेल दिखाया। भारत के लिए कुजूर ने शानदार मूव को अंजाम देते हुए गोल किया। स्लाविंस्का ने 27वें मिनट में पोलैंड के लिए गोल दागा, लेकिन दीपिका ने दो मिनट बाद गोल करके भारत को दो गोल की बढ़त दिला दी। एक मिनट बाकी रहते पोलैंड के लिए मोनिका ने गोल किया, लेकिन भारत ने अपनी बढ़त बरकरार रखी।

### सेन-जॉर्ज इंडोनेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर में, प्रणय बाहर

**जकार्ता।** लक्ष्य सेन और किरण जॉर्ज ने बुधवार को इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई, लेकिन स्टार खिलाड़ी एचएस प्रणय सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यिऊ से हारकर बाहर हो गए। तेईस साल के जॉर्ज ने पहले दौर में एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को 18-21, 21-16, 21-19 से हरा दिया। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश में जुटे दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी सेन ने चीन के वेंग होंग यांग से मलेशिया ओपन के पहले दौर में मिली हार का बदला चुकता किया। उन्होंने चीन के खिलाड़ी पर 24-22 21-15 से जीत हासिल की। प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी के जॉर्ज ने मंगलवार को दो जीत दर्ज करने क बाद मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया। दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय को पहले दौर में लोह से 18-21, 21-19, 10-21 से हार गए। इस महीने के शुरू में इंडिया ओपन सुपर 750 के सेमीफाइनल में पहुंचे प्रणय मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के भी पहले दौर में हार गए थे। प्रणय (31 वर्ष) पिछले साल एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था।

### अंडर-19 विश्व कप : भारत की युवा ब्रिगेड के सामने आयरलैंड की आसान चुनौती

**ब्लोमफोंटेन।** भारत की युवा ब्रिगेड आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के दूसरे लीग मैच में वीरवार को आयरलैंड से खेलेगी तो आने वाले कठिन मुकाबलों से पहले बल्लेबाजी का अच्छा अभ्यास करने पर उसकी नजरें होंगी। भारत ने एकतरफा रहे पहले मैच में बांग्लादेश को 84 रन से हराया। अब आयरलैंड के खिलाफ उसके पास प्रयोग का मौका है, क्योंकि अगले सप्ताह से सुपर सिक्स चरण में कठिन प्रतिद्वंद्वियों का सामना करना होगा। आयरलैंड ने पहले मैच में अमेरिका को हराया, लेकिन दूसरे मैच में बांग्लादेश से पराजय का सामना करना पड़ा। भारत के सामने चुनौती विरोधी टीम नहीं, बल्कि अपने ही प्रदर्शन का स्तर बेहतर करने की होगी। आधुनिक दौर के क्रिकेट को ध्यान में रखकर बल्लेबाजों को अपनी शैली में सुधार करना होगा। कप्तान उदय सहारन ने पहले मैच में 64 और आदर्श सिंह ने 76 रन बनाए, लेकिन उनका स्ट्राइक रेट क्रमशः 79 और 68 रहा जो आधुनिक समय में अस्वीकार्य है।

### सुमित नागल को बेंगलुरु ओपन में सीधे प्रवेश मिला, टूर्नामेंट 10 फरवरी से

**बेंगलुरु।** सुमित नागल बुधवार को एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट बेंगलुरु ओपन में सीधे प्रविष्टि हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय बने। टूर्नामेंट यहां 10 फरवरी से शुरू होगा। पिछले हफ्ते नागल ने सोमदेव देववर्मन के बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचने वाला दूसरा भारतीय पुरुष खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया था। बेंगलुरु ओपन के लिए 'कट-ऑफ' 257 रैंकिंग का है। 137वीं रैंकिंग के खिलाड़ी नागल एटीपी 100 चैलेंजर टूर्नामेंट के मुख्य ड्रा के लिए क्वालीफाई करने वाले 11 देशों के 21 खिलाड़ियों में शामिल होंगे। नागल ने 2017 में बेंगलुरु ओपन जीता था। उन्होंने एक विज्ञप्ति में कहा कि यह चरण चुनौती भरा होने की उम्मीद है, क्योंकि इसमें कई मजबूत दावेदार होंगे, जिससे यह चरण काफी चुनौतीपूर्ण होगा और इसे देखना भी निश्चित रूप से रोमांचक रहेगा। मेरी यात्रा जारी रहेगी और मैं कोर्ट पर जाकर प्रभावित करने के लिए उत्साहित हूं। फ्रांस के बेंजामिन बोंज की विश्व रैंकिंग 106 है और वह सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं। टूर्नामेंट का आयोजन कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस संघ (केएसएलटीए) द्वारा किया जा रहा है। 2018 से 2023 तक पिछले पांच चरण में अलग एकल विजेता रहे हैं। 2019 और 2021 में टूर्नामेंट आयोजित नहीं हुआ था। 2023 में ऑस्ट्रेलिया के मैक्स पुर्सेल ने खिताब जीता था। भारत के प्रज्नेश गुणेश्वरन ने 2018 में ट्राफी जीती थी।

### वीजा मिलने में विलंब से स्वदेश लौटे इंग्लैंड के स्पिनर शोएब बशीर

**हैदराबाद।** भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला से पहले इंग्लैंड के ऑफ स्पिनर शोएब बशीर को भारत का वीजा मिलने में विलंब से बड़ा विवाद पैदा हो गया है । इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने इसे निराशाजनक बताया, जबकि ब्रिटिश सरकार के प्रवक्ता ने इस युवा खिलाड़ी के साथ उचित बर्ताव की मांग की । 20 वर्ष के आफ स्पिनर बशीर इंग्लिश काउंटी टीम समरसेट के लिए खेलते हैं। वह अबुधाबी में टीम के साथ थे, लेकिन वीजा नहीं मिलने से भारत नहीं जा सके। बशीर पाकिस्तानी मूल के हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में छह मैचों में महज दस विकेट लेने वाले बशीर का चयन हैरानी का सबब रहा। वह वीरवार से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में टीम में जगह बनाने के दावेदार नहीं थे। स्टोक्स ने पहले टेस्ट से पूर्व प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जब मुझे अबुधाबी में यह खबर मिली तो मैंने कहा था कि बशीर को वीजा मिलने तक हमें भारत नहीं जाना चाहिए, लेकिन वह जज्बाती प्रतिक्रिया थी, व्यवहारिक नहीं। मैं बहुत दुखी हूं कि बशीर को यह सब झेलना पड़ रहा है। वहीं ब्रिटिश सरकार के एक अनाम प्रवक्ता ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा कि यह पहली बार नहीं हुआ है जब पाकिस्तानी मूल के नागरिक को भारतीय वीजा मिलने में विलंब हुआ है।

# 'स्पिनबॉल' वर्सेस 'बैजबॉल'

## भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट आज से



**एजेंसी, हैदराबाद**

**अपनी** सरजमीं पर पिछले 12 साल से टेस्ट क्रिकेट में चले आ रहे भारत के दबदबे को कड़ी चुनौती मिलेगी जब आक्रामकता की नई परिभाषा गढ़ने वाली इंग्लैंड टीम से वीरवार से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में रोहित शर्मा की टीम का सामना होगा।

भारत को आखिरी बार अपनी धरती पर 2012 में एलेस्टेयर कुक की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम ने टेस्ट श्रृंखला में 2-1 से हराया था। उसके बाद से भारत ने लगातार 16 श्रृंखलाएं जीती है, जिनमें सात में 'क्लीन स्वीप' किया है।

इस दौरान भारत ने अपनी मेजबानी में 44 टेस्ट खेले और सिर्फ तीन में पराजय का सामना किया। अगर दबदबे की बात की जाए और अस्सी के दशक की वेस्टइंडीज या उसके बाद की ऑस्ट्रेलियाई टीम भी कहीं नहीं ठहरती।

पिछले एक दशक में इस प्रदर्शन के पीछे अनुकूल पिचों और गेंदबाजों का भी योगदान रहा, जिन्हें पता था कि इन पिचों का फायदा कैसे उठाना है। भारत की कामयाबी की गाथा लिखने में आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा की भी अहम भूमिका रही।

**25 जनवरी हैदराबाद**
**मैच सुबह 9:30 बजे**

### अश्विन और जडेजा की घातक गेंदबाजी

**टर्न** लेने वाली पिच पर पहले मैच में अश्विन और जडेजा एक बार फिर भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। इंग्लैंड टीम अतीत में दोनों का सामना कर चुकी है और खास तौर पर अश्विन को लेकर काफी चिंतित होगी। 37 वर्ष के अश्विन में अभी भी 17 साल के युवा जैसा जोश है। वह 2012 से अब तक 46 टेस्ट में 283 विकेट ले चुके हैं। जडेजा को उनका सहयोगी कहा जा सकता है, लेकिन अपने आप में भी वह काफी खतरनाक गेंदबाज हैं। उनकी सटीक पड़ती गेंदें टर्निंग पिच पर बल्लेबाजों को चकमा देने के लिए काफी हैं। उन्होंने इस दौरान 39 टेस्ट में 191 विकेट लिए हैं। दोनों मिलकर 21 की औसत से 500 के करीब विकेट ले चुके हैं। भारतीय टीम में तीसरे स्पिनर के तौर पर अक्षर पटेल का कुलदीप यादव को उतारा जा सकता है और संभावना अक्षर की अधिक लग रही है।

### इंग्लैंड की टीम को भारत में करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**इंग्लैंड** टीम को पता है कि भारत में खेलने के लिए कितनी भी तैयारी कम है और इसके लिए उन्हें मानसिक मजबूती की भी जरूरत होगी। उनके लिए राहत की बात यह है कि पहले दो टेस्ट में रन मशीन विराट कोहली नहीं खेलेंगे जो निजी कारणों से बाहर हैं। कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ 28 मैचों में 1991 रन बनाए हैं, जिनमें पांच शतक शामिल हैं। मध्यक्रम के बल्लेबाज रजत पाटीदार कोहली के विकल्प के तौर पर हैदराबाद और विशाखापत्तनम टेस्ट के लिए टीम में शामिल होंगे। चौथे और पांचवें नंबर पर श्रेयस अय्यर और केएल राहुल उतर सकते हैं, जबकि कोना भरत विकेटकीपिंग करेंगे। इंग्लैंड ने 2022 के आखिर में पाकिस्तान को टेस्ट श्रृंखला में 3-0 से हराया, लेकिन यहां चुनौती काफी कठिन होगी। युवा आफ स्पिनर शोएब बशीर को भारत का वीजा मिलने में देरी से भी उन्हें परेशानी हुई है। कप्तान बेन स्टोक्स कह ही चुके हैं कि वह बशीर को लेकर काफी दुखी हैं। कोच ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान स्टोक्स की आक्रामक शैली 'बैजबॉल' के दम पर इंग्लैंड ने काफी कामयाबी हासिल की है। उसे एक बार फिर एक ईकाई के रूप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा, जिसमें जो रूट और स्टोक्स पर रन बनाने और जेम्स एंडरसन तथा स्पिनरों पर विकेट लेने की जिम्मेदारी होगी।

**भारत**

**रोहित शर्मा** (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, केएस भरत, ध्रुव जुरल, रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह, आवेश खान।

**इंग्लैंड**

बेन स्टोक्स (कप्तान), रेहान अहमद, जेम्स एंडरसन, गुस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, डान लॉरेंस, जाक क्राली, बेन डकेट, बेन फोक्स, टॉम हार्टली, जैक लीच, ओली पोप, ओली रॉबिनसन, जो रूट, मार्क वुड।

### इंग्लैंड के बैजबॉल खेलने पर दो दिन में खत्म होगा मैच : सिराज

**हैदराबाद।** 'बैजबॉल' आक्रामक बल्लेबाजी की इंग्लैंड की रणनीति है, जिसे मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के उपनाम 'बैज' से बनाया गया है। पिछले साल इंग्लैंड को इससे काफी सफलता मिली, लेकिन समान रूप से टर्न और उछाल लेने वाली भारतीय पिचों पर इसकी असल परीक्षा होगी। सिराज ने 'जियो सिनेमा' से कहा कि इंग्लैंड अगर भारतीय हालात में बैजबॉल खेलता है तो मैच डेढ़ या दो दिन में खत्म हो जाएगा। हर गेंद को पीटना आसान नहीं होता, क्योंकि कई बार गेंद टर्न लेती है और कई बार सपाट पड़ती है। उन्होंने कहा कि यहां बैजबॉल शायद नजर नहीं आए। अगर फिर भी वे ऐसे खेलते हैं तो हमारे लिए तो अच्छा ही होगा। मैच जल्दी खत्म हो जाएगा। पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए अपनी तैयारी के बारे में सिराज ने कहा कि पिछली बार उनके भारत दौरे पर मैच जल्दी खत्म हो गए थे। मैंने 2021 की उस श्रृंखला में दो मैच खेले थे। पहली पारी में जो रूट और जॉनी बेयरस्टो के विकेट लिए थे । इस बार भी मेरा लक्ष्य रनों पर रोक लगाने का होगा। संयम के साथ गेंदबाजी करनी होगी। उन्होंने कहा कि मैं नई गेंद से गेंदबाजी करता हूं तो लाइन और लैंग्थ समान रहती है। सफेद या लाल गेंद किसी से भी खेलूं, मेरी शैली नहीं बदलती। नई गेंद से स्विंग नहीं मिलती तो लैंग्थ में बदलाव करने होते हैं। मैं लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करता हूं। निरंतरता से ही विकेट मिलते हैं।

## सूर्यकुमार टी-20 में आईसीसी के नंबर वन क्रिकेटर



**दुबई।** भारत के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को लगातार दूसरे साल आईसीसी ने वर्ष का सर्वश्रेष्ठ टी-20 क्रिकेटर चुना है। आईसीसी ने उन्हें इस प्रारूप में भारत के मध्यक्रम की रीढ कहा है। यादव ने 2023 में 50 के करीब औसत और 150 से अधिक की स्ट्राइक रेट से टी-20 क्रिकेट में रन बनाए। वह फिलहाल जर्मनी में ग्रोइन की सर्जरी के बाद रिहैबलिटेशन में हैं। आईसीसी ने कहा कि वह लगातार 20.40 में रन बनाते रहे और वेस्टइंडीज के खिलाफ 44 गेंद में 83 रन बनाए। उन्होंने फ्लोरिडा में वेस्टइंडीज के खिलाफ 45 गेंद में 61 रन बनाए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 42 गेंद में 80 और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 36 गेंद में 56 रन बनाए। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी टी-20 में 56 गेंद में 100 रन की पारी खेली। उन्होंने जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ 51 गेंद में 112 रन बनाए। यह टी-20 क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज का दूसरा सबसे तेज शतक था। रोहित शर्मा ने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ 35 गेंद में शतक जड़ा था

### चेतेश्वर पुजारा-अजिंक्य रहाणे की अनदेखी पर बोले रोहित शर्मा

# फिर युवाओं को कब मिलेगा मौका

**एजेंसी, हैदराबाद**

**भारतीय** कप्तान रोहित शर्मा ने पहले टेस्ट से पूर्व इस फैसले के बारे में कहा कि हमने सीनियर खिलाड़ियों को लाने के बारे में सोचा, लेकिन फिर युवा खिलाड़ियों को मौके कब मिलेंगे। हमने इस बारे में भी सोचा।

रोहित ने कहा कि सीनियर खिलाड़ियों को बाहर करने का फैसला आसान नहीं होता। उन्होंने इतने रन बनाए हैं, इतने मैच जिताए हैं और उनके पास इतना अनुभव है कि उसे अनदेखा करना मुश्किल होता है। उन्होंने कहा कि लेकिन कई बार आपको नए खिलाड़ियों को मौका देना होता है। उन्हें अनुकूल हालात में मौका देने के बाद ही विदेशी सरजमीं पर उतारा जाना चाहिए। मुझे लगता है कि युवाओं को मौके देना महत्वपूर्ण है। रोहित ने यह भी कहा कि किसी के लिए दरवाजे बंद नहीं हुए हैं। फिट रहने और रन बनाने पर किसी को भी मौका मिल सकता है। निश्चित तौर पर टीम प्रबंधन के जेहन में अनुभवी खिलाड़ियों की उम्र भी होगी। रोहित (36), कोहली (35), अश्विन (37) व जडेजा (35) करियर के आखिरी पड़ाव पर हैं।



### अक्षर और कुलदीप में से एक को चुनना मुश्किल

**हैदराबाद।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि इंग्लैंड के खिलाफ शुरूआती टेस्ट के लिए तीसरे स्पिनर के तौर पर अक्षर पटेल और कुलदीप यादव के बीच किसी एक को चुनने के लिए टीम प्रबंधन के सामने बहुत मुश्किल थी, लेकिन उन्होंने संकेत दिया कि हो सकता है कि अक्षर बाजी मार ले। इंग्लैंड के खिलाफ वीरवार से शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के बाद भारत को तीसरा स्पिनर चुनना है। रोहित ने कहा कि विकेट पर उछाल है या नहीं है, कुलदीप इस तरह की परिस्थितियों में काफी अहम रहता है, क्योंकि उसके पास काफी वैरिएशन हैं। वह अब काफी परिपक्व गेंदबाज भी बन गया है। उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर की बतौर आलराउंडर उपयोगिता बताई और टीम प्रबंधन कम से कम इस टेस्ट के लिए उन्हें तरजीह दे सकता है। रोहित ने कहा कि अक्षर की आल राउंडर क्षमता से हमें बल्लेबाजी में गहराई मिलती है। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में इस तरह की परिस्थितियों में खेलते हुए जो निरंतरता दिखाई है, वह भी हमारे लिए एक अहम कारक है।

### परिस्थितियों की वजह से तीन स्पिनरों को चुना गया : स्टोक्स

**हैदराबाद।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए एक तेज गेंदबाज और तीन स्पिनरों को अंतिम एकादश में शामिल किया। मार्क वुड को अनुभवी जेम्स एंडरसन की जगह इस मैच के लिए चुना गया और स्टोक्स ने कहा कि डरहम के इस गेंदबाज को 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने की काबिलियत के कारण ही तरजीह दी गयी। लंबे स्पैल की कोई चिंता नहीं है, क्योंकि हम उसका इस हफ्ते ऐसे ही इस्तेमाल करने वाले हैं। एंडरसन जैसे अनुभवी गेंदबाज की अनदेखी से टीम प्रबंधन किस तरह निपट रहा है। इस पर स्टोक्स ने कहा कि एंडरसन ने इसे काफी पेशेवर तरीके से लिया है। उन्होंने कहा कि जिमी काफी पेशेवर है। आप नहीं जानते कि हालात किस तरह बदल सकते हैं और आप क्या महसूस कर सकते हो, लेकिन अब हम जिमी के कार्यभार को नहीं देख रहे हैं, बल्कि हमने उसे इस जगह पर इसलिए रखा है कि क्योंकि वह हमारे सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक है।

# नंबर वन रैंकिंग टेनिस की अगली पीढ़ी को प्रेरित करेगी : बोपन्ना

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**रोहन** बोपन्ना को लगता है कि करियर के अंतिम पड़ाव में उनका युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचना भारतीय टेनिस के लिए इस समय प्रेरणादायी रहेगा, क्योंकि इस समय वह खराब दौर से जूझता दिख रहा है ।

बोपन्ना (43 वर्ष) बुधवार को आस्ट्रेलयाई खिलाड़ी मैथ्यू इबडेन के साथ ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद पुरुष युगल की नंबर एक रैंकिंग हासिल करने वाले उम्रदराज टेनिस खिलाड़ी बन जाएंगे। करियर की सर्वश्रेष्ठ तीसरी रैंकिंग से टूर्नामेंट में प्रवेश करने वाले बोपन्ना और इबडेन ने एक घंटे 46 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल में अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेज और आंद्रेस मोल्टेनी की छठी वरीय जोड़ी पर 6-4, 7-6 की आसान जीत दर्ज की।

बोपन्ना टूर्नामेंट के समाप्त होने के बाद सोमवार को युगल विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच जाएंगे। बोपन्ना ने मेलबर्न से पीटीआई से इंटरव्यू में कहा कि यह उपलब्धि सिर्फ मेरे लिए ही नहीं, बल्कि भारतीय टेनिस के लिए भी काफी अहमियत रखती है। अगली पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए आपको किसी चीज की जरूरत होती है। सुमित नागल का भी ऑस्ट्रेलियाई ओपन शानदार रहा। उसने एक दौर का मैच जीता। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि इतनी सारी कुर्बानियों के बाद मिली है।



### दानिल मेदवेदेव और डायना यास्त्रेम्स्का ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में

**मेलबर्न।** रूस के दानिल मेदवेदेव ने नौवीं वरीयता प्राप्त हुबर्ट हुरकाज को करीब साढ़े चार घंटे तक चले मुकाबले में 7-6, 2-6, 6-3, 5-7, 6-4 से हराकर चार साल में तीसरी बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली। करीब चार घंटे तक चले मैराथन मुकाबले में मेदवेदेव ने हुरकाज की वापसी के हर प्रयास को नाकाम कर दिया। अब उनका सामना विम्बलडन चैंपियन कार्लोस अलकाराज या ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। अमेरिकी ओपन 2021 चैंपियन मेदवेदेव दो बार यहां उपविजेता रह चुके हैं। इससे पहले यूक्रेन की डायना यास्त्रेम्स्का ने लिंडा नोस्कोवा को हराकर महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया और वह पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के अंतिम चार में पहुंची है। यूक्रेन की 93वीं रैंकवाली डायना ने क्वालीफायर के जरिये मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया था। अब वह 12वीं रैंकिंग वाली झेंग किंवेन या अन्ना कालिंस्काया से खेलेंगी। वह 1978 में क्रिस्टीन स्टोरी के बाद ओपन युग में ऑस्ट्रेलियाई ओपन महिला एकल के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी क्वालीफायर है। नोस्कोवा ने क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की राह में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक को मात दी थी।

## वर्ल्ड न्यूज

### बारामती एग्रो घोटाला में की शरद पवार के पौत्र से पूछताछ

**मुंबई।** बारामती एग्रो घोटाला मामले में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता शरद पवार के पौत्र रोहित पवार से पूछताछ की। बुधवार सुबह ही ईडी ऑफिस जाने से पहले रोहित पवार ने अपने दादा पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार से मुलाकात की। इसके बाद रोहित पवार सुप्रिया सुले के साथ ईडी दफ्तर पहुंचे। रोहित पवार ने पत्रकारों को बताया कि कर नहीं तो डर नहीं। ईडी को पूरा सहयोग करेंगे, वे भागेंगे नहीं। मौके पर राकांपा सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि सत्यमेव जयते। सुप्रिया सुले ने कहा कि संसद का डाटा बताता है कि 95 फीसदी मामले सिर्फ विरोधी पक्ष के लोगों पर ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग की ओर से दर्ज किए गए हैं। विपक्ष पर इस समय संकट का काल चल रहा है, लेकिन हम इसका सामना करेंगे।



### रिश्वतखोरी मामला: रेलवे के सात कर्मियों पर केस दर्ज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने उत्तर पूर्व सीमांत रेलवे की परियोजनाओं में 60 करोड़ रुपए की रिश्वतखोरी के एक मामले में रेलवे के सात कर्मचारियों और निजी कंपनी भरतिया इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सीबीआई ने प्राथमिकी में आरोपियों के तौर पर उप मुख्य अभियंता (निर्माण) रामपाल, तत्कालीन उप मुख्य अभियंताओं जितेंद्र झा और बीयू लस्कर और तत्कालीन वरिष्ठ अधीक्षण अभियंताओं रितुराज गोगोई, धीरज भागवत, मनोज सैकिया तथा मिथुन दास के साथ भरतिया इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के नाम शामिल किए हैं।

### ऋतिक रोशन की 'फाइटर' फिल्म खाड़ी के देशों में बैन

**मुंबई।** ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फिल्म 'फाइटर' इस वक्त चर्चा में है। इस फिल्म का ट्रेलर कुछ दिन पहले ही रिलीज हुआ था। ट्रेलर को दर्शकों से शानदार रिस्पांस मिला। इतना ही नहीं इस फिल्म के गानों ने भी दर्शकों को दीवाना बना दिया है। फिल्म 25 जनवरी रिलीज हो रही है। हालांकि, प्रदर्शनी से एक दिन पहले फिल्म 'फाइटर' के निर्माताओं को बड़ा झटका लगा है। फिल्म को खाड़ी देशों में बैन कर दिया गया है। यूएई को छोड़कर सभी खाड़ी देशों में 'फाइटर' के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।



### गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर जम्मू-कश्मीर में अलर्ट

**श्रीनगर।** कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) विधि कुमार बिरधी ने कहा कि सुरक्षित गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान जम्मू-कश्मीर पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां किसी भी संभावित घटना से निपटने के लिए हाई अलर्ट पर हैं। बख्शी स्टेडियम श्रीनगर में फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान आईजीपी ने श्रीनगर और आसपास के इलाकों में अच्छी तरह से समन्वित सुरक्षा व्यवस्था पर जोर दिया। गणतंत्र दिवस उत्सव के सुचारू संचालन के लिए पूरा सुरक्षा ग्रिड सतर्क रहेगा। श्रीनगर जिले और आसपास के अन्य इलाकों में सुरक्षा के अच्छे इंतजाम हैं।

### मणिपुर में 200 लोग हिरासत में

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने राज्य के विभिन्न जिलों के संवेदनशील व दुर्गम इलाकों में सघन छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया। अभियान में भारतीय दंड संहिता (संशोधित भारतीय न्याय संहिता) की अलग-अलग धाराओं के उल्लंघन के सिलसिले में 200 लोगों को हिरासत में लिया। संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों को व्यापक पैमाने पर तैनात किया गया है। पुलिस ने बताया कि पहाड़ी और घाटी दोनों में मणिपुर के विभिन्न जिलों में 141 नाके और जांच चौकियां स्थापित की गई हैं।

### कपिल वधावन को झटका जमानत आदेश निरस्त

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने डीएचएफल के 34 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के फर्जीवाड़े मामले में कपिल वधावन को ट्रायल कोर्ट से मिली वैधानिक जमानत के आदेश को निरस्त कर दिया। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि हाई कोर्ट और ट्रायल कोर्ट ने अपने फैसले में गलती की। सीबीआई ने वधावन को इस मामले में ट्रायल कोर्ट से मिली जमानत के आदेश पर रोक लगाने की मांग की थी।



### आग लगने से 39 लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन में आग लगने का बड़ा हादसा हो गया है। आग लगने से 39 लोगों की मौत हुई है। एपी की रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय सरकार का कहना है कि चीन के दक्षिणपूर्वी जियांग्शी प्रांत में आग लगने से कम से कम 39 लोगों की मौत हो गई।

# असम राइफल्स के जवान ने चलाई गोली, दो की मौत

**▶ पांच को किया घायल और खुद को भी गोली से उड़ाया**

**एजेंसी, इंफाल**

हिंसाग्रस्त मणिपुर में ड्यूटी पर तैनात 15 असम राइफल्स के जवान ने अपने साथियों पर अंधाधुंध गोली चलाईं। इसमें दो जवानों की मौत हो गई, जबकि पांच जवान घायल हुए हैं। घायलों का इलाज जारी है और सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है। यह घटना मणिपुर के चंदेल जिले में मंगलवार देर रात साजिक तंपाक इलाके में हुई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। हालांकि, असम राइफल्स ने दो जवानों की मौत की पुष्टि अभी तक नहीं की है। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार और बुधवार की मध्यरात्रि को रानाटॉप पोस्ट पर तैनात 15 असम राइफल्स के एक जवान हवलदार सांगपी बाइट ने कई गोलियां चलाईं। सूत्रों के मुताबिक, अपने सहकर्मियों को गोली मारने से पहले शिविर स्थल पर उनके बीच तीखी बहस हुई थी। बहस के दौरान अचानक उसने अपने साथियों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इसमें असम राइफल्स के पांच जवान गोली लगने से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि दो जवानों ने दम तोड़ दिया।

### लड़ाकू सुखोई, जगुआर और हरक्युलिस सी-130-जे ने दिखाई भारत की ताकत

# वायुसेना ने फ्रांस और यूएई के साथ किया 'डेजर्ट नाइट' अभ्यास

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वायुसेना ने भारत में स्थित अपने ठिकानों से फ्रांस और यूएई के साथ अरब सागर के ऊपर अभ्यास 'डेजर्ट नाइट' में हिस्सा लिया। फ्रांसीसी भागीदारी में राफेल लड़ाकू विमान और एक मल्टी रोल टैंकर ट्रांसपोर्ट शामिल थे, जबकि यूएई वायुसेना ने एफ-16 को हवाई अभ्यास में उतारा। भारत की ओर से लड़ाकू सुखोई, जगुआर और हरक्युलिस सी-130-जे ने दोनों विदेशी वायु सेनाओं के सामने अपनी ताकत दिखाई।

विंग कमांडर आशीष मोघे ने बताया कि भारतीय वायु सेना ने फ्रांसीसी वायु और अंतरिक्ष बल और संयुक्त अरब अमीरात वायु सेनाओं के साथ अरब सागर के ऊपर हवाई अभ्यास 'डेजर्ट नाइट' किया।

**तीनों वायु सेनाओं के बीच तालमेल और अंतरसंचालन बढ़ाने पर फोकस:** अभ्यास में फ्रांस के राफेल लड़ाकू विमान और एक मल्टी रोल टैंकर ट्रांसपोर्ट विमान शामिल हुआ, जबकि यूएई की वायु सेना एफ-16 के साथ अभ्यास में हिस्सा लिया। यह सभी विमान संयुक्त अरब अमीरात के अल धफरा हवाई अड्डे से संचालित हुए। दूसरी तरफ भारतीय वायु सेना के विमान भारत के भीतर के ठिकानों से

**▶ फ्रांस और यूएई के साथ अरब सागर के पास हुए हवाई अभ्यास में दिखा तालमेल**



संचालित किए गए। भारत की ओर से लड़ाकू सुखोई-30 एमकेआई, मिग-29, जगुआर, अवाक्स, हरक्युलिस सी-130-जे और एयर टू एयर रिफ्यूलर विमान शामिल हुए। एक्सरसाइज 'डेजर्ट नाइट' का मुख्य फोकस तीनों वायु सेनाओं के बीच तालमेल और अंतरसंचालन बढ़ाने पर था।

अभ्यास के दौरान हुई बातचीत से प्रतिभागियों के बीच परिचालन ज्ञान, अनुभव और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान का मौका मिला। इस तरह के अभ्यास भारतीय वायुसेना की शक्ति को प्रदर्शित करने के अलावा क्षेत्र में बढ़ती राजनयिक और सैन्य बातचीत का संकेत देते हैं।

# असम के सीएम को पीएम मोदी रिमोट से कंट्रोल करते हैं: राहुल गांधी

## कांग्रेस नेता असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा पर हुए हमलावर

**एजेंसी, गुवाहाटी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह रिमोट से कंट्रोल करते हैं। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान उन्होंने बीजेपी पर नफरत फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, बीजेपी ने हमारी यात्रा के दौरान हिंसा की, लेकिन हम हिंसा नहीं करेंगे। हिंसा को हिंसा से नहीं काटा जा सकता है, हिंसा को सिर्फ मोहब्बत से काटा जा सकता है। असम मोहब्बत और भाईचारा का प्रदेश है। उन्होंने एक बार फिर असम के मुख्यमंत्री को देश का सबसे भ्रष्ट सीएम होने का आरोप लगाते हुए कहा, देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री असम का है। आप का मुख्यमंत्री आपसे हर चीज में पैसे लेता है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' इन दिनों असम से होकर गुजर रही है, लेकिन पिछले दो दिनों से यहां टकराव की स्थिति बनती नजर आ रही है। यात्रा का अगला पड़ाव पश्चिम बंगाल है।




### 25 केस और लगा दो, मैं नहीं डरता

**बारपेटा** में राहुल गांधी ने कहा कि वह एफआईआर से डरते नहीं है। दरअसल असम सरकार ने राहुल गांधी समेत कुछ कांग्रेस नेताओं पर गुवाहाटी में भीड़ को भड़काने और सरकारी प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाने के मामले में एफआईआर दर्ज की है। राहुल गांधी ने यात्रा के दौरान कहा, पता नहीं कहां से उनके (हिमंत बिस्वा सरमा के) के दिमाग में आ गया कि वो राहुल गांधी को डरा सकते हैं। जितने केस लगाने हैं लगा दीजिए, में नहीं डरता, 25 केस लगाए है, 25 और लगा दीजिए।

### लोकसभा चुनाव के बाद राहुल गांधी को कराएंगे गिरफ्तार : हिमंत बिस्वा सरमा

**गुवाहाटी।** लोकसभा चुनाव 2024 से पहले 'भारत जोड़ो न्याय' यात्रा पर निकले राहुल गांधी की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। असम के गुवाहाटी में पुलिस के साथ कांग्रेस समर्थकों के कथित झड़प के बाद राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल और कन्हैया कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई। उन पर पुलिस के साथ हिंसा, उकसावे और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप है। अब असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा है कि वो लोकसभा चुनावों के बाद राहुल गांधी की गिरफ्तारी सुनिश्चित करेंगे। सरमा ने कहा, अगर हम अब कार्रवाई करते हैं, तो वे इसे राजनीतिक कदम कहेंगे। हिमंत बिस्वा सरमा ने इस दौरान उन मंदिरों के नाम भी गिनाए, जिनका दौरा राहुल गांधी ने अपनी यात्रा में नहीं किया था। इसमें असम का प्रसिद्ध कामाख्या मंदिर भी है। सरमा ने कहा कि कांग्रेस का एकमात्र लक्ष्य विवाद शुरू करना है।

# देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी 'अमृत पीढ़ी' : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 'जेनरेशन जेड' को 'अमृत पीढ़ी' की संज्ञा देते हुए कहा कि भारत की 'अमृत पीढ़ी' देश को अमृतकाल में नई ऊंचाई पर ले जाएगी। उन्होंने कहा कि 'राष्ट्र प्रथम' आपका गाइडिंग प्रिंसिपल होना चाहिए। 'जेनरेशन जेड' में 1996 से 2010 के बीच पैदा हुए युवा शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने अपने आवास पर गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल होने वाले राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) वॉलंटियर्स को संबोधित कर रहे थे।



मोदी ने युवाओं को जीवन में अनुशासन का महत्व समझाते हुए उसे मोटिवेशन का मंत्र बनाने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपकी पीढ़ी को आपके शब्दों में 'जेनरेशन जेड' कहा जाता है, लेकिन मैं आपको 'अमृत पीढी' मानता हूं। आप वो लोग हैं, जिनकी ऊर्जा अमृतकाल में देश को गति देगी। जो करना है वो देश के लिए करना है। राष्ट्र प्रथम-आपका गाइडिंग प्रिंसिपल होना चाहिए। अपने जीवन में कभी भी विफलता से परेशान नहीं होना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आप सभी जानते हैं कि भारत ने 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प लिया है। अगले 25 साल आपके और देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। हमारा संकल्प है कि आपकी अमृत पीढ़ी का हर सपना पूरा हो।

### गणतंत्र दिवस की परेड देश की नारीशक्ति को समर्पित

**पीएम मोदी** ने कहा कि पहली बार गणतंत्र दिवस की परेड देश की नारीशक्ति को समर्पित है। मोदी ने कहा कि आज 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' है, आज बेटियों के साहस, जज्बे और उनकी उपलब्धियों का गुणगान करने का दिन है। बेटियों में समाज और देश को बेहतर बनाने की क्षमता होती है। इतिहास के अलग-अलग दौर में भारत की बेटियों ने अपने फौलादी इरादों और समर्पण की भावना से कई बड़े परिवर्तनों की नींव रखी है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न देने की घोषणा का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ने एक बड़ा निर्णय लिया है।

# बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही कन्नड़ फिल्मों में आएगी नजर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बॉलीवुड में अभिनेत्री नोरा फतेही अपने डांस मूव्स और कातिल अदाओं के लिए मशहूर है। नोरा के लिए नया साल कई सारी खुशियां लेकर आया है। बॉलीवुड और तेलुगु फिल्म करने के बाद अब अभिनेत्री ने पहली कन्नड़ फिल्म साइन की है। केवीएन प्रोडक्शन ने दो फिल्मों के लिए नोरा को साइन किया है। नोरा पहली बार किसी कन्नड़ फिल्म में काम करने को लेकर काफी उत्साहित हैं। बॉलीवुड में अपने डांस के दम पर मुकाम हासिल करने वाली नोरा अब किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। नोरा ने अपने डांस नंबर के दम पर कई फिल्मों को हिट कराया है। नोरा की पहली कन्नड़ फिल्म का नाम 'केडी-द डेविल' है। इस फिल्म में नोरा के साथ बॉलीवुड के दिग्गज स्टार संजय दत्त भी नजर आने वाले हैं। इतना ही नहीं फिल्म में संजय नोरा के साथ डांस करते हुए दिखाई देंगे। संजय दत्त के अलावा, शिल्पा शेट्टी और विजय सेतुपति भी नोरा फतेही की इस कन्नड़ फिल्म का हिस्सा हो सकते हैं।

नोरा फतेही ने मीडिया से कहा कि मैं बता नहीं सकती हूं कि मैं कितनी खुश हूं। मैं पहली बार एक नहीं दो-दो कन्नड़ फिल्में कर रही हूं। इन फिल्मों की बदलौत मुझे कर्नाटक की परंपरा और कन्नड़ फिल्मों के दर्शकों से जुड़ने का मौका मिलेगा। मैं इस इंडस्ट्री का हिस्सा बनकर बेहद उत्साहित महसूस कर रही हूं। नोरा के अलावा केवीएन प्रोडक्शन टीम के हेड मोहन सुप्रीत ने बताया कि नोरा में एक अलग किस्म की ऊर्जा है, जो उन्हें बाकियों से अलग करती है। मुझे यकीन है उनके होने से ये फिल्म काफी अलग और सुंदर बनेगी।



# अयोध्या में रामलला के दर्शन को भक्तों की उमड़ी भीड़, योगी ने की संयम बरतने की अपील

**एजेंसी, अयोध्या**

श्रीराम मंदिर में बुधवार को भी रामभक्तों में प्रभु श्रीराम का दिव्य दर्शन करने का जबरदस्त उत्साह है। मंगला आरती के साथ ही दर्शन निरंतर जारी है। प्रमुख सचिव संजय प्रसाद, डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार और स्थानीय अधिकारियों ने व्यवस्था संभाली हुई हे। मंगलवार के मुकाबले बुधवार को भीड़ सामान्य है। शासन से भेजे गए अधिकारियों की रणनीति रंग लाई है। गर्भगृह में मौजूद वरिष्ठ अधिकारी सुबह से ही श्रद्धालुओं को व्यवस्थित तरीके से लाइन में लगाकर दर्शन करा रहे हैं। श्रद्धालु जय श्रीराम का नारा लगाते बढ़ते जा रहे हैं। अयोध्या में उमड़े लाखों श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्राउंड जीरो पर खुद कमान संभाल रखी है। मुख्यमंत्री ने देश के हर कोने से आ रहे श्रद्धालुओं से संयम और सहयोग की अपील की है। आस्थावानों की भावना का सम्मान करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में उमड़े जनसमुद्र के बीच सबको रामलला के दर्शन हों, इसके लिए संयम बनाए रखें। ऐसे में सभी लोग श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास, स्थानीय पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों का सहयोग करें। चौंकाने वाला था मंदिर के बाहर का दृश्य प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंगलवार को जब मंदिर के पट खुले तो परिसर के बाहर का दृश्य प्रशासन को चौंकाने वाला था। लाखों की संख्या में श्रद्धालु रामलला की चौखट पर खड़े थे। उल्लास से परिपूर्ण रामभक्तों को रोकने में सुरक्षाकर्मियों के भी पसीने छूट गए। सुरक्षा तंत्र की तैयारी धरी की धरी रह गई थी।





### इंदौर-अयोध्या के बीच 10 फरवरी से चलेगी साप्ताहिक ट्रेन

**इंदौर।** अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद इंदौरवासियों को नई सौगात मिली है। रेलवे की ओर से इंदौर से अयोध्या के बीच साप्ताहित स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। रेलवे ने इस ट्रेन का शेड्यूल जारी कर दिया है। इंदौर-अयोध्या-इंदौर आस्था स्पेशल ट्रेन सप्ताह में एक दिन चलेगी। यह 23 घंटे 10 मिनट में इंदौर से अयोध्या पहुंचाएगी। नई ट्रेन के लिए सिर्फ एक ही रैक मिला है। यानी यही ट्रेन आना-जाना दोनों करेंगी।

# मुंबई से रामलला के लिए आया सोने-पीतल से निर्मित खड़ग

**एजेंसी, अयोध्या**

रामलला के लिए देश दुनिया से उपहार के आने का सिलसिला लगातार जारी है। प्राचीन अस्त्र शस्त्रों के निर्माता निलेश अरुण अपने साथियों के साथ बुधवार को मुंबई से नंदक खड़ग लेकर अयोध्या पहुंचे और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सोने से निर्मित नंदक खड़ग को भेंट किया।



### 80 किलो वजन, सोने -पीतल से बना

**उल्लेखनीय** है कि निलेश अरुण के पूर्वज छत्रपति शिवाजी महाराज की सेना के लिए हथियारों का निर्माण किया करते थे। नंदन खड़ग सात फुट तीन इंच का है। इसका वजन 80 किलो है। इसे पीतल और सोने से बनाया गया है। उन्होंने बताया कि श्री रामजी के प्रति हमारी श्रद्धा है, जिसके कारण हमने नंदन खड़ग का निर्माण किया है।

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

(25 जनवरी, 2024)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत** :1945 (शोभकृत), **मास :** पौष, **तिथि** : पूर्णिमा 11:26 रात्रि तक, **नक्षत्र :** पुनर्वस (08:17 सुबह तक), **पक्ष :** शुक्ल, **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:12-12:54 रात्रि तक)
**राहुकाल :** 01:53-03:13 शाम तक।

## विशेष दिन

- 25 जनवरी 2024 पौष पूर्णिमा आज।
- 25 जनवरी 2024 शाकम्भरी जयंती आज।
- 26 जनवरी 2024 भारतीय गणतंत्र दिवस कल।

सूर्योदय : 07:12
सूर्यास्त : 05:54

**मेष :** किसी के बहकावे में आकर बना काम बिगाड़ लेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय संघर्ष पूर्ण है। धन का दुरुपयोग न करें। जीवनसाथी का साथ आगे बढ़ने में मदद करेगा।

**वृषभ :** व्यवसाय में आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ेगा। विरोधी आप को नीचा दिखाने का हरसंभव प्रयास करेंगे। जो लोग कभी आप को अपना आदर्श मानते थे, वे ही आज आप के किये कार्यों में खामी निकालेंगे।

**मिथुन :** नौकरीपेशा जातकों को कुछ अतिरिक्त जिम्मेदारी दी जा सकती है। आप अपना काम करते हुए आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। समय अनुकूल है, जितना पैसा कमा सकते हैं कमा लो।

**कर्क :** समय के साथ हो रहे बदलाव के कारण तनाव बढ़ेगा। कई महत्वपूर्ण कार्य रुकने के कारण परेशानी बढ़ सकती है। परिवार में हो रही अनदेखी से नाराज रहेंगे। संतान का साथ मन को उत्साहित करेगा।

**सिंह:** जिन लोगों से आपने वादा किया था वह निभाने का वक्त आ गया है। पारिवारिक कार्यक्रमों में बड़ा खर्च होगा। अपने वर्चस्व को कायम रखने के लिए फिजूल खर्च होगा। कान से संबंधित पीड़ा संभव है।

**कन्या :** राजनीति में आने का मन हो रहा है। जो भी करें विचार और गहन चिंतन के बाद निर्णय लें। पारिवारिक जनों से मनमुटाव होगा। मांगलिक कार्यों पर धन खर्च होगा। वाहन मशीनरी का प्रयोग सतर्कता से करें।

**तुला :** विद्यार्थियों के लिए बेहतर समय है। यदि किसी बड़ी प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे हैं, तो सफलता की संभावना बहुत अधिक है। समय रहते जरूरी कार्य पूरे करें। अपनी जिम्मेदारी निभाने में सफल होंगे।

**वृश्चिक:** जीवनसाथी के साथ सुखद यात्रा का योग भी बन रहा है। अपनी क्षमता को पहचाने और कार्य करें आप कर सकते हैं, फिर भी रुके हुए है। आत्मविश्वास की कमी के कारण कोई भी कार्य या फैसला लेने में पीछे रहेंगे।

**धनु:** यदि बहुत लंबे समय से संतान सुख से वंचित हैं, तो इससे बेहतर समय अभी और जल्दी नहीं आने वाला, जिसमें आप संतान प्राप्ति के लिए प्रयास कर सकते हैं। आप क्यों दूसरे के मामलों में दखल देते हैं।

**मकर :** धन के मामले में समय सामान्य है, आप नए कार्यों का प्रारम्भ कर सकते हैं। सोचे कार्य समय पर होंगे। कार्यस्थल पर अनुकूल वातावरण मिलेगा। अधिकारी आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

**कुंभ :** यात्रा में थोड़ी सावधानी बरतें। धन तथा कीमती सामानों को सुरक्षित रखें। आकस्मिक आये कार्यों की अधिकता से व्यस्त रहेंगे। संतों का सान्निध्य प्राप्त होगा। मकान की मरम्मत पर धन लगेगा।

**मीन :** न्यायालय संबंधित मामले अभी थोड़ा लम्बा चल सकते हैं। मनमर्जी न करें। हालात को समझें फिर फैसले करें। संतान के व्यवहार पारिवारिक माहौल बिगड़ सकता है।

**आत्मनिर्भर** — तीनों सेनाओं को आत्मनिर्भर बनाने में डीआरडीओ की महिला वैज्ञानिकों का अहम योगदान रहा

# डीआरडीओ कर्तव्य पथ पर दिखाएगा 'नारी शक्ति'




**एजेंसी, नई दिल्ली**

गणतंत्र दिवस परेड के दौरान कर्तव्य पथ पर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) नारी शक्ति और महत्वपूर्ण प्रणालियों और प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करेगा। इस बार डीआरडीओ की झांकी भूमि, वायु, समुद्र, साइबर और अंतरिक्ष जैसे सभी पांच आयामों में रक्षा कवच प्रदान करके राष्ट्र की रक्षा करने में महिला शक्ति पर आधारित है। देश की तीनों सेनाओं को 'आत्मनिर्भर' बनाने में डीआरडीओ की महिला वैज्ञानिकों का भी बहुमूल्य योगदान रहा है। झांकी में रक्षा अनुसंधान एवं विकास में महिलाओं की भागीदारी को प्रमुखता से उजागर किया जाएगा। उत्कृष्ट वैज्ञानिक सुनीता देवी जेना आकस्मिक कमांडर होंगी।

### झांकी में मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल होगी प्रदर्शित

**झांकी** में मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल प्रदर्शित की गई है। इसके अलावा एंटी सैटेलाइट मिसाइल और सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5, बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली, नौसेना एंटी-शिप मिसाइल शॉर्ट रेंज (एनएएसएम-एसआर), एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल 'हेलिना', त्वरित प्रतिक्रिया सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (क्यूआरएसएएम) एस्ट्रा, हल्का लड़ाकू विमान 'तेजस', 'उत्तम' सक्रिय इलेक्ट्रॉनिक स्कैंड ऐरे राडार, उन्नत इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली 'शक्ति', साइबर सुरक्षा प्रणाली, कमांड कंट्रोल सिस्टम और सेमी कंडक्टर फैब्रिकेशन सुविधा का प्रदर्शन किया जाएगा।

### लक्ष्य पर हमला करने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल

**मिशन शक्ति** में इस्तेमाल की गई एंटी सैटेलाइट मिसाइल देश की एंटी-सैटेलाइट तकनीक और सटीक स्ट्राइक क्षमता का प्रदर्शन करने में बड़ी सफलता थी। भारत ऐसी विशिष्ट और आधुनिक क्षमता हासिल करने वाला चौथा देश है। अग्नि-5 सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल है, जो उच्च स्तर की सटीकता के साथ लक्ष्य पर हमला करने में सक्षम है। क्यूआरएसएएम हर मौसम में काम करने वाली वायु रक्षा प्रणाली है, जो सामरिक युद्ध क्षेत्र में भारतीय सेना के हथियारों की हवाई सुरक्षा करती है। एस्ट्रा, दृश्य सीमा से परे हवा से हवा में मार करने वाली एक अत्याधुनिक मिसाइल है, जो अत्यधिक पैंतरेबाजी वाले सुपरसोनिक हवाई लक्ष्यों को भेदने और नष्ट करने में सक्षम है।